रांची एवं डालटनगंज (मेदिनीनगर) से एक साथ प्रकाशित

ईश्वर में हमारा विश्वास

# राष्ट्रीय नवीन मेल

सत्यमेव जयते

हर पक्ष की खबर | हर पक्ष पर नजर

अश्विन शुक्ल पक्ष 13, संवत 2081 | रांची, मंगलवार, 15 अक्टूबर 2024, वर्ष-25, अंक- 251, पृष्ठ-12 ₹3.00 रजिस्ट्रेशन नं: BIHHIN/1999/155 | www.rastriyanaveenmail.com




PR No. 338911(IPRD) 2024-25

सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, झारखण्ड सरकार

## रांची से गोरखपुर के लिए मिली नई ट्रेन

**रांची।** केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ के प्रयास से रांची को एक नई ट्रेन का सौगात मिला है । रांची से गोरखपुर के लिए साप्ताहिक ट्रेन की शुरूआत जो मंगलवार से प्रारंभ हो रही है। यह साप्ताहिक ट्रेन गोरखपुर के लिए रांची से शुक्रवार को खुलेगी और गोरखपुर से रांची के लिए शनिवार को चलेगी। केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं रेल मंत्री अश्वनी वैष्णव के प्रति आभार प्रकट किया है। इस नई ट्रेन का शुभारंभ कल केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ जी के द्वारा ऑनलाइन दिल्ली से हरी झंडी दिखाकर ट्रेन रवाना किया जाएगा। कार्यक्रम का आयोजन आज को दिन के 11:30 बजे रांची रेलवे स्टेशन पर किया जायेगा।

# मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन पहुंचे रिम्स

*चतरा सांसद कालीचरण सिंह के स्वास्थ्य की ली जानकारी*

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन सोमवार को राज्य के सबसे बड़े सरकारी अस्पताल रिम्स पहुंचे। उन्होंने चतरा के सांसद कालीचरण सिंह और गुवा गोलीकांड के शहीद के वंशज दुरगुरिया सिरका से मुलाकात की और उनके स्वास्थ्य की जानकारी ली। इस दौरान मुख्यमंत्री ने रिम्स प्रबंधन को मरीजों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराने का निर्देश दिया।

झारखंड के सीएम हेमंत सोरेन ने रिम्स के कार्डियोलॉजी डिपार्टमेंट में इलाजरत चतरा के सांसद कालीचरण सिंह के स्वास्थ्य की जानकारी ली और उनसे बातचीत कर उनका कुशलक्षेम



जाना। मुख्यमंत्री ने चतरा सांसद के जल्द स्वस्थ होने की कामना की। चतरा सांसद कालीचरण सिंह की तबीयत बिगड़ने के बाद उन्हें रांची के रिम्स रेफर किया गया था।

**गुवा गोलीकांड के शहीद के वंशज के स्वास्थ्य की भी ली जानकारी**

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने रिम्स के पेइंग वार्ड में भर्ती गुवा गोलीकांड के शहीद के वंशज (पश्चिमी सिंहभूम जिले के नुवामुंडी निवासी) दुरगुरिया सिरका के स्वास्थ्य की भी जानकारी ली और उनसे बातचीत कर उनका हालचाल जाना। मुख्यमंत्री ने गुवा गोलीकांड के शहीद के वंशज दुरगुरिया सिरका के जल्द स्वस्थ होने की कामना की।

**रिम्स प्रबंधन को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराने का निर्देश**

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने रिम्स में इलाजरत अन्य मरीजों से भी मुलाकात की और उनका कुशलक्षेम पूछा। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों से कहा कि रिम्स प्रबंधन पूरी तत्परता और प्रतिबद्धता के साथ मरीजों को गुणवत्तापूर्ण चिकित्सा सेवा उपलब्ध कराए। सीएम ने उपस्थित चिकित्सकों को सभी मरीजों का बेहतर इलाज एवं जरूरी स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराने का निर्देश दिया।

# बाबूलाल ने सीएम से पूछे 5 सवाल

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष



बाबूलाल मरांडी ने सोमवार को मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से कई सवाल किए हैं। उन्होंने राज्य में जमीन घोटाले से जुड़े वकील सुजीत कुमार, जमीन कारोबारी संजीव पांडेय और कुछ अंचल अधिकारियों के संदर्भ में कुछ सवाल पूछा है।

**मरांडी के सवाल**

- क्या यह सच है कि सुजीत कुमार को पिछले सात दिनों से बिना किसी कानूनी प्रक्रिया के रांची पुलिस ने हिरासत में रखा है और मामले को दबाने की कोशिश हो रही है? यदि यह सच नहीं है, तो जब मैंने कुछ दिन पहले यह सवाल उठाया था तो रांची पुलिस की ओर से कोई खंडन क्यों नहीं आया?
- अब तक की जानकारी के अनुसार, यह सामने आया है कि अंचल अधिकारियों ने करोड़ों रुपये इस दलाल वकील को दिए हैं। तो सवाल उठता है कि अंचल अधिकारियों के पास इतनी बड़ी राशि आई कहां से? क्या यह मेरे द्वारा उठाए गए आरोपों की पुष्टि नहीं करता कि झारखंड में खासकर राजधानी रांची में अरबों का जमीन घोटाला हुआ है?
- यदि अंचल अधिकारियों ने केस मैनेज करने के नाम पर करोड़ों रुपये एक दलाल को दिए, तो आपकी सरकार ने अब तक किसी अंचल अधिकारी को गिरफ्तार क्यों नहीं किया?
- क्या वजह है कि रांची पुलिस द्वारा सात दिनों तक मामले को गोल-गोल घुमाने के बाद अब इसे सीआईडी या एसीबी को सौंपने की तैयारी हो रही है ताकि मामले को आराम से लबें समय तक लटकाया-भटकाया जा सके? क्या यह सही नहीं है कि इस पूरे मामले को एक नया मोड़ देकर दोषी बेईमान अफसरों को बचा लेने की साजिश रची जा रही है?
- आप सीएम हैं, गृह मंत्रालय आपके पास है। इतने बड़े घोटाले के मामले में आपकी खामोशी को कैसे समझा जाए?

## हरियाणा की तरह झारखंड में भी मुंह की खाएगा इंडी गठबंधन : हिमंता

**रांची।** झारखंड के चुनाव सह प्रभारी हिमंता बिस्वा सरमा ने कहा कि हमारी कोशिश है कि जो पुराने साथी भारतीय जनता पार्टी छोड़कर गए थे, लेकिन उनका मन और दिल पार्टी से जुड़ा था, सभी की घर वापसी हो। इस दौरान नए साथी को भी जोड़ा जाए। श्री सरमा प्रदेश भाजपा कार्यालय में मीडिया से सोमवार को बातचीत कर रहे थे। श्री सरमा ने कहा कि हरियाणा में भारतीय जनता पार्टी ने मां-बहनों को 2100 महीना देने की घोषणा की थी। पहले कांग्रेस ने 2000 देने की बात कही थी। भारतीय जनता पार्टी के 2100 घोषणा करने के बाद कांग्रेस ने उसे बढ़ाकर ₹6000 देने का ऐलान किया था। हालांकि हरियाणा की जनता ने मोदी जी के 2100 पर भरोसा किया। कांग्रेस के ₹6000 पर भरोसा नहीं किया। हरियाणा के लोगों ने कहा कि हमें पता है कि चुनाव खत्म होने के बाद कांग्रेस पैसा नहीं देगी। हालांकि मोदी जी ने जो घोषणा की है वह सौ फीसदी लागू होगा। उन्होंने कहा कि गोगो दीदी योजना में अब तक लाखों महिलाएं फॉर्म भर चुकी है। उनकी डाटा एंट्री हो चुकी है। पार्टी सबको जवाब भी दे रही है कि हमने जो घोषणा की है उसको निभाने के लिए कटिबद्ध



हैं। सरकार के शपथ लेते गोगो दीदी योजना लागू कर दी जाएगी। इसके लिए चार साल तक का इंतजार नहीं किया जाएगा। उन्होंने कहा कि हेमंत सरकार कैबिनेट में 2500 देने की मंजूरी दे देती है तो क्या होगा। कुछ ही दिन में चुनाव की घोषणा हो जाएगी। फिर महिलाओं को पैसा कहां से दे पाएंगे। यह तो लोगों को ठगने जैसा है। अगर हेमंत सरकार के पास संसाधन था और वह 2500 दे सकती थी तो 1000 से शुरूआत क्यों की। महिलाओं को क्यों ठगा। 1000 देने का सम्मान यात्रा क्यों निकाला। अगर हेमंत सरकार के पास महिलाओं को 2500 देने का संसाधन था तो 1000 ही क्यों दिया। क्यों ठगा। भारतीय जनता पार्टी की घोषणा करने के बाद वे हरकत में आए। इसलिए यह सब व्यवस्था ठगने वाली है। मोदी की गारंटी 100% है।

# जनता भाजपा नेतृत्व की सरकार बनाने के लिए तैयार : शिवराज

- *चुनाव प्रबंधन जीत की कुंजी है : बाबूलाल*
- *अपना श्रेष्ठ पार्टी को दें : सुनील कुमार सिंह*

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** भाजपा प्रदेश कार्यालय में प्रदेश अध्यक्ष एवम पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी की अध्यक्षता में सोमवार को विधानसभा चुनाव प्रबंधन समिति की बैठक हुई। बैठक को सम्बोधित करते हुए प्रदेश चुनाव प्रभारी एवं केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि प्रदेश की जनता भाजपा नेतृत्व की सरकार बनाने के लिए तैयार है। चुनाव प्रबंधन समिति के कार्यकर्ता को जनभावनाओं को धरातल पर उतारने की जिम्मेवारी है। उन्होंने कहा कि हम परिश्रम की पराकाष्ठा और प्रयत्नों की परिसीमा करें। कहा कि हमें अब चुनाव तक पूर्णकालिक कार्यकर्ता बनकर कार्य करना है। हम अपने में चुनाव जीतने की तड़प पैदा करें। प्रदेश अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी ने कहा कि चुनाव प्रबंधन ही चुनाव में जीत की कुंजी है। प्रबंधन समिति पूर्ण योजना और पूर्व





योजना पर कार्य करेगी तो सफलता हमारी झोली में होगी। उन्होंने कहा कि विभिन्न पर्व त्योहारों के बीच अब कार्यकताओं केलिए एक ही पर्व है वह है चुनाव पर्व। उन्होंने कहा कि चुनाव अभियान को व्यवस्थित तरीके से संचालित करके हमसब परिणाम को अनुकूल और सुखद बना सकते हैं। आज जनता भाजपा की ओर उम्मीद भरी नजरों से देख रही है। प्रबंधन समिति के संयोजक एवं पूर्व सांसद सुनील कुमार सिंह ने कहा कि प्रबंध समिति के कार्यकर्ताओं को अधिकार भाव से नही बल्कि उत्तरदायित्व भाव से कार्य करना है। पार्टी ने बड़ी जिम्मेवारी इस समिति को दी है। कहा कि हम सब अपना श्रेष्ठ पार्टी को दें तथा समन्वय के साथ जीत को सुनिश्चित करने में जुट जाएं। उन्होंने कहा कि प्रबंध समिति के 29 विभागों का एक ही लक्ष्य है विधानसभा चुनाव में पूर्ण बहुमत की भाजपा सरकार। श्री सिंह ने मीडिया से भी सकारात्मक सहयोग का अनुरोध किया।

बैठक का संचालन प्रदेश महामंत्री एवं सांसद आदित्य साहू ने किया। मनचस्थ पदाधिकारियों का स्वागत योगेंद्र प्रताप सिंह, अमरदीप यादव,चंद्रप्रकाश, नीरज सिंह, आदि ने किया। बैठक में केंद्रीय मंत्री एवं विधानसभा चुनाव प्रभारी शिवराज सिंह चौहान, सह प्रभारी एवं असम सरकार के मुख्यमंत्री हिमंता विस्वा सरमा, नेता प्रतिपक्ष अमर कुमार बाउरी, पूर्व केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा, क्षेत्रीय संगठन महामंत्री नागेंद्र त्रिपाठी, प्रदेश संगठन महामंत्री कर्मवीर सिंह प्रदेश महामंत्री एवं सांसद आदित्य साहू, डॉ प्रदीप वर्मा चुनाव प्रबंध समिति के संयोजक पूर्व सांसद सुनील कुमार सिंह, सह संयोजक एवं प्रदेश उपाध्यक्ष राकेश प्रसाद, विधायक बिरंची नारायण, सीमा शर्मा सहित समिति ने शामिल कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## न्यूज | बॉक्स

### मुड़मा मेला के लिए सीएम हेमंत सोरेन को किया गया आमंत्रित



**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से सोमवार झारखंड मंत्रालय में ऐतिहासिक राजी पाड़हा जतरा समिति, मुड़मा के एक प्रतिनिधिमंडल ने मुलाकात की। इस अवसर पर मुख्यमंत्री को प्रतिनिधिमंडल ने आगामी 18 एवं 19 अक्टूबर 2024 को 'राजकीय परंपरागत ऐतिहासिक पाड़हा जतरा समारोह (मुड़मा मेला)' के अवसर पर आयोजित पूजा में मुख्य अतिथि के रूप में सम्मिलित होने के लिए सादर आमंत्रित किया। मौके पर ऐतिहासिक राजी पाड़हा जतरा समिति, मुड़मा के मुख्य संयोजक धर्मगुरू बंधन तिग्गा, अध्यक्ष जगराम उरांव उपस्थित थे।

### मुफ्तखोरी को बढ़ावा देने में लगे हैं राजनीतिक दल : अमृतेश पाठक



**रांची।** रांची शहर नागरिक मंच के तत्वावधान में रातू रोड स्थित सरोवर नगर में बैठक हुई। बैठक की अध्यक्षता अमृतेश पाठक ने की। उन्होंने कहा कि झारखंड में राजनीतिक दलों द्वारा मुफ्तखोरी को बढ़ावा देने के लिए अनाप-शनाप घोषणाएं की जा रही है। लगभग सभी प्रमुख राजनीतिक दल अपनी-अपनी ओर से राजकीय कोष को लुटने और लुटाने को तैयार हैं। उन्होंने कहा कि टैक्स पेयर और आम जनता की गाढ़ी कमाई से जमा टैक्स का सदुपयोग करने के बजाय रेवड़ियां बांटी जा रही है। एक होड़ मची है कि कौन कितना ज्यादा लुटा सकता है। कोई यह बताने को तैयार नहीं है कि लुटाने के लिए पैसे किस प्रकार से और कहां से आ रहा है। किन किन योजनाओं की राशि काटी गई है। कौन कौन से विकास कार्य रोके जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि राजधानी रांची में आज तक बेहतर सड़क, 24 घंटे बिजली, शुद्ध पीने के पानी जैसी मूलभूत सुविधाओं से वंचित हैं। अव्यवस्थित शहरीकरण से बारिश में पूरा रांची डुबा रहता है। सरकारी स्कूलों और अस्पतालों को आज तक जनोपयोगी नहीं बनाया गया। एक भी बड़े उद्योग धंधे स्थापित नहीं हुए। बड़े तामझाम से बाहरी निवेश का दावा हवा हवाई साबित हुआ। ग्रामीण क्षेत्रों से लगातार पलायन हो रहा है। लोग रोजी रोजगार, शिक्षा और स्वास्थ्य के लिए बाहर निकल रहे हैं। खेतों को सिंचाई के लिए एक योजना धरातल पर नहीं उतरी। महिलाओं को प्रशिक्षित कर स्वालंबन और आत्म सम्मान से उपार्जन के उपाय करने की बजाय उन्हें मुफ्तखोर की संज्ञा दिलवा कर अपमानित किया जा रहा है। बैठक में तय हुआ कि राजनीतिक दलों की चालाकी से लोगों को अवगत कराया जाएगा। इसके लिए जनसंपर्क और जागरूकता अभियान चलाया जाएगा। राजनीतिक दलों के खिलाफ कोर्ट में जनहित याचिका दायर करेंगे। राज्य को लुटने और लुटाने से बचाने के लिए हस्ताक्षर होंगे अभियान चलाया जायेगा। बैठक में राजीव झा, राजकुमार वर्मा, सत्यप्रकाश मिश्र, अविनाश कुमार, किशोर महापात्र, अनिता कुमारी, रजनी रंजन आदि उपस्थित थे।

# सुकर रविदास और डॉ मंजू के योगदान से भाजपा होगी मजबूत : बाबूलाल मरांडी

- *जो साथी छोड़ गए, उन्हें साथ लाना है : हिमंता विस्वा सरमा*
- *केवल भाजपा ही महिला सशक्तीकरण के लिए संकल्पित और समर्पित : मंजू कुमारी*

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** भाजपा प्रदेश कार्यालय में सोमवार को मिलन कार्यक्रम का आयोजन हुआ। इसमें कांग्रेस की वरिष्ठ नेत्री व जमुआ विधानसभा क्षेत्र की पूर्व प्रत्याशी डॉ मंजू कुमारी ने अपने पिता एवं पूर्व विधायक सुकर रविदास व अपने सैकड़ों समर्थकों के साथ भाजपा की सदस्यता ग्रहण की। इस अवसर पर प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी, प्रदेश चुनाव सह प्रभारी व असम सरकार के मुख्यमंत्री हिमंता विस्वा सरमा ने पार्टी का पटका पहनाकर



स्वागत किया। प्रदेश अध्यक्ष एवम पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी ने कहा कि सुकर रविदास जनसंघ काल से पार्टी के नीतियों कार्यक्रमों से जुड़े रहे हैं। दो बार 1977 एवं 1995 में पार्टी का प्रतिनिधित्व किया। उन्होंने कहा कि यह परिवार भाजपा से जुड़ा परिवार है। पिता और पुत्री दोनो का पार्टी में शामिल होना एक प्रकार से घर वापसी है। कहा कि मंजू कुमारी की योग्यता, अनुभव एवं परिश्रम का लाभ पार्टी को मिलेगा। भाजपा क्षेत्र में और मजबूत होगी। हिमंता विश्व शरमा ने कहा कि झारखंड से भ्रष्ट और निकम्मी सरकार को हटाने, राज्य में सुशासन को स्थापित करने केलिए सबका साथ जरूरी है। उन्होंने कहा कि जो साथी छोड़ गए हैं उन्हें फिर से वापस लाकर झारखंड में नया सवेरा लाना है,विकसित झारखंड बनाना है। कहा कि झारखंड को कुशासन से मुक्त करवाने के लिए भाजपा सभी वर्गों, राज्य के शुभचिंतकों से सहयोग और समर्थन की अपेक्षा करती है। डॉ मंजू कुमारी ने कहा कि भाजपा महिला सशक्तिकरण केलिए संकल्पित और समर्पित है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व में आज देश की करोड़ों महिलाएं विकास की मुख्यधारा से जुड़ रही हैं। कहा कि जनधन खाता हो,शौचालय निर्माण हो, प्रधानमंत्री आवास हो या तीन तलाक की समाप्ति सभी ने महिलाओं को सुरक्षा प्रदान किया है। कहा कि भाजपा की पूर्ववर्ती सरकार भी प्रदेश में महिला कल्याण केलिए समर्पित रही है। कहा कि देश और प्रदेश का भला भाजपा ही कर सकती है, परिवारवादी सोच की पार्टियां नहीं। कार्यक्रम का संचालन प्रदेश मीडिया प्रभारी शिवपूजन पाठक ने किया। सदस्यता ग्रहण करने वालों में दीपक भारती, मोहन दास, कामेश्वर दास, जगदीश दास, संतोष वर्मा, मुनदेव दास, रंजित वर्मा, कामेश्वर शर्मा, दिवाकर वर्मा, संदीप वर्मा, हिमांशु गुप्ता आदि शामिल हैं।

झारखंड आंदोलनकारियों की विशेष बैठक आज

## आंदोलनकारियों के हाथों में झारखंड की सत्ता सौंपी जाए : डॉ सूरज मंडल

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** पूर्व सांसद डॉ सूरज मंडल ने कहा कि आगामी विधानसभा चुनाव आंदोलनकरियों के हाथों में झारखंड की सत्ता सौंपने की लड़ाई है जिसे जीतना बहुत जरूरी है। उन्होंने कहा कि झारखंड की सबसे बड़ी और विकट समस्या से मुक्त करना है। इसके लिए एकमात्र रास्ता आंदोलनकरियों को प्रदेशा की सत्ता दी जाये। उन्होंने कहा कि गैर आंदोलनकरियों के हाथों में प्रदेश की सत्ता होने से झारखंड वासियों का सामाजिक-आर्थिक पिछड़ेपन बढ़ता ही जा रहा है। श्री मंडल ने कहा कि सरकार का ध्यान विकास की बजाय सत्ता बचाने पर लगा हुआ है। डॉ मंडल ने कहा कि बुधवार 16 अक्टूबर को रांची में सभी झारखंड आंदोलनकारियों की विशेष बैठक आयोजित की गयी है। इस बैठक में आन्दोलनकारियों की मुख्य



समस्याओं के साथ ही राज्य की वर्तमान राजनीतिक परिस्थितियों पर विशेष रूप से विचार-विमर्श किया जायेगा। उन्होंने कहा कि राजधानी के करमटोली चौक स्थित धूमकुड़िया भवन में सुबह 11 बजे से आयोजित इस बैठक में उपस्थित होकर वे अपने विचारों को रखेंगे और एकजुटता के साथ अपने सपने के अनुरूप विकसित झारखंड बनाने के अभियान को तेज गति देंगे।

## चेक बाउंस मामले में बुजुर्ग को सजा व जुर्माना

**रांची।** न्यायिक दंडाधिकारी दिग्विजय नाथ शुक्ला की अदालत ने चेक बाउंस मामले में ट्रायल फेस कर रहा अभियुक्त जेवियर कंपाउंड मेन रोड निवासी अरुण लाल गुप्ता (62 वर्ष) को दोषी पाकर एक साल कैद की सजा सुनाई है। साथ ही उस पर 6.50 लाख रुपए का जुर्माना लगाया गया है। यह सजा 6 साल पुराने मामले में सुनाई गई है।

**आज | कल**





# अवैध चुनाव खर्च व आचार संहिता उल्लंघन पर नजर रखेंगे एसएसटी और एफएसटी

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** झारखंड विधानसभा चुनाव के दौरान आदर्श आचार संहिता उल्लंघन और अवैध चुनाव खर्च की निगरानी की जिम्मेदारी एसएसटी और एफएसटी को सौंपी गई है। झारखंड के मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के रवि कुमार ने सोमवार को यह जानकारी दी। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी (सीईओ झारखंड) ने कहा है कि झारखंड विधानसभा चुनाव के दौरान एनफोर्समेंट एजेंसी अवैध गतिविधियों को रोकने एवं उस पर पूर्ण प्रतिबंध लगाने के लिए मुस्तैदी से काम करें। हर स्तर पर इसकी मॉनिटरिंग की जाएगी।

मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी झारखंड के रवि कुमार ने कहा है कि स्वच्छ, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण मतदान कराने के लिए निर्वाचन के कार्यों में लगे पदाधिकारी भारत निर्वाचन आयोग के निदेशों का अनुपालन सुनिश्चित करें। वे आज सभी जिलों में आगामी झारखंड विधानसभा निर्वाचन के लिए



*अधिकारी अवैध गतिविधियों पर लगाएं पूर्ण प्रतिबंध*

गठित एफएसटी एवं एसएसटी के पदाधिकारियों के लिए आयोजित ऑनलाइन सेशन को संबोधित कर रहे थे।

के रवि कुमार ने कहा कि विधानसभा चुनाव में सभी एफएसटी एवं एफएसटी चुनाव के दौरान होने वाले चुनाव खर्च और आदर्श आचार संहिता (एमसीसी) के उलंघन के मामलों पर पैनी नजर रखेंगे। एफएसटी एवं एसएसटी के पदाधिकारियों को अपने नजदीकी थाना एवं मुख्यालय स्तर से मिले संपर्क सूत्र से समन्वय स्थापित करते हुए काम करना है।

निर्वाचन के दौरान बने सभी चेक पोस्ट पर प्रत्येक वाहन की चेकिंग की जायेगी। साथ ही सभी चेक पोस्ट पर वेबकास्टिंग के माध्यम से निगरानी रखी जाएगी। चेक पोस्ट पर किसी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जायेगी। लापरवाही बरतने वाले पदाधिकारियों पर त्वरित और सख्त कार्रवाई की जाएगी। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने कहा कि सभी चेक पोस्ट पर जरूरत के अनुरूप सेंट्रल आर्म्ड पुलिस फोर्स (सीएपीएफ) की प्रतिनियुक्ति की जाएगी, ताकि चुनाव के दौरान वैसी प्रतिबंधित सामग्रियां, जिससे चुनाव को प्रभावित किया जा सकता है, जैसे (अवैध शराब, कैश, हथियार आदि) के आवागमन पर पूर्ण रूप से रोक लगाना है।

इस अवसर पर सहायक मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी देव दास दत्ता ने एफएसटी एवं एसएसटी के कर्तव्यों एवं एथिकल वोटिंग से संबंधित माइकिंग, कम्युनिकेशन प्लान, सीझविजिल आदि से पदाधिकारियों को अवगत कराया। सिस्टम एनालिस्ट एसएन जमील ने एफएसटी एवं एसएसटी के द्वारा उपयोग में लाये जाने वाले मोबाइल एप्लीकेशंस के बारे में जानकारी दी। इस अवसर पर सभी जिलों के एफएसटी एवं एसएसटी के पदाधिकारी ऑनलाइन जुड़े थे।

# कैबिनेट : दिव्यांग, अनाथ बच्चों को नि:शुल्क ट्यूशन मिलेगा





**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** राज्य के दिव्यांग, अनाथ बच्चों को उच्च शिक्षा के लिए नि:शुल्क ट्यूशन फीस देने की स्वीकृति दी गई। इस योजना पर सालाना 24 करोड़ खर्च होगा। यह ट्यूशन फीस 10 लाख रुपये अधिकतम सालाना दी जाएगी। इसके ऊपर उन्हें खुद वहन करना पड़ेगा। इसमें प्रतिमाह 4000 उच्च शिक्षा के लिए दी जाएगी। हॉस्टल इत्यादि खर्च के लिए राशि अलग से नहीं दी जाएगी। राष्ट्रीय शिक्षा के तहत झारखंड अंतर्गत राजकीय विश्वविद्यालय में चार साल डिग्री प्रोग्राम योजना की स्वीकृति दी गई।

### कैबिनेट के अन्य फैसले

- कस्तूरबा विद्यालय में कार्यरत टीचर और कर्मचारी निधि की सुविधा दी जाएगी।
- राज्य में मदरसा माइनॉरिटी स्कूल में संचालित शिक्षा व्यवस्था को पूरी तरह से राज्य योजना से संचालित करने की स्वीकृति दी गई।
- रांची विश्वविद्यालय में रांची के मुख्यालय एवं विभिन्न अंगीकृत महाविद्यालय में सेवा दे रहे नेट पास कक्षा आधारित शिक्षकों की सेवा को आवश्यकता आधारित सेवा में करने की स्वीकृति दी गई।
- उच्चतर शिक्षण संस्थानों में प्रतिस्पर्धा करने के लिए योजना की स्वीकृति दी गई। 20 करोड़ खर्च होगा।
- गोड्डा जिला के अंतर्गत ठाकुर गंग टी में डिग्री कॉलेज की स्थापना के लिए 40 करोड़ की स्वीकृति दी गई।
- महिला महाविद्यालय बहरागोड़ा की स्थापना के लिए 38 करोड़ की योजना स्वीकृत। राजकीय विश्वविद्यालय में डुअल डिग्री के लिए योजना मंजूर।

- रिनपास रांची में निदेशक की नियुक्ति एवं सेवा शर्त में संशोधन किया गया। राजकीय अभियांत्रिकी महाविद्यालय जमशेदपुर बहरागोड़ा के निर्माण के लिए 254 करोड रुपए की मंजूर की गई। राजकीय पॉलिटेक्निक पोटका, जमशेदपुर के निर्माण के लिए 136 करोड़ की योजना मंजूरी की गई।

- असम में रहने झारखंड के 15 लाख से अधिक आदिवासियों के उत्थान लिए बनेंगी योजनाएं।
- असम में रह रहे 15 लाख से अधिक आदिवासी जिन्हें अब तक एसटी का दर्जा नहीं मिला है वह ओबीसी में शामिल हैं, उनके लिए झारखंड सरकार कई तरह की योजनाए लाएगी। इसके लिए आदिवासी कल्याण मंत्री के नेतृत्व में एक सर्वदलीय कमेटी असम भेजी जाएगी। वहां की स्थिति की जानकारी लेने के बाद उनके हित को लेकर कई योजनाएं लाई जाएंगी।
- भारत सरकार और असम सरकार से भी इसके लिए समन्वय किया जाएगा। कैबिनेट सचिव ने बताया कि असम में करीब 70 प्रतिशत आबादी आदिवासियों की है जिसमें झारखंड से करीब 15 लाख 20 से 22 प्रतिशत लोग वहां है। इन्हें सरकारी योजनाओं के सुविधा पहुंचाई जाएगी।
- पारा शिक्षक और कस्तूरबा विद्यालय में कार्यरत शिक्षक कर्मी सहायक अध्यापक इत्यादि को ईपीएफओ योजना का लाभ मिलेगा।

रांची एवं डालटनगंज (मेदिनीनगर) से एक साथ प्रकाशित

ईश्वर में हमारा विश्वास

# राष्ट्रीय नवीन मेल

सत्यमेव जयते

अश्विन शुक्ल पक्ष 13, संवत 2081 | रांची, मंगलवार, 15 अक्टूबर 2024, वर्ष-25, अंक- 251, पृष्ठ-12 | ₹3.00 | रजिस्ट्रेशन नं: BIHHIN/1999/155 | www.rastriyanaveenmail.com

| | | |
|---|---|---|
| सेंसेक्स | 81,973.05 | +591.69 |
| डॉलर | 84.080 | -0.057 |

रांची सर्राफा

| 10 ग्राम | 01 किलो |
|---|---|
| ₹76,550 | ₹99,990 |



पेज-10 कांग्रेस भू-दान से भू-हड़प तक पहुंची

## कैबिनेट में 29 प्रस्तावों पर मुहर

# अब बहनों को प्रतिमाह 2500

## मंईयां सम्मान योजना की राशि बढ़ी



नवीन मेल डेस्क

**रांची।** झारखंड में विकास और सामाजिक कल्याण योजनाएं अब राज्य की आर्थिक स्थिति को देखते हुए नहीं बल्कि सीधे-सीधे विपक्षी दलों से जोर आजमाइश के फार्मूले पर बनाई जा रही हैं। सोमवार को मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की अध्यक्षता में हुई कैबिनेट बैठक में कुल 29 प्रस्तावों पर मुहर लगी। इसमें सबसे अहम रहा मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना में संशोधन। इसके तहत माता-बहनों के खाते में अब दिसंबर से एक हजार रुपये के बदले 2500 रुपये प्रतिमाह भेजे जाएंगे। साल में अब 12 हजार रुपये के बदले माता-बहनों को 30 हजार रुपये मिलेंगे। इसका लाभ अब 53 लाख महिलाओं को मिलेगा। इस बढ़ोतरी की वजह से राज्य सरकार को इस योजना में लगभग नौ हजार करोड़ रुपए का अतिरिक्त खर्च करना पड़ेगा। मतलब सरकार ने योजना लॉन्च करने के महज दो माह के अंदर इसकी राशि ढाई गुणा बढ़ा दी, सहायता राशि बढ़ाने की ऐसी तेज गति शायद ही पहले देखी गई हो।

साफ है इस निर्णय में अर्थशास्त्र से ज्यादा राजनीतिशास्त्र हावी है। मालूम हो कि दो माह पहले अगस्त में बड़े ही धूमधाम से लॉन्च की गई इस योजना में 21 वर्ष से 50 वर्ष की माता-बहनों को एक हजार रुपये प्रतिमाह देने की घोषणा हुई थी। प्रति माह करीब 50 लाख महिलाओं के खाते में रकम भेजी भी जाने लगी। इसके एक माह बाद ही इस योजना की आयु सीमा कम करते हुए 18 से 50 वर्ष कर दिया गया। लाभूकों की संख्या अब करीब 53 लाख हो गई है।

शेष पेज 09 पर

**53** लाख महिलाओं को मिलेगा संशोधित मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना का लाभ

**9000** करोड़ का अतिरिक्त खर्च इस योजना पर सरकार को वहन करना पड़ेगा

**15** लाख असम में रहने वाले झारखंड के आदिवासियों के उत्थान लिए बनेंगी योजनाएं

### गोगो दीदी योजना से दबाव में थी सरकार

मालूम हो कि 5 अक्टूबर को भारतीय जनता पार्टी ने मंईयां सम्मान योजना के जवाब में गोगो दीदी योजना लाने का ऐलान किया था, जिसके तहत राज्य में पार्टी की सरकार बनने पर प्रतिमाह महिलाओं को 2,100 रुपए की राशि देने का वादा किया गया है। भाजपा की इस घोषणा के बाद अब हेमंत सोरेन सरकार दबाव में दिख रही थी

**43** करोड़ रुपये की राशि नेतरहाट पर्यटन विकास व भूमि अधिग्रहण के लिए मंजूर

**109** करोड़ की पथ परियोजना गढ़वा में बिलासपुर-प. बीरबल चौक तक को मिली मंजूरी

**50** प्रारंभिक स्कूल में विज्ञान व गणित की प्रयोगशाला स्थापित करने की स्वीकृति

### बीआरपी-सीआरपी को ईपीएफ का लाभ

हेमंत सरकार ने कैबिनेट बैठक में बीआरपी-सीआरपी को सामाजिक सुरक्षा के तहत भविष्य निधि कटौती की स्वीकृति दे दी है। इससे झारखंड के लगभग 2700 बीआरपी-सीआरपी लाभान्वित होंगे। इसे लेकर बीआरपी-सीआरपी संघ के अध्यक्ष कृष्ण प्रसाद ने सरकार को धन्यवाद दिया है। कहां की सरकार ने हमारे लिए एक अच्छा काम किया है इसके लिए हम सरकार को कोटि-कोटि आभार करते हैं। मालूम हो राष्ट्रीय नवीन मेल लगातार बीआरपी-सीआरपी के उक्त मामले को उठाती रही और आज उन्हें न्याया मिला।

# गठबंधन के तहत 81 विधानसभा क्षेत्र से लड़ेंगे चुनाव : हेमंत सोरेन




नवीन मेल संवाददाता

**रांची।** विधानसभा चुनाव को लेकर झारखंड मुक्ति मोर्चा केंद्रीय समिति की बैठक सोमवार को हरमू स्थित सोहराई भवन में हुई। बैठक के बाद हेमंत सोरेन ने कहा कि हमारी सरकार गठबंधन की सरकार है, इसलिए हम समस्त 81 विधानसभा सीट से गठबंधन के साथ चुनाव लड़ेंगे। मुख्यमंत्री ने कहा कि यह बैठक झारखंड मुक्ति मोर्चा की केंद्रीय समिति की थी। मैं भी केंद्रीय समिति सदस्य हूं इसलिए बैठक में शरीक हुआ। इसमें आगामी विधानसभा चुनाव की उत्तम तैयारी शुरू करने का निर्देश भी दिया गया है। इस बैठक में सभी विधायक, सांसद, नेता व कार्यकर्ता शामिल हुए। सुबह से शाम तक हुई कई पाली में बैठकों में मंथन का दौर जारी रहा। संध्या 6.15 बजे राज्य के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन बैठक में शरीक होने के लिये सोहराई भवन पहुंचे। उनके पहुंचते ही सारे नेता कार्यकतार्ओं में एक अलग ही जोश आ गया। सुबह से शाम तक चली बैठक का मुख्यमंत्री हेमंत सोरेने ने पहले बंद कमरे में आकलन लिया। राज्यसभा सांसद सरफराज अहमद ने कहा कि हम लोग चुनाव के लिये पूरी तरह से तैयार हैं। झामुमो के केंद्रीय महासिचव विनोद कुमार पांडे ने कहा कि स्टेट कोऑर्डिनेशन कमेटी की बैठक इसलिए अहम है कि इस बैठक में संगठनात्मक एकता, गठबंधन को और मजबूती प्रदान करने व पार्टी को धरदार बनाने और आगामी विधानसभा चुनाव में जीत को ले रणनीति तय करने पर मंथन किया गया। गिरिडीह विधायक सुदीप कुमार सोनू ने कहा कि हम लोग चुनाव के लिए पूरी तरह से तैयार हैं।

## 498 चिकित्सा पदाधिकारी स्वास्थ्य व्यवस्था को मजबूत बनाएंगे

# स्वास्थ्य पदाधिकारियों को बांटा नियुक्ति पत्र

एजेंसी

**रांची।** सीएम हेमंत सोरेन ने सोमवार को रांची स्थित प्रोजेक्ट भवन से 498 सामुदायिक स्वास्थ्य पदाधिकारियों को नियुक्त पत्र का वितरण किया। इस दौरान सीएम हेमंत सोरेन ने नियुक्ति पत्र प्राप्त करने वाले को पदाधिकारियों को शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा स्वास्थ्य के हर क्षेत्र में एक नई कड़ी जोड़ने का प्रयास किया जा रहा है, सीएम ने आशा जताई कि सभी चयनित चिकित्सा पदाधिकारी स्वास्थ्य व्यवस्था को मजबूत बनाने का काम करेंगे।

**महिला और पुरुष दोनों निभाए अहम भूमिका :** सीएम हेमंत सोरेन ने कहा कि लिस्ट में महिला और पुरुष दोनों की ही सहभागिता है। नर्सिंग इंस्टीट्यूट में महिला के साथ पुरुष भी स्वास्थ्य व्यवस्था में अहम भूमिका निभाएं।

सीएम ने कहा स्वास्थ्य व्यवस्था सिर्फ बड़ी-बड़ी इमारतों के बनने से मजबूत नहीं होगा। अस्पताल में दवाइयां और नर्सिंग स्टाफ भी बेहद जरूरी है। सीएम ने कहा कि कुछ दिनों पहले ही विश्व स्तरीय अस्पताल की आधारशिला रखी गई। इसमें प्राइवेट कंपनियों को भी जोड़ा गया।



### मुंबई में झारखंड भवन का किया शिलान्यास

सीएम हेमंत सोरेन ने नवी मुंबई में बन रहे झारखंड भवन का शिलान्यास किया। अगर इस भवन की खासियत की बात करें तो यह सात मंजिला इमारत होगी जिसमें 28 हजार स्कवायर फीट स्पेस होगा। सीएम ने जानकारी देते हुए बताया कि इसके तीसरे और चौथे फ्लोर में आर्थिक रूप से कमजोर इलाज के लिए मुंबई जाने वाले लोगों की व्यवस्था होगी। **हजारीबाग में सब-स्टेशन का किया शिलान्यास :** सीएम हेमंत सोरेन ने हजारीबाग में विद्युत आपूर्ति के लिए 220/30 केवी ग्रीड सब स्टेशन का शिलान्यास किया। सीएम ने कहा कि इससे हमारी बिजली के मामले में डीवीसी पर निर्भरता कम होगी।

## कनाडा के प्रभारी उच्चायुक्त समेत 6 भारत से निष्कासित

एजेंसी

**नई दिल्ली।** भारत ने नई दिल्ली में कनाडा के प्रभारी उच्चायुक्त समेत छह राजनयिकों को निष्कासित कर दिया है। विदेश मंत्रालय ने सोमवार देर रात इसकी जानकारी दी। इससे पहले भारत द्वारा घोषित आतंकवादी हरदीप सिंह निज्जर की पिछले साल कनाडा में हत्या के मामले में ओटावा के नए आरोपों के मद्देनजर भारत ने कनाडा में अपने उच्चायुक्त और कुछ अन्य राजनयिकों को सुरक्षा कारणों से वापस बुलाने का फैसला किया था।

विदेश मंत्रालय ने बताया कि जिन छह राजनयिकों को निष्कासित किया गया है उनमें कनाडा के प्रभारी उच्चायुक्त स्टीवर्ट रोस व्हीलर और उप उच्चायुक्त पैट्रिक हेबर्ट के अलावा चार फर्स्ट सेक्रेटरी मैरी कैथरिन जॉली, इयान रॉस डेविड, एडम जेम्स चुइपका और पाउला ओर्जुएला शामिल हैं। इन सभी छह कनाडाई राजनयिकों से 19 अक्टूबर की रात 11.59 बजे तक या उससे पहले भारत छोड़ देने के लिए कहा गया है। कनाडा सरकार ने पिछले साल आरोप लगाया था कि भारत द्वारा घोषित आतंकवादी हरदीप सिंह निज्जर की कनाडा में हुई हत्या के पीछे भारतीय एजेंटों का हाथ है। उसने रविवार को भारत सरकार को सूचित किया था कि इस मामले की जांच में कनाडा में भारतीय उच्चायुक्त और राजनयिकों के नाम सामने आ रहे हैं। इसके बाद भारत ने नई दिल्ली में कनाडा के प्रभारी उच्चायुक्त को तलब किया और कनाडा के आरोपों को सिरे से खारिज करते हुए कड़ी आपत्ति जताई।

# पेयजल स्वच्छता घोटाला : ईडी का बीस ठिकानों पर छापा

## मंत्री मिथिलेश के भाई, पीएस, आईएएस सहित अन्य 18 लोगों के आवास पर कार्रवाई

नवीन मेल संवाददाता

**रांची।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने पेयजल स्वच्छता विभाग में हुए घोटाले को लेकर राजधानी रांची सहित राज्य के कई ठिकानों पर एक साथ सोमवार को छापेमारी की। आधिकारिक सूत्रों ने बताया कि रांची, चाईबासा और जमशेदपुर में मंत्री मिथिलेश ठाकुर के पीएस हरेंद्र कुमार, उनके भाई विनय ठाकुर, आईएएस अधिकारी और श्रीकृष्ण लोक प्रशासन संस्थान के निदेशक मनीष रंजन, उनकी बहन सहित 18 लोगों के 20 ठिकानों पर ईडी की टीम सोमवार सुबह से छापेमारी कर रही है। देर रात सभी ठिकानों पर छापेमारी समाप्त हो गई है और ईडी की टीम मुख्यालय वापस लौट आई है। यह छापेमारी जल जीवन मिशन में करोड़ों के घोटाले को लेकर हो रही है। इस मामले में रांची के सदर थाना में जल जीवन मिशन के तहत केस दर्ज हुआ था। करोड़ों रुपए के पाइपलाइन घोटाले में विभाग के कैशियर संतोष कुमार की अप्रैल, 2024 में गिरफ्तारी हुई थी। गिरफ्तारी के दौरान संतोष के घर से 50 लाख रुपए से अधिक बरामद हुए थे। छापेमारी में ईडी ने विभिन्न ठिकानों से बैंकिंग लेनदेन सहित अन्य कई महत्वपूर्ण दस्तावेजों, जमीन के कागजात, डिजिटल साक्ष्य सहित अन्य सामान जब्त किये है। डोरंडा के छप्पन सेट में मंत्री मिथिलेश ठाकुर के पीएस हरेंद्र कुमार का आवास में ईडी के अधिकारी ताला तोड़कर घुसे। ईडी के अधिकारियों ने पूरी कार्रवाई की वीडियोग्राफी भी कराई। चाबी बनाने वाले को भी बुलाया और कई अन्य तालों को खोलकर जांच की।



### सीएम हेमंत, मिथिलेश व बन्ना ने इसे राजनीति से प्रेरित बताया

**रांची।** ईडी की छापेमारी को सीएम हेमंत सोरेन, मंत्री मिथिलेश ठाकुर और बन्ना गुप्ता ने राजनीति से प्रेरित करार दिया है। सीएम सोरेन से मीडिया ने इन छापों के बारे में पूछा तो उन्होंने कहा कि यह अप्रत्याशित नहीं है। चुनाव आ गया है। विपक्षी पार्टी के लोग लग गए हैं। वहीं, राज्य के पेयजल एवं स्वच्छता विभाग के मंत्री मिथिलेश ठाकुर ने कहा, यह भाजपा द्वारा कराई जा रही राजनीतिक रेड है।

मुझ पर भाजपा में शामिल होने का दबाव दिया जा रहा था। मैंने इनकार कर दिया तो भाजपा की ओर से यह रेड कराई जा रही है। मैं टूट जाऊंगा, लेकिन झुकूंगा नहीं। भाजपा में शामिल नहीं होऊंगा। मिथिलेश ठाकुर ने आगे कहा, चुनाव नजदीक आता देखकर और खुद की खराब स्थिति देख यह सब कुछ कराया जा रहा है। मैं तो ईडी से कहूंगा कि वह शाम तक खुलासा करे कि इनको मेरे पीएस और मेरे आवास पर क्या कुछ मिला। राज्य के स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता ने भी इस प्रकरण में मीडिया से बात करते हुए कहा, सारी चीजें कहीं न कहीं राजनीति से प्रेरित हैं। आगामी विधानसभा चुनाव को देखते हुए इस तरह की चीजें हो रही हैं।

शेष पेज 09 पर

### जे एंड के : 5 सदस्य नामित करने की याचिका पर सुनवाई से इनकार

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को जम्मू-कश्मीर के उपराज्यपाल (एलजी) द्वारा विधानसभा में पांच सदस्यों को नामित करने की व्यवस्था को चुनौती देने वाली याचिका पर विचार करने से इनकार कर दिया। न्यायमूर्ति संजीव खन्ना की अध्यक्षता वाली पीठ ने याचिकाकर्ता की ओर से पेश वरिष्ठ अधिवक्ता अभिषेक मनु सिंघवी से कहा, पहले मामले को लेकर हाई कोर्ट जाएं। पीठ ने आदेश दिया, हम भारत के संविधान के अनुच्छेद 32 के तहत दायर वर्तमान याचिका पर विचार करने के इच्छुक नहीं हैं। याचिकाकर्ता जम्मू-कश्मीर हाईकोर्ट जाने के लिए स्वतंत्र हैं। पीठ ने स्पष्ट किया कि उसने याचिका के गुण-दोष पर कोई राय व्यक्त नहीं की है। पीठ में न्यायमूर्ति संजय कुमार भी शामिल थे।

**इंडिया**

## भारत की खाद्य उपभोग परंपरा को वैश्विक मॉडल बताया डब्ल्यूडब्ल्यूएफ ने



सुनील बादल
कार्यकारी संपादक

प्रकृति को देवी देवता और नदी तालाबों को मां मानने वाले भारतीय सनातनी समाज की मान्यता को वैश्विक सम्मान मिलता रहता है पर अभी मान्यता मिली है शाकाहार की परंपरा के रूप में । वर्ल्ड वाइड फंड फॉर नेचर (डब्ल्यूडब्ल्यूएफ) ने भारत के खाद्य उपभोग पैटर्न को जी 20 देशों में सबसे अधिक जलवायु-अनुकूल माना है। रिपोर्ट में इस बात पर प्रकाश डाला गया है कि भारत का आहार पर्यावरण के लिए सबसे कम हानिकारक है, खासकर जब 2050 तक खाद्य उत्पादन की वैश्विक मांग पर विचार किया जाता है। यदि सभी देश भारत के उपभोग पैटर्न को अपनाते हैं, तो दुनिया को खाद्य जरूरतों को पूरा करने के लिए एक पृथ्वी से भी कम की आवश्यकता होगी, जो इसे स्थिरता के लिए एक मॉडल बना देगा और अगर दुनिया में हर कोई 2050 तक भारत की ही तरह ही खाद्य उपभोग पैटर्न को अपनाता है, तो हम भोजन से संबंधित ग्रीनहाउस गैस उत्सर्जन के लिए 1.5 डिग्री सेल्सियस जलवायु लक्ष्य को 263 प्रतिशत से अधिक कर देंगे। यह पृथ्वी और पृथ्वी के जलवायु के लिए सबसे कम नुकसानदायक होगा। वहीं भारत का बाजरा-केंद्रित आहार एक उदाहरण के रूप में सामने आया है जिसे देश को स्थिरता प्रदान करने के लिए एक मॉडल के रूप में प्रदर्शित किया गया है। रिपोर्ट की चेतावनी है कि विश्व के अनेक देशों में लगभग ढाई अरब लोग ओवरवेट हैं। वहीं 890 मिलियन लोग मोटापे के शिकार हैं। यदि सभी देश भारत के उपभोग मॉडल का पालन करें, तो रिपोर्ट इस बात को इंगित करती है कि खाद्य उत्पादन को बनाए रखने के लिए 2050 तक एक से भी कम पृथ्वी (0.84) की आवश्यकता होगी। भारत का खाद्य उपभोग पैटर्न दुनिया के सभी जी 20 देशों में सबसे ज्यादा स्थाई और पर्यावरण के अनुकूल है। इंडोनेशिया और चीन जी 20 अर्थव्यवस्थाओं में दूसरे स्थान पर हैं, जिनका डाइट पैटर्न पर्यावरण के मुताबिक है। रिपोर्ट में अमेरिका, अर्जेंटीना और ऑस्ट्रेलिया जैसे देशों के डाइट पैटर्न को सबसे खराब रैंकिंग दी गई है। रिपोर्ट में भारत की स्थायी खपत की तुलना अर्जेंटीना से की गई है, जिसे 2050 तक अपने खाद्य उत्पादन पैटर्न को बनाए रखने के लिए सबसे अधिक पृथ्वी (7.4) की आवश्यकता होगी। इस बेंचमार्क पर खराब प्रदर्शन करने वाले अन्य देशों में ऑस्ट्रेलिया (6.8), संयुक्त राज्य अमेरिका (5.5), और शामिल हैं। ब्राज़ील (5.2). दूसरी ओर, इंडोनेशिया (0.9) भी बेहतर प्रदर्शन करने वाले देशों में से है, इसके बाद चीन (1.7), जापान (1.8), और सऊदी अरब (2) हैं।डब्ल्यूडब्ल्यूएफ रिपोर्ट राष्ट्रीय बाजरा अभियान के माध्यम से जलवायु-अनुरूप बाजरा को बढ़ावा देने के भारत के प्रयासों की सराहना करती है, जिसका उद्देश्य इन प्राचीन अनाजों की राष्ट्रीय खपत को बढ़ावा देना है। बाजरा बदलती जलवायु परिस्थितियों के लिए अत्यधिक अनुकूल है और पोषण का एक उत्कृष्ट स्रोत है। भारत मिलेट्स का दुनिया का सबसे बड़ा उत्पादक है, जो वैश्विक उत्पादन का लगभग 41% हिस्सा है। मिलेट्स की खपत को बढ़ावा देने के लिए सरकार की ओर से कई पहल की गई हैं, जिनमें राष्ट्रीय मिलेट अभियान, मिलेट मिशन, और ड्राउट मिटिगेशन प्रोजेक्ट शामिल हैं। मोटे अनाजों का सेवन भारत में लंबे समय से किया जाता रहा है। मिलेट्स का सेवन करने के लिए भारत में कई अभियान भी चलाए जा रहे हैं जिसमें लोगों को इससे जुड़े लाभ के बारे में बताया जा रहा है। अगर शाकाहारियों की संख्या की बात करें तो दुनिया में सबसे ज्यादा संख्या भारत में ही मिलेगी। अनुमानित आंकड़ों के आधार पर बताया जाता है कि भारत की आबादी के 25-30 प्रतिशत लोग शाकाहारी हैं। भारत में जो मांसाहार खाना खाते हैं, ऐसा नहीं है कि वो केवल और केवल मांस-मछली ही खाते हैं। यहां बड़े मात्रा में सब्जियां और प्लांट बेस्ड फूड यानी शाक सब्जियां उपयोग में लाई जाती हैं । खाद्य उत्पादन और दीर्घकालिकता के लिहाज से देखें तो भारत इन मानकों पर एकदम खरा उतरता है। इसलिए वर्ल्ड वाइल्ड लाइफ फंड (डब्ल्यूडबल्यूएफ) की रिपोर्ट में भारत की खाद्य उपभोग पैटर्न को बेहतरीन बताया गया है। लिविंग प्लैनेट रिपोर्ट की ओर से एक रिसर्च में के आधार पर ये रिपोर्ट सामने आई है, जिसमें कहा गया है कि भारत का खाद्य उपभोग पैटर्न दुनिया के सभी जी 20 देशों में सबसे ज्यादा स्थाई और पर्यावरण के अनुकूल है। एक समय था जब झारखंड सहित भारत के अधिकांश लोग गांवों में उत्पादित मड़ुआ,मकई,गोंदली,गोड़ा धान जैसे मोटे अनाजों को प्राथमिकता देते थे और उनकी खाद्य आवश्यकताएं बिना रासायनिक खाद या दवाओं के पूरी होती थीं पर अब चिकनाईयुक्त भोजन और जल्दी पकने वाले फास्ट फूड जिन्हें पश्चिमी देश जंक फूड बताकर छोड़ रहे हैं गांवों तक पहुंचकर लोगों को बीमार बना रहे हैं जिसमें मोटापा,शुगर,बीपी जैसी बीमारियों से लेकर कैंसर तक शामिल है ।



## तीन अमेरिकी शोधकर्ताओं को मिला अर्थशास्त्र का नोबेल




एजेंसी

**नई दिल्ली।** अर्थशास्त्र में इस बार का नोबेल पुरस्कार किसी देश की समृद्धि में सामाजिक संस्थाओं के महत्व को प्रदर्शित करने के लिए तीन अमेरिकी अर्थशास्त्रियों- डारोन एसेमोग्लू, साइमन जॉनसन और जेम्स रॉबिन्सन को दिया गया है। इन शोधकतार्ओं ने यह समझने में मदद की कि कानून रूप से खराब शासन वाले समाज और जनसंख्या का शोषण करने वाली संस्थाएं विकास या बेहतरी के लिए परिवर्तन उत्पन्न क्यों नहीं करती हैं। इन वैज्ञानिकों ने यह स्थापित किया कि समावेशी संस्थानों से सभी का दीर्घकालिक लाभ होता है। आर्थिक विज्ञान में पुरस्कार समिति के अध्यक्ष जैकब स्वेन्सन कहते है कि देशों के बीच आय में व्यापक अंतर को कम करना हमारे समय की सबसे बड़ी चुनौतियों में से एक है। पुरस्कार विजेताओं ने इसे प्राप्त करने के लिए सामाजिक संस्थानों के महत्व का प्रदर्शन किया है। डारोन एसेमोग्लू 1967 में इस्तांबुल, तुर्किये में पैदा हुए। उन्होंने लंदन स्कूल ऑफ इकोनॉमिक्स एंड पॉलिटिकल साइंस से पीएचडी की और अब वे कैम्ब्रिज के मैसाचुसेट्स इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी में प्रोफेसर हैं।

शेष पेज 09 पर

## एक नजर


### कार का शीशा तोड़ने और चेन व नकदी लूटने का आरोप

**रांची।** लोअर बाजार थाना क्षेत्र के फैयाज खान ने सोमवार को मो. आमिर, हिना परवीन, सद्दाम, मो हसन और तब्बू पर कार में टक्कर मारने, मारपीट कर सोने की चेन और 9000 रुपये लूटने का आरोप लगाते हुए प्राथमिकी दर्ज कराई है। फैयाज के बताया कि रविवार को वह अपनी कार से गली नंबर 13 से गुजर रहा था तभी आमिर ने अपने ई-रिक्शा से उसकी कार में टक्कर मार दी। इसके बाद आमिर उसकी पत्नी और अन्य ने मिलकर फैयाज और उनके बच्चों से मारपीट की। थानेदार ब्रह्मदेव प्रसाद ने बताया कि प्राथमिकी दर्ज कर पुलिस मामले की छानबीन कर रही है।

### भाजपा ने देश में किसी महिला को 2100 रुपये नहीं दिए : विनोद पांडेय

**रांची।** सत्तासीन झारखंड मुक्ति मोर्चा के महासचिव विनोद कुमार पांडेय ने मंईयां सम्मान राशि बढ़ाने पर भाजपा के आरोपों पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा है कि भाजपा ने देश के किसी राज्य में किसी महिला को किसी योजना में 2100 रुपए नहीं दिए। और तो और झारखंड में बिना खाता और जानकारी के कई फर्जी फॉर्म भी भरवा दिए। लोग उस फॉर्म को कमल चिट फंड स्कैम का नाम दे रहे हैं। दूसरी ओर हेमंत सरकार ने लाखों बहनों को रक्षा बंधन, करम पूजा और नवरात्रि में मंईयां सम्मान की तीन किस्त दी।

# अबुआ सरकार ने जो कहा, उसे 40 दिन में किया : हेमंत सोरेन



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने सोमवार को कैबिनेट की बैठक के बाद कहा कि मंईयां सम्मान राशि अब दिसंबर से ढाई हजार रुपए मिलेगी। उनकी सरकार सिर्फ घोषणा नहीं करती, योजनाओं को धरातल पर उतारती है। दिसंबर से मंईयां सम्मान राशि दोगुनी से ज्यादा 2500 रुपए हर माह हर लाभुक को मिलेगी। देश में सबसे ज्यादा साल के 30 हजार झारखंड में मिलेगा। बीते 4 सितंबर को का दर्जा देना नहीं है। इस कारण जनजातीय मंत्रालय भारत सरकार की योजनाओं का लाभ भी इन्हें नहीं मिल रहा है। इन आदिवासियों को झारखंड वापस आने का न्योता देते हुए सीएम सोरेन ने कहा कि कैबिनेट ने फैसला लिया है कि एक सर्वदलीय समिति विभिन्न राज्यों में वंचित आदिवासी समुदाय की समस्या और आवश्यकता जानने के लिए जाएगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि सर्वदलीय समिति के दौरा के

**मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना के अंतर्गत माताओं-बहनों को प्रतिमाह 1000 रुपये मिलने वाली सम्मान राशि को 2500 रुपये भुगतान करने की सहमति बनी है**

रांची में हुए मंईयां सम्मेलन में आपकी अबुआ सरकार ने जो कहा उसे 40 दिन में किया। अब हर कार्य में उनकी सरकार की यही तेजी रहेगी। विपक्ष को सरकार का कोई काम दिखता नहीं। विपक्ष का ख्याली पुलाव झारखंड में पकने वाला नहीं है। सीएम ने पत्रकारों से कहा कि अंडमान निकोबार, असम सहित अन्य राज्यों में झारखंड के लगभग 15 से 20 लाख आदिवासी समुदाय के लोग रहते हैं। समय-समय पर ऐसे आदिवासी समुदाय के प्रतिनिधियों ने उनसे मुलाकात कर अपनी समस्याएं रखी हैं। सभी जानते हैं कि असम में जन जातियों को अनुसूचित जनजाति आधार पर आदिवासी समुदाय की समस्याओं और जरूरतों के आधार पर नीति बनाई जाएगी। समिति राज्य के कल्याण मंत्री के नेतृत्व में भेजी जाएगी। आदिवासियों के आवास, आदिवासी का दर्जा, नौकरी की समस्या, राज्य में उनके अधिकार की बात आदि तमाम पहलुओं पर रिपोर्ट देगी।

मंईयां सम्मान राशि बढ़ाकर 2500 रुपए किए जाने के हेमंत सरकार के फैसले को कैबिनेट मंत्रियों ने बड़ी उपलब्धि बताई है। नगर विकास मंत्री हफीजुल हसन ने कहा कि मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन जो कहते है, वो करते है। कैबिनेट बैठक में झारखंड मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना के अंतर्गत माताएं-प्रतिमाह 1000 रुपए मिलने वाली सम्मान राशि को 2500 रुपए भुगतान करने की सहमति बनी है। झारखंडी हेमंत सरकार सभी माताएं और बहनों के सम्मान के लिए हमेशा खड़ी है। सांसद महुआ माजी ने मुख्यमंत्री का आभार जताते हुए झारखंड में मंईयां सम्मान योजना की राशि बढ़ाने के फैसले को शानदार बताया है। मंत्री बेबी देवी, दीपिका पांडेय, मिथिलेश ठाकुर, बन्ना गुप्ता, सत्यानंद भोक्ता, दीपक बिरुआ, इरफान अंसारी आदि ने भी मंईयां सम्मान राशि बढ़ाने के फैसले को ऐतिहासिक बताया है।

# राज्य भर के पारा शिक्षक आज से आंदोलन पर



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

राज्य भर के पारा शिक्षकों से मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने पिछले विधानसभा चुनाव 2019 में वादा किया था कि सरकार बनने के 3 महीने के अंदर झारखंड के पारा शिक्षकों को समान काम का समान वेतन दिया जाएग। सरकार बनने के 5 साल बाद भी हेमंत सोरेन ने इस वादा को पूरा नहीं किया। इस दौरान झारखंड सरकार के विरुद्ध कोई बड़ा आंदोलन नहीं किया गया। 20 जुलाई 2024 को मुख्यमंत्री आवास के घेराव के दौरान शिक्षा मंत्री वैद्यनाथ राम ने 5 अगस्त को सहायक अध्यापकों के प्रतिनिधिमंडल से वार्ता करने का लिखित पत्र देकर आश्वासन दिया गया। इसके बाद सहायक अध्यापकों ने आंदोलन को तत्काल स्थगित करने की घोषणा की थी। 5 अगस्त को शिक्षा मंत्री की अध्यक्षता में गिरीडीह विधायक सुदीप्य कुमार सोनू बतौर मुख्यमंत्री के प्रतिनिधि की उपस्थिति एवं विभागीय सचिव / परियोजना निदेशक के साथ वार्ता में शिक्षा मंत्री ने वेतनमान देने से साफ इनकार कर दिया। सरकार के द्वारा मात्र 1500 बढ़ोतरी की बात की गई, जिसे सहायक अध्यापकों ने नहीं माना। 14 अगस्त को वार्ता हुई। इस वार्ता में शिक्षा मंत्री ने 1500 को बढ़ाकर 2000 मानदेय बढ़ाने की पेशकश की। इसे भी नहीं माना गया। पुनः 28 अगस्त को फाइनल वार्ता हुई। वार्ता में सहायक अध्यापकों को सरकार ने सामाजिक सुरक्षा के तहत समान्य भविष्य निधि से जोड़ते हुए 1950 रुपए सरकार के कोष से एवं 1000 तत्काल मानदेय बढ़ोतरी यानी कि कुल 3000 रुपये मानदेय बढ़ाने का प्रस्ताव दिया। सहायक अध्यापकों ने इसे स्वीकार कर लिया। लेकिन इसे कैबिनेट से पारित नहीं करवाया गया।

**सरकार बनने के 5 साल बाद भी हेमंत सोरेन ने वादा को पूरा नहीं किया**

इसके विरोध में झारखंड के 62000 सहायक अध्यापक सरकार के खिलाफ आंदोलन करेंगे। इस क्रम में मंगलवार को शिक्षा मंत्री/ वित्त मंत्री/गिरीडीह विधायक का पुतला दहन होगा। 17 अक्टूबर से अनिश्चितकालीन आंदोलन, मुख्यमंत्री आवास का घेराव करते हुए पुतला दहन किया जाएगा। आज की बैठक में ये निर्णय लिया गया। बैठक में विनोद तिवारी, विनोद बिहारी महतो, संजय दुबे, ऋषिकेश पाठक सिंटू सिंह, विकास कुमार चौधरी, सुमन कुमार, निरंजन दे, सुशील पांडे, बेलाल अहमद, भागवत तिवारी, शकील अहमद, वीरेंद्र राय आदि मौजूद थे।

## न्यूज बॉक्स

### स्कूलों में वार्षिक परीक्षा कैलेंडर जारी करने की मांग



**रांची।** झारखंड अभिभावक संघ ने निजी स्कूलों में वार्षिक परीक्षा कैलेंडर जारी करने की मांग की है। झारखंड अभिभावक संघ के अध्यक्ष अजय राय ने राज्य के सभी निजी स्कूलों से जिला वार मिलकर वार्षिक परीक्षा कैलेंडर जारी करने की मांग की है, ताकि छात्रों और अभिभावकों को सत्र के दौरान समानता और सुविधा हो।

### मिल्लत एकेडमी स्कूल में रक्तदान शिविर का आयोजन



**रांची।** मिल्लत एकेडमी स्कूल पूर्ववर्ती छात्रों ने रक्तदान शिविर का आयोजन किया। इस दौरान 14 यूनिट रक्तदान हुआ। इसके अतिरिक्त 6 लोगों ने अन्य बीमारी के कारण रक्तदान नही कर पाया। रक्तदान नागरमल मोदी सेवा सदन को समर्पित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मिल्लत एकेडमी स्कूल के पूर्व प्राचार्य शमीम खान थे। सभी रक्तदाताओं को मोमेंटो और सर्टिफिकेट दिया गया पूर्व शिक्षकों एवं अतिथियों ने रक्तदान कार्यक्रम की बेहद सराहना की। रक्तदान शिविर कार्यक्रम की अध्यक्षता कन्वेनर जुबैर खान ने एवं संचालन जावेद अख़्तर राजा एवं धन्यवाद ज्ञापन तनवीर मोजिब ने किया। कार्यक्रम और अगामी योजनाओं पर नदीम खान एवं सैफ उल हक सैफ ने बताया। कार्यक्रम में सीनियर बैच 82 के डॉ उजैर अजीज, मो नफीस, सुफियान मजहर, जुबैर खान, शाहबाज मोहसिन मुन्ना, सैफ उल हक, असदुल्लाह, नाशित हमीदी, मो तनवीर, अर्शददुल्लाह, समर ईमाम, औरेंगजेब खान, इरफान अलाम,अरशद,मो नौशाद पप्पू,जावेद अख़्तर राजा,नदीम खान,जबीउल हक,मो सज्जाद,नदीम अख़्तर आदि शामिल थे।

### परियोजना व कस्तूरबा गांधी विद्यालय कर्मी आज से हड़ताल पर


**रांची।** झारखंड शिक्षा परियोजना परिषद के कर्मी और कस्तूरबा गांधी विद्यालय कर्मी संयुक्त रूप से आज मंगलवार से अनिश्चितकालीन हड़ताल पर जाएंगे। यह जानकारी झारखंड शिक्षा परियोजना परिषद कर्मी संघ के अध्यक्ष राजीव शरण ने दी। उन्होंने कहा कि अनिश्चितकालीन हड़ताल पर जाने की सूचना 8 अक्टूबर को झारखंड शिक्षा परियोजना परिषद के निदेशक को लिखित दे चुके हैं। वहीं कस्तूरबा गांधी विद्यालय कर्मी भी हमारे साथ अनिश्चितकालीन हड़ताल पर रहेंगे। राजीव शरण ने बताया कि वेतन वृद्धि, मेडिकल इंश्योरेंस जैसी परियोजना कर्मी की मांगे हैं। वहीं कस्तूरबा गांधी विद्यालय के कर्मियों की मांगे ईपीएफ कटौती, पुरुष लेखपाल सह कंप्यूटर ऑपरेटर को मकान किराया भत्ता का प्रावधान, कार्यालय शिक्षक को कर्मियों को शिक्षा विभाग किसी भी नियमित नियुक्ति में आरक्षण का प्रावधान, कर्मियों को अर्जित अवकाश का प्रावधान, सेवन नियमितकारण जैसे मांगे शामिल है। कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय के सभी शिक्षाकर्मी, शिक्षकोतर कर्मी, रसोईया, नाइट गार्ड सभी लोग मंगलवार से हड़ताल पर रहेंगे और कस्तूरबा गांधी में लगभग डेढ़ लाख बच्चे हैं। हड़ताल के दौरान इन बच्चों की जिम्मेदारी सरकार की होगी। राजीव रंजन ने बताया कि परियोजना में लगभग 1500 कर्मी है वही कस्तूरबा गांधी विद्यालय में लगभग 1300 कर्मी हैं। झारखंड शिक्षा परियोजना परिषद के निदेशक शशि रंजन ने कहा कि अगर यह हड़ताल पर चले जाते हैं तो कस्तूरबा गांधी विद्यालय में पढ़ने वाले छात्राओं के लिए कुछ वैकल्पिक व्यवस्था की जाएगी।

### शस्त्र व शास्त्र की निपुणता वर्तमान परिवेश की आवश्यकता : सुनील



**रांची।** शक्ति उपासना व भगवान श्री राम का विजयोत्सव पर्व विजयदशमी दलादली चौक पर धूमधाम से भव्यता के साथ मनाया गया। इस अवसर पर विजयादशमी के दिन दलादली चौक दुर्गा पूजा समिति के पूजा पंडाल में शस्त्र पूजन कार्यक्रम किया गया। इस अवसर पर राष्ट्र सेवा फाउंडेशन के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सुनील कुमार सिंह ने कहा कि शस्त्र व शास्त्र की निपुणता वर्तमान परिवेश की आवश्यकता है। असत्य पर सत्य की,अनीति पर नीति की,अंधकार पर प्रकाश की, बुराई पर अच्छाई की विजय का यह पर्व श्री राम के पथ चिन्हों पर चलने के लिए प्रेरित करता है। यह पर्व शौर्य व पराक्रम का प्रतीक है। यह पर्व बताता है कि आसुरी शक्तियों का विनाश एक दिन अवश्य होता है। आज हीं के दिन आदिशक्ति मां दुर्गा ने महिषासुर का मर्दन और प्रभु श्री राम ने रावण का मर्दन करते हुए लंका पर विजय प्राप्त किया था। हम सभी सनातनियों को शस्त्र व शास्त्र दोनों विद्या में पारंगत होना चाहिए।

### सिकल सेल एनीमिया निवारण के लिए अभियान चलाने का डीसी ने दिया निर्देश



**रांची।** एनीमिया निवारण तथा प्रबंधन के लिए उपायुक्त मंजूनाथ भजंत्री की अध्यक्षता में बैठक का आयोजन किया गया। इस बैठक में उपायुक्त ने विभिन विभाग से आए पदाधिकारियों को स्किल सेल एनीमिया के निवारण तथा प्रबंधन हेतु कई आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। साथ ही एनीमिया निवारण के लिए जागरूकता अभियान चलाने को लेकर भी निर्देश दिया गया। बैठक में प्रखण्ड स्तर पर समिति बनाते हुए प्रखण्ड विकास पदाधिकारी की अध्यक्षता में हर माह स्क्रीनिंग एवं बैठक करने का निर्देश दिया गया। जिससे की स्किल सेल एनीमिया से ग्रस्त बच्चों एवं लोगों की पहचान की जा सके। एनीमिया निवारण तथा प्रबंधन हेतु एसोसिएशन का गठन करना है जिसमे रिम्स के डॉक्टर को नॉमिनेट करने की बातें कही। पूरी सकरात्मकता से काम करने वाले एनजीओ को भी इसमे नॉमिनेट करने को कहा गया है।

## रांची एसएसपी को राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग ने जारी किया नोटिस

**रांची।** रांची एसएसपी को राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग ने नोटिस जारी किया है। तुपुदाना ओपी के पुलिस अधिकारियों द्वारा चोरी के संदेह में विकास कुमार (32 वर्ष) के साथ थर्ड डिग्री टॉर्चर मामले में एसएसपी को यह नोटिस मिला है। नोटिस में कहा गया है कि एसएसपी धुर्वा थाना कांड संख्या 16/2023 के जांच परिणाम और वर्तमान स्थिति के संबंध में रिपोर्ट प्रस्तुत करें। साथ ही, इस मामले में 22 नवंबर 2024 को दिन में 11:00 बजे विभागीय कार्रवाई के परिणाम की रिपोर्ट के साथ आयोग के समक्ष खुद उपस्थित हों। यह भी कहा गया है कि यदि उक्त रिपोर्ट 15 नवंबर 2024 तक आयोग को मिल जाती है, तो एसएसपी को व्यक्तिगत उपस्थिति से छूट दी जाएगी।

## दुर्गा पूजा के दौरान राजधानी में चोरों के रहे बल्ले-बल्ले

# घरों के ताले तोड़ लाखों रुपये उड़ा ले गए

### पूजा पंडाल घूमने गए लोगों के फोन पर किए हाथ साफ



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

राजधानी रांची में दुर्गा पूजा के दौरान चोरों का आतंक बना रहा। चोरों ने पूजा पंडाल घूमने आए लोगों के मोबाइल पर निशाना तो साधा ही, मेला घूमने गए लोगों के घरों के ताले तोड़ कर लाखों रुपये भी ले उड़े। रांची रेलवे स्टेशन के नजदीक दुर्गा पूजा पंडाल में मोबाइल चोरी की पहली घटना घटी। यहां धुर्वा सेक्टर-3 निवासी आदित्य पांडेय की मोबाइल चोरी कर ली गई। मामले को लेकर चुटिया थाना में केस दर्ज कराया गया है। शिकायतकर्ता युवक के अनुसार वह अपने दोस्तों के साथ रांची रेलवे स्टेशन के नजदीक दुर्गा पूजा पंडाल घूमने आया था। वहीं, दूसरी घटना पुराना विधानसभा मैदान स्थित दुर्गा पूजा पंडाल देखने गए हाईकोर्ट के अधिवक्ता डिबडीह निवासी राजेश कुमार की पॉकेट से चोरों ने दो मोबाइल उड़ा लिये। इस मामले में उन्होंने जगन्नाथपुर थाने में प्राथमिकी दर्ज कराई है। प्राथमिकी में उन्होंने कहा है कि 11 अक्टूबर की देर रात वह दुर्गा पूजा पंडाल देखने गए थे। इस दौरान उनके जींस की पॉकेट से दो मोबाइल चोरी हो गई।

### घर से चोरों ने उड़ाया लाखों रुपये नकद

परिवार के साथ कोयंबटूर घूमने गए बड़ा घाघरा निवासी सुदर्शन कच्छप के घर में चोरी हो गई। मामले में उन्होंने डोरंडा थाने में प्राथमिकी दर्ज कराई है। प्राथमिकी में कहा है कि तीन अक्टूबर को वह सपरिवार कोयंबटूर घूमने गए थे। 11 अक्टूबर को घर लौटे, तो देखा कि दरवाजे का ताला टूटा हुआ है। अंदर जाने पर दो आलमारी के ताले भी टूटे पाए। आलमारी में रखे चार लाख 20 हजार रुपये की दो सोने की चेन, चार सोने की कान की बाली, सोने की अंगूठी, चांदी के दो पायल और नकद दो लाख रुपये चोर ले गए। उन्होंने दो लाख रुपये घर के निर्माण के लिए रखा था। इधर, पुलिस सूत्रों ने बताया कि मामले की जांच गहनता से चल रही है। जल्द ही चोरों को गिरफ्तार किया जाएगा।

### आंगनबाड़ी केंद्र से चोरी

चोरों ने चुटिया थाना क्षेत्र के चाणक्य नगर रेलवे कॉलोनी स्थित आंगनबाड़ी केंद्र का ताला तोड़कर सामान चुरा लिये। घटना को लेकर आंगनबाड़ी सेविका रीना मुंडा ने चुटिया थाने में केस दर्ज कराया है। शिकायतकर्ता महिला के अनुसार आंगनबाड़ी केंद्र किराये के मकान में चलता है। यहां से चोरों ने एक गैस सिलिंडर चूल्हा, 30 किलो चावल और डिब्बा सहित पांच किलो दाल की चोरी की है।

# अतिथि शिक्षकों का आवश्यकता आधारित शिक्षकों में हुआ समायोजन

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

कैबिनेट की बैठक में रांची विश्वविद्यालय में कार्यरत अतिथि शिक्षकों का आवश्यकता आधारित शिक्षकों के रूप में समायोजन कर दिया गया है। ज्ञातव्य है कि अतिथि शिक्षकों के द्वारा पिछले 25 सितंबर से रांची विश्वविद्यालय परिसर में अपने बकाया मानदेय के भुगतान तथा समायोजन के लिए धरना दिया जा रहा था। अध्यक्ष अरविंद प्रसाद ने कहा कि हेमंत दादा की सरकार तथा मंत्री रामदास सोरेन द्वारा हमारी समस्याओं का समाधान इतने कम समय में त्वरित करना सशक्त सरकार और दृढ़ इच्छा को दर्शाती है। हम सभी शिक्षक हेमंत दादा और रामदास दादा के जीवन भर आभारी रहेंगे। वहीं संघ के संयोजक डॉ धीरज कुमार सिंह ने कहा कि इस ऐतिहासिक कार्य के लिए उच्च शिक्षा के प्रति सरकार की दूरदर्शिता और गंभीरता को दर्शाती है। कैबिनेट के पश्चात शिक्षक संघ का प्रतिनिधि मंडल मंत्री रामदास सोरेन के आवास में उन्हें पुष्प कुछ देकर तथा मिठाई खिलाकर खुशियां जताई।

संघ के प्रतिनिधि मंडल में कृष्णकांत, डॉ चक्षु पाठक, सौरभ कुमार विकास, डॉ आशीष कुमार, शुभम सौरव, शिवकुमार, राजू हजाम, सतीश, डॉ सतीश तिर्की, सूरज विश्वकर्मा, आसिफ अंसारी, , शाहबाज आलम, निहारिका महतो ज्योति, दीपशिखा आदि भारी संख्या में मंत्री को बधाइयां दी।



### सरकार का कोटि-कोटि आभार : कृष्ण प्रसाद

**रांची।** हेमंत सरकार ने सोमवार के कैबिनेट बैठक में बीआरपी सीआरपी को सामाजिक सुरक्षा के तहत भविष्य निधि कटौती की स्वीकृति दे दी है। इससे झारखंड के लगभग 2700 बीआरपी सीआरपी लाभान्वित होंगे। इसे लेकर बीआरपी सीआरपी संघ के अध्यक्ष कृष्ण प्रसाद ने सरकार को धन्यवाद दिया है। कहां की सरकार ने हमारे लिए एक अच्छा काम किया है इसके लिए हम सरकार को कोटि-कोटि आभार करते हैं।

## सीसीएल के सीएसआर मद से निगम दो अत्याधुनिक मशीनें खरीदेगा



**रांची।** रांची नगर निगम अंतगर्त विभिन्न जलाशयों, तालाबों, ड्रेंस इत्यादि के बेहतर सफाई के लिए सेंट्रल कोल फील्ड्स लिमिटेड (सीसीएल) एवं रांची नगर निगम के बीच एमओयू पर साइन किया गया है। इसके तहत सीसीएल के सीएसआर मद की राशि से निगम दो अत्याधुनिक मशीनें थ्रैश स्कीमर/वीड हार्वेस्टिंग मशीन और ड्रेन क्लीनिंग मशीन का खरीदेगा। विदित हो कि इन दोनों मशीनों की कुल लागत 3,20,00,000 (तीन करोड़ बीस लाख रुपये) होगी। इसमें वीड हार्वेस्टिंग मशीन की लागत 1,46,00,000 (एक करोड़ छियालीस लाख रुपए) तथा ड्रेन क्लीनिंग मशीन की लागत 1,74,00,000(एक करोड़ चौहत्तर लाख रुपए) होगी।

### प्रभाकर तिर्की बने भारत आदिवासी पार्टी के राष्ट्रीय सचिव

**रांची।** झारखंड आंदोलन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाले आजसू के संस्थापक व पूर्व अध्यक्ष प्रभाकर तिर्की को भारत आदिवासी पार्टी का राष्ट्रीय सचिव नियुक्त किया गया है। नियुक्ति पत्र सोमवार को पार्टी के सांसद राजकुमार रोत ने प्रदान किया। एसडीसी सभागार में हुई प्रेसवार्ता में सांसद ने कहा कि आगामी झारखंड विधानसभा चुनाव में पार्टी आदिवासियों के ज्वलंत मुद्दों को लेकर मैदान में उतरेगी। इसमें सरना धर्म कोड, आदिवासियों का पृथक धर्म कोड का मामला, लैंड बैंक का मामला सहित अन्य मामले शामिल हैं। उन्होंने कहा कि आने वाले दिनों में लोकतांत्रिक उत्सव में झारखंड की जनता अपने विवेक से अच्छा प्रदर्शन करने वाली है। हमारी पार्टी ऐसी पार्टी है, जो कम समय में ग्रोथ कर रही है। जिस उद्देश्य से झारखंड का निर्माण हुआ था, उस परिकल्पना को पूर्ववर्ती सरकार व वर्तमान सरकार ने पूरा नहीं किया। सरना धर्म कोड को केंद्र के पाले में फेंककर चुपचाप बैठ गई और केंद्र टाल-मटोल कर रहा है। झारखंड में अभी तक पेसा कानून लागू नहीं हुआ है।

# किडनी रोग का निदान, योग व प्राणायाम : योगाचार्य महेश पाल

- **भारतीय जनसंख्या का लगभग 10 प्रतिशत हिस्सा क्रॉनिक किडनी रोग (सीकेडी) से पीड़ित है**



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

वर्तमान समय के भाग दौड़ भरी जीवन में हम अपने स्वास्थ्य पर ध्यान नहीं दे पाते हैं जिसके कारण हम विभिन्न प्रकार के रोगों से ग्रसित हो जाते हैं। उन्हीं में से एक गंभीर बीमारी है किडनी रोग। योगाचार्य महेश पाल ने कहा कि वर्तमान समय में पूरे विश्व में किडनी रोगी बढ़ते जा रहे हैं। एक रिपोर्ट के अनुसार भारतीय जनसंख्या का लगभग 10 प्रतिशत हिस्सा क्रोनिक किडनी रोग (सीकेडी) से पीड़ित है। वहीं अंतरराष्ट्रीय स्तर पर यह संख्या चौकाने वाली हैं। अनुमान है कि दुनिया भर में 2 मिलियन से भी अधिक लोग किडनी फेलियर से पीड़ित हैं। इस बीमारी से पीड़ित रोगियों की संख्या में हर साल 5-7 प्रतिशत की दर से वृद्धि होती जा रही है। किडनी रोग होने के कई कारण देखे गए हैं जो इस प्रकार है, किडनी में पर्याप्त रक्त प्रवाह न होना, किडनी को प्रत्यक्ष क्षति, किडनी में मूत्र का जमा हो जाना, प्रोस्टेट ग्रंथि में वृद्धि, गुर्दे में पथरी, उच्च रक्तचाप, मधुमेह, सिगरेट व धूम्रपान का अत्यधिक सेवन, गर्भावस्था के दौरान जटिलताएं होना, जैसे एक्लेम्पसिया व प्रीक्लेम्पसिया, अत्यधिक शराब का सेवन एवं बिन्ज ड्रिंकिंग(जिसे महिलाओं के लिए 2 घंटे में लगभग चार ड्रिंक्स और पुरुषों के लिए 2 घंटे में पांच ड्रिंक्स के रूप में परिभाषित किया जाता है) बिन्ज ड्रिंकिंग एक जोखिम तीव्र किडनी फेलियर है जो किडनी के कार्य में अचानक गिरावट लाता है और किडनी फेलियर का कारण बनता है। किडनी की बीमारियां तब होती है जब आपकी किडनी क्षतिग्रस्त हो जाती है और आपके रक्त को फिल्टर नहीं कर पाती। क्रोनिक किडनी रोग में, क्षति कई वर्षों के दौरान होती है ग्लोमेरुलोनेफ्राइटिस, इस प्रकार की किडनी की बीमारी में ग्लोमेरुली को नुकसान पहुंचता है, जो आपके गुर्दे के अंदर फिल्टरिंग इकाइयां हैं। आपके गुर्दे के कई काम हैं, लेकिन उनका मुख्य काम आपके रक्त को साफ करना, विषाक्त पदार्थों, अपशिष्ट और अतिरिक्त पानी को मूत्र (पेशाब) के रूप में बाहर निकालना है। आपके गुर्दे आपके शरीर में इलेक्ट्रोलाइट्स (जैसे नमक और पोटेशियम) और खनिजों की मात्रा को भी संतुलित करते हैं, रक्तचाप को नियंत्रित करने वाले हार्मोन बनाते हैं, लाल रक्त कोशिकाओं का निर्माण करते हैं और आपकी हड्डियों को मजबूत रखते हैं।

## झारखंड प्रशासनिक सेवा के 19 अफसरों का तबादला

# उदय कुमार आरआरडीए के सचिव बने

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

झारखंड प्रशासनिक सेवा के 19 पदाधिकारियों का स्थानांतरण पदस्थापन किया गया है। इस संबंध में कार्मिक विभाग ने सोमवारको अधिसूचना जारी कर दी है।

प्रतीक्षारत रवि शंकर विद्यार्थी को संयुक्त सचिव कृषि एवं पशुपालन विभाग में पदस्थापित किया गया है। मंजू रानी को संयुक्त सचिव भू राजस्व विभाग भेजा गया है। पवन कुमार को संयुक्त सचिव महिला बाल विकास विभाग में पदस्थापित किया गया है। रतन कुमार को निदेशक लेखा प्रशासन पलामू के पद पर पदस्थापित किया गया है। हीरा कुमार को अपर समाहर्ता देवघर बनाया गया है। मनोज कुमार को क्षेत्रीय उपनिदेशक जियाडा बनाया गया है। मतियस विजय टोप्पो को निदेशक लेखा प्रशासन हजारीबाग के पद पर पदस्थापित किया गया है। धनंजय को जिला परिवहन पदाधिकारी, पूर्वी सिंहभूम, जमशेदपुर के पद पर यथावत बने रहेंगे। उदय कुमार को रांची क्षेत्रीय विकास प्राधिकार के सचिव पद पर पदस्थापित किया गया है।अनिता केरकेट्टा को भूमि सुधार उप समाहर्त्ता, जगन्नाथपुर (पश्चिमी सिंहभूम) के पद पर पदस्थापित किया गया है। सुनील कुमार प्रजापति को भूमि सुधार उप समाहर्त्ता, खूरी-महुआ (गिरिडीह) के पद पर पदस्थापित किया गया है। सच्चिदानन्द महतो को अगले आदेश तक भूमि सुधार उप समाहर्त्ता, बगोदर सरिया (गिरिडीह) के पद पर पदस्थापित किया गया है। महेश्वर महतो को अगले आदेश तक जिला भू-अर्जन पदाधिकारी, गुमला के पद पर पदस्थापित किया गया है। राजेन्द्र प्रसाद गुप्ता को अगले आदेश तक अवर सचिव, राज्यपाल सचिवालय के पद पर पदस्थापित किया गया है। प्रमोद राम को अगले आदेश तक जिला कल्याण पदाधिकारी, खूंटी के पद पर पदस्थापित किया गया है। किरण बोदरा को अगले आदेश तक अवर सचिव, गृह, कारा एवं आपदा प्रबंधन विभाग के पद पर पदस्थापित किया गया है। रविराज शर्मा नगर आयुक्त, धनबाद नगर निगम के पद पर यथावत बने रहेंगे। ओम प्रकाश यादव को अवर सचिव, श्रम नियोजन, प्रशिक्षण एवं कौशल विकास विभाग, झारखण्ड, रांची के पद पर पदस्थापित किया गया है।

## एक नजर

### सोनाहातू में घर में घुसकर धान और गेहूं खा गए हाथी

**सोनाहातू।** प्रखंड क्षेत्र के गलऊ और काशीडीह गांव में लगातार हाथियों ने उत्पात मचा रखा है। रविवार की रात सीतानाथ महतो के घर की दीवार तोड़कर हाथी धान और गेहूं खाने के साथ रौंदकर बर्बाद कर दिया। वहीं अन्य सामान नष्ट कर दिया। पीड़ित परिवार केलोग खिड़की से भागकर जान बचाई। हाथियों के झुंड ने केशव महतो की चहारदीवारी तोड़कर घर में घुसकर अनाज खा गए। गांव में हाथियों के उत्पात की सूचना मिलने पर गलऊ मुखिया सावना महली गांव पहुंचकर नुकसान की जानकारी ली और वन विभाग से बात कर तत्काल मुआवजा देने की बात कही। इस तरह हाथियों के तांडव से ग्रामीणों का रात को सोना मुश्किल हो गया है।

### सड़क हादसे में दो घायल

**मांडर।** प्रखंड के कैम्बो सरगांव मुख्य पथ पर सोमवार दोपहर हुए सड़क हादसे में दो युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। प्राप्त जानकारी के अनुसार बूढ़ाखुखरा निवासी 25 वर्षीय सूरज कच्छप और 28 वर्षीय मनीष खलखो अपने बाइक से कैम्बो जा रहे थे, इसी दौरान सामने से एक पिकअप वैन आ रहा था जिससे उनकी सीधी भिड़ंत हो गई। पिकअप वैन तमाड़ से मवेशीयों का चारा लेकर आया था और सरगांव से खाली कर वापस लौट रहा था तभी यह हादसा हुआ। हादसे के बाद ग्रामीणों ने तत्काल दोनों को रेफरल अस्पताल मांडर पहुंचाया जहां से प्राथमिक उपचार के बाद उनकी गंभीर स्थिति को देखते हुए उन्हें रिम्स रेफर किया गया। पर 108 वाली एंबुलेंस सेवा के हड़ताल पर रहने के कारण दोनों घायलों को प्राइवेट वाहन से रिम्स भेजना पड़ा।

### आदिवासी लोहरा समाज ने मुड़मा मेला को लेकर की बैठक

**मांडर।** आदिवासी लोहरा समाज मांडर प्रखंड की वैठक ऐतिहासिक मुड़मा मैदान में सोमवार को बजरंग लोहरा की अध्यक्षता में हुई। इसमें आगामी 18,19 अक्टूबर में लगने वाली ऐतिहासिक मुडमा जतरा को लेकर समाज की ओर से अधिक से अधिक संख्या में अपने पारम्परिक, भेष-भूषा गाजे-बाजे के साथ में में खोड़हा के रुप में शामिल होकर अपने पूर्वजों के लगाये जतरा को सफल बनाने हेतु आम सहमति बनी। प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी लोहरा जनजाति अपने पारम्परिक हथियार से लैस होकर जतरा में आयेंगे। बैठक में कार्तिक लोहरा, राजू लोहरा, राधामोहन लोहरा, रमेश लोहरा, अरविन्द लोहरा, हरि लोहरा, रीना देवी, विपती देवी समेत अन्य उपस्थित थे।

### इटकी में कई कांग्रेसियों ने भाजपा का दामन थामा

**इटकी।** प्रखंड के पलमा गांव स्थित होटल में आयोजित भाजपा के प्रखंडस्तरीय कार्यकर्ता सम्मेलन में कांग्रेस के दर्जनों कार्यकर्ता भाजपा में शामिल हो गए। जिला भाजपा ग्रामीण अध्यक्ष धीरज महतो, भाजपा नेता सन्नी टोप्पो और पूर्व विधायक गंगोत्री कुजूर ने सभी नए भाजपा सदस्यों को अंगवस्त्र और माला पहनाकर स्वागत किया। भाजपा नेता सन्नी टोप्पो ने कहा कि अब झारखंड में गठबंधन की सरकार डूबती नैया से लोग भाग रहे हैं। कार्यक्रम में पूर्व विधायक गंगोत्री कुजूर, जिला भाजपा ग्रामीण अध्यक्ष धीरज महतो, जिला परिषद सदस्य रीना देवी ने भी अपने विचार रखे। कांग्रेस को छोड़कर भाजपा का दामन थामनेवालों में प्रखंड कांग्रेस सचिव मोहित गोप, सुका उरांव, रोहित गोप, सूरज उरांव, बबलू गोप, अनुपम महतो, अमन उरांव, अनिल उरांव, संदीप उरांव, विजय केरकेट्टा, रवि केरकेट्टा, सावन पाहन, सूरज पाहन, विजय उरांव, पंचू मिंज, सतीश केरकेट्टा, सुमित केरकेट्टा आदि लोगों ने भाजपा की सदस्ता ली।

# मांडर विधानसभा क्षेत्र में बदलाव के लिए युवाओं को आगे आने की जरूरत : गुना भगत



**नवीन मेल संवाददाता। लापुंग** युवाओं खासकर बेरोजगार युवाओं, युवतियों, महिलाएं एवं क्षेत्र की जनता को अब जागने और मांडर विधानसभा क्षेत्र में बदलाव के लिए एकजुट होने की जरूरत है उक्त बातें लापुंग प्रखंड में मांडर विधानसभा क्षेत्र के झारखंड क्रांतिकारी लोकतांत्रिक मोर्चा के प्रभारी और घोषित प्रत्याशी गुना भगत ने कार्यकताओं को संबोधित करते हुए कही। पार्टी के वरिष्ठ नेता सुखदेव उरांव की अध्यक्षता में आयोजित बैठक के दौरान लापुंग प्रखंड में झारखंड लोकतांत्रिक क्रांतिकारी मोर्चा की प्रखंड स्तरीय कोर कमेटी का गठन किया गया। कोर कमेटी में धर्मपाल भगत, प्रमोद सिंह, सुरेंद्र गोप, डालू उरांव, मंगल बडाईक, शिवा उरांव, हाबील कच्छप, विजय गोप, चमन मुंडा, हरिया उरांव, जयनाथ मुंडा, अरुण मुंडा, पवन बडाईक, दीपक महली, वंदना भगत, संजय लकड़ा, रतन मुंडा, राजेन्द्र बडाईक, आशीष उरांव, चम्पा उरांव, बुधुवा उरांव, चामु मुंडा, नारायण महली, प्रफुल्ल स्वांसी, सुनील मुंडा को शामिल किया गया जिसमें टीम का प्रभारी जितिया उरांव को बनाया गया। बैठक के दौरान झारखंड लोकतांत्रिक क्रांतिकारी मोर्चा के केंद्रीय महासचिव दीपक महतो, दक्षिणी छोटानागपुर प्रमंडल के महामंत्री पंचम उरांव, महिला मोर्चा की संगीता खलखो एक्का, चारो उरांव, इटकी प्रखंड अध्यक्ष अरुण महतो की उपस्थिति में गुना भगत ने कहा कि आगामी विधानसभा चुनाव के लिए पार्टी की राजनीति, उसका सांगठनिक विस्तार, आर्थिक सामाजिक राजनीतिक सुधार तथा विधानसभा चुनाव के लिए आवश्यक रणनीति तय करना जरूरी है। उन्होंने पार्टी के उद्देश्य, पार्टी के सुप्रीमो जयराम महतो की विचारधारा तथा हक और अधिकार के लिए आगे आने की जरूरत है। सुखदेव भगत ने कहा कि झारखंड लोकतांत्रिक क्रांतिकारी मोर्चा खोखली विचारधारा वाली पार्टी नहीं है। हमारी विचारधारा को जमीन पर उतारने की जरूरत है। वहीं जितिया उरांव ने कहा कि जब जब देश में बदलाव हुआ है युवाओं ने ही महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है।

## विधायक ने सड़क निर्माण कार्य का किया शिलान्यास



**नवीन मेल संवाददाता। सिल्ली** सिल्ली प्रखंड अंतर्गत सोमवार के दिन संध्या में ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमंडल रांची के अंतर्गत बंता बुंडू पथ से छोटा चांगरु भाया हजाम तक पथ निर्माण जिसकी कुल लंबाई 2 किलोमीटर एवं बन्ता बुंडू रोड से बुरुडीह तक पथ निर्माण कार्य जिसकी कुल लंबाई 2.16 किलोमीटर का शिलान्यास झारखंड सरकार के पूर्व उपमुख्यमंत्री सह सिल्ली विधायक सुदेश कुमार महतो ने किया। इसी क्रम में उन्होंने जन संवाद करते हुए कहा कि विकास को नया आयाम देना ही मेरा मुख्य उद्देश्य है। पुल, पुलिया और सड़क का निर्माण हो जाने से आवागमन सरल हो जाता है तथा ग्रामीण क्षेत्र भी विकास के राह पर अग्रसर हो जाता है। मौके पर लोगों ने स्थानीय विधायक के समक्ष जन समस्याओं को भी रखा जिसका निदान उन्होंने शीघ्र ही कर देने की बातें कहीं। कार्यक्रम में प्रखंड प्रमुख जितेंद्र बड़ाईक, उप प्रमुख आरती देवी, पूर्व उप प्रमुख प्रफुल्ल कुम्हार, बुद्धिजीवी मंच के अध्यक्ष विजय चंद्र महतो, दिलीप सिंह मुंडा, हजाम के मुखिया गंगा नारायण सिंह मुंडा, बंता के पंसस छुटू सिंह मुंडा, ग्राम प्रधान छोटेलाल सिंह मुंडा, महिला प्रभारी मीनाक्षी देवी एवं यशोदा देवी समेत सैकड़ों ग्रामीण मौजूद रहे।

## न्यूज बॉक्स

### शिक्षक संघ के रांची जिला अध्यक्ष सफदर इमाम के जनाजे में शामिल हुए डॉ परमेश्वर भगत



**इटकी।** झारखंड राज्य माध्यमिक शिक्षक संघ के रांची जिला अध्यक्ष एवं सर्वोदय प्लस टू हाई स्कूल कांके के सहायक शिक्षक सफदर इमाम एवं उनके 9 वर्षीय पुत्र का सड़क हादसे में कल निधन हो गई थी। जिसकी जनाजे एवं मिट्टी आज बाद नमाज जोहर इटकी कब्रिस्तान में अदा की गई। इसकी जानकारी मिलते ही पूर्व डीडीसी सह मांडर विधानसभा के विधायक प्रत्याशी डॉ परमेश्वर भगत मरहूम के मिट्टी एवं जनाजे में शामिल होने उनके गांव इटकी पहुंचे। डॉ परमेश्वर भगत ने शोक संवेदनाएं व्यक्त करते हुए मरहूम के परिजन को ढांढस बंधाया एवं कहा कि हम सभी एक नेक दिल और ईमानदार आदमी को खो दिए जिसकी कमी हम सभी को हमेशा रहेगी। इस मौके पर झारखंड सरकार अल्पसंख्यक आयोग के उपाध्यक्ष जनाब शमशेर आलम, मोमिन कॉन्फ्रेंस के रांची जिला अध्यक्ष शमीम अख्तर आजाद, हाजी शाकिर इस्लाही, तौफीक अंसारी, शाहनवाज हुसैन, समीर खान सहित हजारों की संख्या में लोग उपस्थित हुए।

### राज्यस्तरीय कुश्ती प्रतियोगिता में निक्की उरांव ने जीता कांस्य पदक



**कटकमदाग, हजारीबाग।** शहर के सुभाष नगर स्थित पीएम श्री के.बी. उच्च विद्यालय के नवम कक्षा के छात्र निक्की उरांव ने राज्यस्तरीय कुश्ती प्रतियोगिता में कांस्य पदक जीतकर जिले के साथ साथ विद्यालय का नाम रौशन किया। विद्यालय परिवार की ओर से सोमवार को वंदना सभा में विद्यालय के प्रभारी प्रधानाध्यापक डॉ. सुनील कुमार सिंह ने मेडल पहनाकर निक्की उरांव को सम्मानित किया। उपस्थित शिक्षकों ने उज्जवल भविष्य की कामना कर बधाई दी। विद्यालय के खेल शिक्षक उपेंद्र कुमार अग्रवाल ने बताया कि स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग, झारखंड सरकार के बैनर तले खेलो झारखंड अंतर्गत पिछले माह जिलास्तरीय कुश्ती प्रतियोगिता में निक्की का चयन अंडर 14 वर्ग के 41 से 45 किलो ग्राम में हुआ था। उसके बाद 7-8 अक्टूबर को रांची खेल गांव में आयोजित राज्यस्तरीय प्रतियोगिता में खेल शिक्षक के साथ भाग लिया। जहां उन्होंने चार प्रतिभागियों को पछाड़कर कांस्य पदक हासिल किया। इस मौके पर विद्यालय के शिक्षक व छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

### बीआरपी सीआरपी संघ ने हेमंत सरकार के प्रति आभार व्यक्त किया

**बेड़ो।** आखिकार 19 वर्षों के सेवा के उपरांत बीआरपी सीआरपी को सामाजिक सुरक्षा के तहत भविष्य निधि कटौती की स्वीकृति झारखंड सरकार ने कैबिनेट में प्रदान की है। हेमंत सरकार के द्वारा सामाजिक सुरक्षा के तहत भविष्य निधि कटौती की स्वीकृति बीआरपी सीआरपी के लिए लंबे संघर्षों का परिणाम है। इसे लेकर बीआरपी सीआरपी एस एस संघ झारखंड 2700 बीआरपी सीआरपी परिवार की तरफ से अध्यक्ष कृष्णा प्रसाद सहित प्रदेश के सभी पदाधिकारी एवं जिला स्तरीय कमेटी के पदाधिकारियों ने हेमंत सरकार को साधुवाद दिया। हेमंत सरकार के प्रति कृतज्ञता जताते हुए कृष्ण प्रसाद ने कहा कि आने वाले दिनों में बीआरपी सीआरपी को पूर्ण रूप से न्याय मिलेगा। मानदेय बढ़ोतरी के साथ-साथ स्थायीकरण की ओर भी सरकार को ध्यान देने की जरूरत है। कृष्ण प्रसाद के साथ-साथ नितिन कुमार, जिला अध्यक्ष अजीत कुमार सिंह, मंटु कुमार साहु, सुनील कुमार गुप्ता, मनोज कुमार साहु, चंद्र मोहन ठाकुर, रविंद्र ठाकुर, कुमार सिकंदर सहित दर्जनों बीआरपी सीआरपी ने सरकार के प्रति आभार व्यक्त किया।

### सोनाहातू में प्रथम श्रेणी से उत्तीर्ण विद्यार्थी सम्मानित

**सोनाहातू।** प्रखंड के चोकाहातू के प्रमाणिक टोला में मैट्रिक और इंटरमीडिएट में प्रथम श्रेणी में उत्तीर्ण छात्र-छात्राओं को सोमवार को पुरस्कृत किया गया। वहीं बच्चों के बीच आयोजित डांस प्रतियोगिता में भाग लेनेवाले सभी प्रतिभागियों को सम्मानित किया गया। इस दौरान ग्राम प्रधान गोपाल मानकी और कमेटी के सभी सदस्यों ने विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

## रिम्स समेत झारखंड के सभी मेडिकल कॉलेजों के डॉक्टर करेंगे भूख हड़ताल




**नवीन मेल संवाददाता। रांची** कोलकाता में डॉक्टर 170 घंटे से अधिक समय से भूख हड़ताल कर विरोध प्रदर्शन कर रहे हैं. इसी कड़ी में आईएमए, जेडीएन और एफएआईएमए के राष्ट्रव्यापी आह्वान पर टीम झारखंड उनके समर्थन में आगे आई है. झारखंड के मेडिकल कॉलेजों के प्रतिनिधियों ने सोमवार को बैठक की और देशव्यापी आह्वान पर टीम झारखंड ने निर्णय लिया है कि झारखंड के सभी मेडिकल कॉलेजों के डॉक्टर मंगलवार की सुबह 6 बजे से शाम 6 बजे तक भूख हड़ताल पर रहेंगे. जिससे सभी वैकल्पिक और गैर-आपातकालीन सेवाएं बंद रहेंगी. यह एक शांतिपूर्ण विरोध प्रदर्शन होगा और आपातकालीन सेवाएं चालू रहेंगी और उनमें समुचित स्टाफ रहेगा, आपातकालीन सेवाओं के सुचारू संचालन को सुनिश्चित करने के लिए उन विभागों में डॉक्टरों की संख्या बढ़ाई जाएगी। .

## मां दुर्गा के नौ रूपों का किया गया नाट्य मंचन



**नवीन मेल संवाददाता। चान्हो** बाघवार अकादमी में सोमवार को कक्षा 5, 8 एवं 9 के छात्र एवं छात्राओं के द्वारा मां दुर्गा के नौ रूपों पहली शैलपुत्री, दूसरी ब्रह्मचारिणी, तीसरी चंद्रघंटा,चौथी कुष्मांडा, पांचवी स्कंदमाता, छठी कात्यायनी, सातवीं कालरात्रि, आठवीं महागौरी और नौवी सिद्धियात्री का नाट्य मंचन किया गया। इस नाट्य मंचन के माध्यम से मां दुर्गा के नौ रूपों के साथ साथ उनके द्वारा महिषासुर वध को भी दशार्या गया। कुलदीप कुमार के मार्गदर्शन में तैयार किया इस नाट्य मंचन में हिस्सा लेने वाले विद्यार्थियों के नाम उनकी कक्षा अनुसार इस प्रकार हैं- श्रेया रानी, शिवानी कुमारी, वैष्णवी कुमारी सुचिता कुमारी, रेशमा कुजूर, आदिति कुमारी, अंजली कुमारी, इशा प्रिया, माही कुमारी, पीहू रानी,निशा कुमारी, शिवम तिवारी, राहुल कुमार सभी कक्षा 9वीं के छात्र एवं छात्राएं हैं। आकांक्षा कुमारी एवं अरुण टोप्पो दोनों कक्षा 8 तथा सांची सलोनी, शिवानी कुमारी , आलिया निशा सभी कक्षा 5 की छात्राएं हैं।। यहां उपस्थित विद्यार्थियों सहित सभी शिक्षक एवं शिक्षिकाओं ने इस लघु नाटिका की अंतः मन से सराहना की। अपने संदेश भाषण में विद्यालय के निदेशक अशोक बाघवार ने कहा की दशहरा अथवा दुर्गा पूजा बुराई पर अच्छाई की जीत का प्रतीक है। विद्यार्थियों को संदेश देते हुए उन्होंने कहा कि अपने अंदर व्याप्त बुराई को निकाल सच्चाई के मार्ग पर चलें क्योंकि अंत में सच्चाई की ही जीत होती है। इस अवसर पर विद्यालय के सभी विद्यार्थी सहित सभी शिक्षक गण तथा नॉन टीचिंग स्टाफ मौजूद थे।

### बीडीओ ने जतरा की तैयारियों का लिया जायजा

# मेला में आए लोगों को किसी भी तरह की परेशानी ना हो : बीडीओ



**नवीन मेल संवाददाता। मांडर** प्रखंड स्थित मुड़मा में आगामी 18 एवं 19 अक्टुबर को लगने वाले जतरा को लेकर सोमवार को प्रखंड विकास पदाधिकारी मनोरंजन कुमार की अध्यक्षता में एक बैठक की गई। ऐतिहासिक राजी पाड़हा मुड़मा जतरा संचालन समिति की बैठक में सभी पहलुओं पर विचार विमर्श किया गया। इसमें जतरा की तैयारियों को लेकर चर्चा की गई। बैठक में विद्युत विभाग, पेय जल एवं स्वछता विभाग, खाद्य आपूर्ति विभाग, मनरेगा, स्वास्थ्य विभाग समेत अन्य विभागों के प्रतिनिधि उपस्थित हुए। इसमें जनता सुविधा का ख्याल रखते हुए हर विभाग को निर्देश दिया गया कि मेला में आगंतुक को किसी भी तरह की परेशानी ना हो। साथ ही पर्याप्त संख्या में वॉलिंटियर्स तैनात करने की बात की गई। मौके पर अंचलाधिकारी चंचला कुमारी, डीएसपी आरएन चौधरी, थाना प्रभारी राहुल, चिकित्सा प्रभारी डॉ किशोर कुल्लू, समजसेवी बाबू पाठक, सचिव रंथु उरांव, अनिल उरांव, बिहारी उरांव समेत अन्य लोग मौजूद थे।

**मुख्यमंत्री होंगे मुख्य अतिथि**

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से झारखंड मंत्रालय में ऐतिहासिक राजी पाड़हा जतरा समिति मुड़मा के एक प्रतिनिधिमंडल ने मुलाकात की। इस अवसर पर मुख्यमंत्री को प्रतिनिधिमंडल ने ऐतिहासिक राजी पाड़हा मुड़मा जतरा संचालन समिति ₹राजकीय परंपरागत ऐतिहासिक पाड़हा जतरा समारोह (मुड़मा मेला)₹ के अवसर पर आयोजित पूजा में मुख्य अतिथि के रूप में सम्मिलित होने हेतु सादर आमंत्रित किया। मौके पर ऐतिहासिक राजी पाड़हा जतरा समिति मुड़मा के मुख्य संयोजक धर्मगुरू बंधन तिग्गा, अध्यक्ष जगराम उरांव उपस्थित थे।

## खाटूनरेश का विशेष पर्व उत्सव कल होगा आयोजित



**नवीन मेल संवाददाता। रांची** श्रीश्याम मित्र मण्डल द्वारा हरमू रोड़ के श्रीश्याम मंदिर में शरद पूर्णिमा के शुभ अवसर खाटूनरेश का विशेष पर्व उत्सव आयोजित बुधवार 16 अक्टूबर को विविध कार्यक्रमों के साथ होगा। श्रीश्याम मित्र मंडल के प्रथम महामंत्री विश्वनाथ नारसरिया ने बताया कि खाटूधाम के श्रीश्याम मंदिर की परम्परा के अनुसार ही हरमू रोड़ के श्रीश्याम मंदिर में शरद पूर्णिमा उत्सव होगा। श्री नारसरिया ने बताया कि इस दिन मुख्य समारोह रात्रि 9.00 बजे प्रारंभ होगा, जिसमें खाटूनरेश की अखंड पावन ज्योति प्रज्ज्वलित करके भजन संकीर्तन की शुरूआत होगी। श्री परितोष, एवं मिनी प्रीतम भजनों का संगीतमय गायन करने के लिए आ रही है। श्री खाटूनरेश सहित श्रीश्याम मंदिर में विराजमान देवी देवताओं को वस्त्र, विशेष श्रृंगार श्वेत (सफेद) रहेगा। राजनीगंधा, गुलाब, कोरोनेशन, आर्किड, मोती आदि के सफेद फूलों की मोटी-मोटी फूल मालाओं से विशेष श्रृंगार किया जाएगा। इस दिन सभी के आभूषण भी श्वेत (सफेद) होंगे। प्रसाद भी लगभग सफेद ही रहेगा। खीर-पुड़ी व हरा मिरचा की लुंजी, श्वेत काजू मेवा, श्वेत नारियल का भोग अर्पित किया जाएगा। वर्ष भर सिर्फ एक बार गर्भगृहो में भी सफेद लाईट जलेगी। कोलकाता - बेंगलोर से फूल मालाये आ रही हैं। मण्डल के अध्यक्ष सुरेश सरावगी के नेतृत्व में भजन- संकीर्तन का कार्यक्रम होगा। देर रात तक भजनों का कार्यक्रम चलेगा। सभी तैयारी जोरों से चल रही है।

### दशहरा के नौ दिन बाद मुड़मा जतरा का होता है आयोजन

# उरांव जनजाति का सांस्कृतिक इतिहास समेटे है 1400 वर्ष पुराना यह मेला



**नवीन मेल संवाददाता। रांची** प्रत्येक वर्ष रांची जिला में एक आदिवासी मेला का आयोजन किया जाता है। यह आयोजन दशहरा के दसवें दिन रांची से करीब 28 किलोमीटर दूर रांची-डालटेनगंज मार्ग पर स्थित मांडर प्रखंड के मुड़मा गांव में होता है। इसलिए इसे मुड़मा जतरा कहते हैं। यह मेला उरांव व मुंडा जनजाति यों के बीच समझौते का प्रतीक है जो तत्कालीन रातू महराजा द्वारा कराया गया था। 1400 वर्ष पुराना यह मेला अपने में अपना इतिहास समेटे है। इस मेला में कई तरह के खेल-तमाशों का आयोजन होता है। बच्चे, बूढ़े, व्यस्क, महिलाएं सभी के लिए यह मेला मनोरंजन के साथ-साथ ऐतिहासिक होता है। पारंपरिक वेश-भूषा में सजे-धजे युवक-युवतियां, आखेट के लिए पीठ पर तलवार लिये घूम रहे आदिवासी, कई तरह की कलाकृतियां, बांस के औजार, बांस के खिलौने, पत्थर के प्याले, साल पत्ता और बांस से बना बिना हैंडल वाला छाता, चरखा, झूला देखने को मिलता है। बालूशाही बर्फी और गाजा जैसे कई लजीज पकवान भी यहां मिलते हैं। मान्यता है कि विश्व में कहीं भी रह रहे आदिवासियों को मुड़मा जतरा के दिन मां शक्ति की आराधना के लिए इस मेला में आना होता है। चालीस पड़हा के पाहन इस दिन पूरे विधि-विधान से पूजा अर्चना करते हैं। श्रद्धालु माथे पर जौ और गेंदा फूल से सुसज्जित कलश लेकर मां शक्ति की परिक्रमा करते हैं। इसके बाद हाथ में जल लेकर शक्ति खूंटा की पूजा-अर्चना की जाती है फिर प्रार्थना होती है।

### रामकुमार पाहन ने नगड़ी प्रखंड के गांवों का किया दौरा

**रांची।** खिजरी के पूर्व विधायक रामकुमार पाहन ने सोमवार को खिजरी विधानसभा क्षेत्र के नगड़ी प्रखंड के बांधेया, कैलेंडे, सिमपुर और हलहू क्षेत्र का दौरा कर ग्रामीणों की समस्याओं की जानकारी ली। ग्रामीणों ने कहा कि पिछले पांच वर्ष से क्षेत्र का विकास अवरूद्ध है। बिजली, पेयजल, शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार सभी क्षेत्र में समस्याएं बरकरार है। वहीं रामकुमार पाहन ने कहा कि अब स्थिति बदलेगी, राज्य में भाजपा की सरकार बनेगी और लोगों के समस्याएं दूर होंगी। इस बार झारखंड में बीजेपी की सरकार बनने जा रही है, जिससे लोगों को हर तरह की सुविधाएं पूरी की जायेंगी। आज ग्रामीण पिछड़े हैं वह अब नहीं रहेंगे। भाजपा के आने पर ही सुधार किया जा सकता है। मौके पर रंजीत सिंह, अनिल गोप, अविनाश मुंडा, विकास तिर्की, बलकू तिर्की, चारो उरांव, दिलीप उरांव, बंधना मुंडा, सरस्वती मुंडा, बुलिया मिंज, यशोदा तिर्की आदि मौजूद थे।

# आवास पर नहीं थे मंत्री के आप्त सचिव पुलिस की मौजूदगी में तोड़ा गया ताला

*ईडी को यहां कोई दस्तावेज नहीं मिले, न ही कोई डिजिटल डिवाइस ही ईडी ने जब्त किया है*




**नवीन मेल संवाददाता। रांची** जल जीवन मिशन व पेयजल स्वच्छता विभाग में अनियमितता के मामले में मंत्री मिथलेश ठाकुर के आप्त सचिव हरेंद्र सिंह के यहां ईडी की टीम पहुंची, तब वह अपने छप्पन सेट स्थित आवास पर मौजूद नहीं थे। ईडी के असिस्टेंट डायरेक्टर हिमांशु चौधरी ने हरेंद्र सिंह के संबंध में जानकारी जुटाई तो पता चला कि वह दो-तीन दिनों के लिए आउट आफ स्टेशन हैं। बाद में ईडी के अधिकारियों ने डोरंडा थाने के इंस्पेक्टर जयदीप टोप्पो को सूचना दी। इसके बाद पुलिस की मौजूदगी में उनके मकान का ताला तोड़ा। ईडी की टीम ने डुप्लीकेट चाबियां बनवाकर डोरंडा पुलिस की मौजूदगी में अलमारी की जांच की। तीन कमरों की जांच के बाद देर शाम छह बजे ईडी की टीम यहां से निकली। जानकारी के मुताबिक, ईडी को यहां कोई दस्तावेज नहीं मिले, न ही कोई डिजिटल डिवाइस ही ईडी ने जब्त किया है। ईडी की टीम स्वतंत्र गवाहों की मौजूदगी में पंचनामा साटकर वहां से निकली।

ईडी की टीम मंत्री मिथलेश ठाकुर के भाई विनय कुमार ठाकुर के चाईबासा आवास पहुंची तो वह भी मौके पर मौजूद नहीं थे। ईडी ने वहां काम करने वाले दो कर्मियों अजय कुमार ठाकुर व सहदेव नाग की मौजूदगी में सारी कार्रवाई की। मंत्री के भाई विनय से ईडी ने संपर्क किया तो उन्होंने गढ़वा में होने की बात बतायी। साथ ही उन्होंने आवास के कर्मियों को जांच में सहयोग करने को कहा। ईडी ने जांच के क्रम में 46 पन्ने वहां जब्त किए हैं। आवास से कोई डिजिटल डिवाइस ईडी ने जब्त नहीं किया है।

## एक नजर

### नदी में नहाने गए बच्चे की डूबने से मौत, गांव में पसरा मातम

**बरकट्ठा।** थाना क्षेत्र के कुंडिलवा नदी में नहाने गये 10 वर्षीय परमवीर कुमार यादव उर्फ गोलू कुमार, पिता जयकुमार यादव ग्राम गरांय, कोडरमा निवासी की डुबने से मौत हो गई। लोगों के मुताबिक परमवीर कुमार अपने ननिहाल बरकट्ठा डीह रविवार को दुर्गापूजा को लेकर दस बजे के लगभग आया था। वहीं तीन चार बच्चे के साथ ग्यारह बजे नदी नहाने गया जहां नहाने के दौरान गहरे पानी में डुब गया। खबर पाते ही परिजन और ग्रामीणों ने बच्चे को बाहर निकाला और आनन-फानन में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बरकट्ठा लाया गया तबतक बच्चा दम तोड चुका था। घटना के बाद मृतक के परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल है वहीं गांव में शोक की लहर दौड़ गई।

### कोडरमा की 108 एंबुलेंस के चालक गए हड़ताल पर

**कोडरमा।** आपातकालीन परिस्थितियों में आपकी एक कॉल पर सायरन बजाते हुए घटनास्थल तक पहुंच कर आपको इलाज के लिए हॉस्पिटल पहुंचने वाली 108 एंबुलेंस की सेवा आपको अगले कुछ दिनों तक नहीं मिल पाएगी। इससे सड़क दुर्घटना समेत सदर हॉस्पिटल से बेहतर इलाज के लिए रेफर होने वाले मरीजों को परेशानियों का सामना करना पड़ सकता है। उक्त एंबुलेंस के चालक और टेक्नीशियन अपनी मांगों को लेकर सोमवार की रात आठ बजे से बेमियादी हड़ताल पर चले गए हैं। इस वजह से जिलेभर की 13 एंबुलेंस के पहिए पर ब्रेक लग गया है। हड़ताल में एंबुलेंस के 26 चालक और 26 टेक्नीशियन शामिल हैं। वे सभी मंगलवार को सदर हॉस्पिटल में एकजुटता का प्रदर्शन करेंगे।

### दिनेश बने झारखंड अंडर 23 क्रिकेट टीम के मैनेजर

**कोडरमा।** जिला क्रिकेट एसोसिएशन के सचिव दिनेश सिंह को जेएससीए ने बीसीसीआई द्वारा आयोजित कर्नल सीके नायडू ट्रॉफी में भाग लेने वाली झारखंड अंडर-23 क्रिकेट टीम का मैनेजर नियुक्त किया है। बता दें कि झारखंड स्टेट क्रिकेट एसोसिएशन ने इसके पूर्व भी कई महत्वपूर्ण जिम्मेवारियां उन्हें दी थी। झारखंड टीम अपने मैच खेलने हरियाणा , हैदराबाद सहित अन्य राज्यों का दौरा करेगी। उनके मैनेजर बनाए जाने पर केडीसीए के संरक्षक एसपी अनुदीप सिंह,अमरजीत सिंह छाबड़ा, विवेकानंद चौधरी, अनिल सिंह, मनोज सहाय पिंकू, डॉ उपेंद्र भदानी,कृष्णा बरहपुरिया, विनोद विश्वकर्मा, पंकज सिंह, पंकज सिंह, जयश्री द्विवेदी समेत सभी खेल एसोसिएशन के पदाधिकारी, खेल प्रेमी और सामाजिक संगठन के पदाधिकारियों ने हर्ष जताया है।

कौशल विकास विभाग ने किया अप्रेंटिसशिप मेले का आयोजन

# विद्यार्थियों को कौशल पर भी ध्यान देना आवश्यक : डायरेक्टर



*अप्रेंटिसशिप मेले का आयोजन विद्यार्थियों के बीच होना चाहिए, ताकि वे आगे बढ़ सकें*

**नवीन मेल संवाददाता। हजारीबाग**
ज्ञान ज्योति मेमोरियल महाविद्यालय, हजारीबाग में श्रम नियोजन प्रशिक्षण एवं कौशल विकास विभाग के द्वारा अवर प्रादेशिक नियोजनालय, हजारीबाग के असिस्टेंट डायरेक्टर सह एंप्लॉयमेंट ऑफिसर, हजारीबाग देव कुमार प्रसाद के तत्वावधान में अप्रेंटिसशिप मेले का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम के दौरान ज्ञान ज्योति मेमोरियल महाविद्यालय, हजारीबाग के निदेशक शंभू कुमार ने कहा कि इस तरह के अप्रेंटिसशिप मेले का आयोजन सभी विद्यार्थियों के बीच होना चाहिए। जिससे उन्हें रोजगार की प्राप्ति हो साथ ही उन्होंने कहा कि विद्यार्थियों को विभिन्न प्रकार की कौशल की पढ़ाई पर भी ध्यान देना जरूरी है, जिससे उन्हें भविष्य में रोजगार सुनिश्चित हो सके। इस मेले में जी. एम. ग्रुप ऑफ कॉलेज, हजारीबाग के विभिन्न विद्यार्थियों ने भाग लिया, साथ ही साथ इस मेले में रिश्ता पॉलिमर, रेडेन फ्यूचर, क्षितिज हॉस्पिटल, राधा गोविंद, डिवाइन स्टील आदि कई तरह की कंपनियों के समन्वयक आए हुए थे। कंपनी के समन्वयक द्वारा सर्वप्रथम कार्य से संबंधित जानकारी प्रदान किया गया तत्पश्चात साक्षात्कार का आयोजन किया गया। जिसमें चयनित प्रतिभागियों को ऑफर लेटर दिया गया साथ ही साथ कुछ प्रतिभागियों का डॉक्यूमेंट लिया गया हैं, जिन्हें शॉर्ट लिस्ट करने के पश्चात ऑफर लेटर दिया जाएगा।

बानादाग में रंगमंच प्रतियोगिता आयोजित

# सामूहिक नृत्य में नंदू ग्रुप बना विजेता



**नवीन मेल संवाददाता। कटकमदाग/हजारीबाग**
प्रखंड के ग्राम बानादाग में सार्वजनिक दुर्गा पूजा समिति के 25वीं वर्षगांठ के अवसर पर रंगमंच प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ समिति के अध्यक्ष व गणमान्य लोगों ने केक काट कर व दीप प्रज्जवलित कर किया। ग्रामीण युवा कलाकारों ने नृत्य, संगीत, कॉमेडी, चुटकुले व जागरूकता आधारित नाटक की प्रस्तुत कर लोगों को मंत्रमुग्ध किया। सामूहिक नृत्य में नंदू ग्रुप प्रथम स्थान, साधना ग्रुप द्वितीय स्थान एवं दिनेश ग्रुप तृतीय स्थान पर रहा। जबकि एकल नृत्य में रश्मि कुमारी प्रथम, अंशिका कुमारी द्वितीय व रौशनी कुमारी ने तृतीय स्थान प्राप्त की। जबकि जागरूकता आधारित नाटक में निधि समूह ने स्त्री शिक्षा पर आधारित नाटक प्रस्तुति कर प्रथम स्थान, पिंटू समूह ने नशा मुक्ति पर आधारित नाटक प्रस्तुति कर द्वितीय स्थान व आर्यन समूह ने सोशल मीडिया का दुष्प्रभाव पर आधारित नाटक प्रस्तुति कर तीसरे स्थान प्राप्त किया। प्रतियोगिता में प्रथम, द्वितीय व तृतीय के अलावा बेहतर प्रदर्शन करने वाले अन्य प्रतिभागियों को भी पुरस्कृत कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का संचालन सागर कुमार उर्फ कन्हैया ने किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में अध्यक्ष नारायण महतो, उपाध्यक्ष विकास कुशवाहा, सचिव विनोद प्रसाद, मनीष कुमार सहित अन्य का सहयोग रहा।

## न्यूज बॉक्स

### सेवानिवृत्त शिक्षक जीवाधन साहू को मातृशोक



**बरकट्ठा।** प्रखंड क्षेत्र के कल्हाबाद निवासी सेवानिवृत शिक्षक जीवाधन साहू की माता घमियां देवी (105 वर्ष) का निधन सोमवार को पूर्वाहन 12:30 बजे उनके पैतृक निवास स्थान में हो गया। विदित हो कि मृतका अपने पीछे दो पुत्र जीवाधन साहू एवं नंदकिशोर प्रसाद समेत अपना भरा पूरा परिवार को छोड़कर चल बसी। वहीं उनके निधन की खबर सोशल मीडिया पर पोस्ट की गई तो श्रद्धांजलि देने का लोगों में तांता लग गया। इस दौरान बातचीत के क्रम में बरकट्ठा अखिल झारखंड प्राथमिक शिक्षक संघ के प्रखंड अध्यक्ष शशि भूषण प्रसाद ने कहा कि मेरी दादी मां घमियां देवी मुझे अत्यधिक स्नेह देती थी इसलिए उनके निधन से मुझे गहरा दुख हुआ है। बताया कि सोमवार के दिन ही उनके पैतृक निवास स्थान में उनका अग्नि संस्कार किया जाएगा।

### श्री श्री दुर्गा प्राण प्रतिष्ठा महायज्ञ को लेकर ग्रामीणों ने की बैठक



**बरकट्ठा।** प्रखंड क्षेत्र के तुईयो में श्री श्री दुर्गा प्राण प्रतिष्ठा महायज्ञ को लेकर ग्रामीणों की बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता मुखिया शंकर रविदास और संचालन युगल मंडल ने किया। बैठक में 4 फरवरी 2025 से शुरू होने वाले महायज्ञ को लेकर विचार-विमर्श किया गया। साथ ही महायज्ञ को सफल बनाने हेतु समिति का गठन किया गया जिसमें अध्यक्ष उतम महतो, उपाध्यक्ष विनोद रविदास, सचिव बसंत कुमार कोषाध्यक्ष नंदकिशोर प्रसाद और फलजीत राणा को बनाया गया वहीं राम प्रसाद राम, बिरेंद्र राणा, नारायण प्रसाद, राजेश प्रसाद, सहोदर कुमार, भेखलाल राणा समेत 12 लोगों का कार्यकारणी सदस्य बनाया गया। मौके पर कामेश्वर प्रसाद,रामू राम, अनिल प्रसाद, डेगलाल राणा, लक्ष्मण महतो समेत आदि ग्रामीण लोग उपस्थित थे।

### झारखंड का मुख्य धरोहर है आदिवासी समाज, मुख्य धारा से जुड़े : एसडीओ



**बरही ।** रविवार को खोड़ाहर पंचायत के कुंडवा में ऐतिहासिक 70वां जतरा मेला धूमधाम से आयोजित हुआ. जिसमे बतौर मुख्यातिथि एसडीओ जोहान टुडू व विशिष्ट अतिथि प्रमुख मनोज रजक शामिल हुए. जतरा मेला में हजारों की संख्या में दर्शक शामिल हुए. जिसमे आदिवासी नृत्य, संगीत जैसे सांस्कृतिक कार्यक्रमों की छटा देखते ही बन रही थी. कार्यक्रम की शुरूआत भगवान बिरसा के आदम कद प्रतिमा पर माल्यार्पण और पुष्पांजलि के साथ हुई। एसडीओ श्री टुडू ने कहा कि झारखंड के मुख्य धरोहर के रूप में आदिवासी समाज को जाना जाता है. सरकार इन्हे सुरक्षित और संरक्षित करने के लिए कई योजनाएं चला रखी है. इस समाज के मुख्य धारा से जोड़ने के लिए राज्य और केंद्र सरकार सतत प्रयत्नशील रही है. आदिवासी समाज झारखंड के मुख्य धरोहर है, इन्हे मुख्य धारा से जुड़ने की आवश्यकता है. मौके पर उन्होंने आदिवासियों के कई कल्याणकारी योजनाओं की भी चर्चा किया. प्रमुख श्री रजक ने 70वे मेला के आयोजन पर आयोजन समिति को बधाई दिया. उन्होंने कहा कि आदिवासियों को यह ऐतिहासिक परंपरा बरकरार रहे इसके लिए जागरूकता अनिवार्य है।

### चंद्रवंशी समाज के लोगों का जीवन स्तर सुधारने का निर्णय

**कोडरमा।** चंद्रवंशी विकास मंच कोडरमा की मासिक बैठक रविवार को शिव मोहल्ला निवासी मंच उपाध्यक्ष रवि राम के आवास पर हुई। बैठक में नवंबर माह में जरासंध जयंती समारोह आयोजित करने का निर्णय लिया गया। बैठक में सचिव महेश भारती ने कार्य रिपोर्ट पेश किया और समाज के अंदर राजनीतिक, शैक्षणिक स्तर को ऊंचा उठाने पर जोर दिया। भारती ने कहा कि कोडरमा विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत चंद्रवंशी समाज की करीब 52 हजार से भी अधिक संख्या सिर्फ मतदाता होने के बाबजूद समाज को किसी भी राजनीतिक दल तरजीह नहीं देते हैं।

# दर्जनों महिलाओं व छात्राओं ने अटल विचार मंच का थामा दामन



**नवीन मेल संवाददाता। हजारीबाग**
अटल विचार मंच, सदस्यता प्रभारी प्रियंवदा के नेतृत्व में बाडम बाजार के दर्जनों महिलाओं एवं छात्राओं ने अटल विचार मंच का दामन थामा। सदस्यता ग्रहण करने वाली महिलाओं ने कहा कि यशवंत सिन्हा के नेतृत्व में ही झारखंड का विकास हो सकता है। उनके नेतृत्व में ही झारखंड राज्य को भय,भूख , भ्रष्टाचार से मुक्ति मिलेगी। इस अवसर पर सदस्यता प्रभारी प्रियंवदा ने कहा कि अटल विचार मंच से जुड़ने के लिए आज हजारों महिलाएं तैयार हैं। अगर हमें मान सम्मान के साथ अपना जीवन व्यतीत करना है तो अटल विचार मंच के संस्थापक यशवंत सिन्हा के हाथों को मजबूत करना होगा। अटल विचार मंच के बढ़ते प्रभाव को देखते हुए आज हर राजनीतिक दल चिंतित है।झारखंड की जनता ने उन सभी राजनीतिक दलों के विकल्प के रूप में अटल विचार मंच को चुनने का निर्णय कर लिया है। जनता की एक ही आवाज है यशवंत है तो मुमकिन है, बाकी सब धोखा है। उक्त जानकारी अटल विचार मंच के मीडिया प्रभारी अनिल सिन्हा ने दिया।

विधायक ने वार्ड नंबर 26 के महादेव मंदिर में योजना का किया शिलान्यास

# रामगढ़ विस क्षेत्र का संपूर्ण विकास हमारा लक्ष्य : विधायक



**नवीन मेल संवाददाता। रामगढ़**
रामगढ़ विधायक सुनीता चौधरी रामगढ़ विधानसभा क्षेत्र के विकास के लिए लगातार प्रयासरत हैं। इसी क्रम में सोमवार को मुख्य अतिथि विधायक सुनीता चौधरी एवं विशिष्ट अतिथि आजसू के केंद्रीय सचिव मनोज कुमार महतो ने नगर परिषद क्षेत्र के वार्ड नंबर 26 अंतर्गत कुसुमटोला महादेव मंदिर में 21 लाख रूपए की लागत से बननेवाली पेवर्स ब्लॉक व चहारदीवारी का विधिवत रूप से शिलान्यास किया। मौके पर मुख्य अतिथि विधायक सुनीता चौधरी ने कहा की मेरा लक्ष्य रामगढ़ विधानसभा का संपूर्ण विकास है। विधायक श्रीमति चौधरी ने कहा की कहने रामगढ़ विधानसभा क्षेत्र के लोगों से जो भी वादा किया था सभी को धरातल पर उतारने का कार्य किया गया है। विधायक सुनीता चौधरी ने कहा की रामगढ़ विधानसभा क्षेत्र में घर-घर नल योजना, सभी गांवों में पथों और नालियों का निर्माण करवाया गया है। साथ ही तालाबों के सौंदर्यीकरण का कार्य किया गया है। विधायक ने कहा की आजसू पार्टी केवल वादा करने में यकीन नही करती है बल्कि अपने वादों को धरातल पर उतारने का कार्य आजसू पार्टी की नीति और सिद्धांत है। विधायक ने कहा की रामगढ़ विधानसभा क्षेत्र के लोगों को यदि कहीं पर भी किसी तरह की परेशानी हो रही हो तो हमें बताएं हम उनकी परेशानी को दूर करने का पूरा प्रयास करेंगें। वहीं, आजसू के केंद्रीय सचिव मनोज कुमार महतो ने कहा की आजसू पार्टी अपने वादों को पूरा करने में विश्वास करती है। उन्होंने कहा कि इसका उदाहरण रामगढ़ विधानसभा क्षेत्र का किया गया विकास है।

# रेलवे लाइन निर्माण की मांग पर लगातार चल रहा हस्ताक्षर अभियान : अनूप भाई



*अभिभावक अपने बच्चों को हॉस्टल या किराए के मकान में रखकर पढ़ाई करवाते हैं, जिसमें बहुत अधिक खर्च आता है*

**नवीन मेल संवाददाता। बरकट्ठा / हजारीबाग**
बरकट्ठा विधानसभा के चलकुशा से बरकट्ठा, इचाक होते हुए हजारीबाग शहर तक रेलवे लाइन निर्माण की मांग को लेकर भाजपा नेता अनूप भाई ने बरकट्ठा प्रखंड क में चलाया हस्ताक्षर अभियान। इस अभियान में दस हजार से अधिक लोगों का हस्ताक्षर के साथ देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी तथा केंद्रीय रेल मंत्री से पत्र के माध्यम से मांग किया जाएगा।हस्ताक्षर के सभी पत्र सरकार को सौंपी जाएगी। भाजपा ने अनूप भाई ने बताया कि यह हस्ताक्षर अभियान चलाने का मुख्य उद्देश्य बरकट्ठा विधानसभा के अंतर्गत आने वाले प्रखंड चालकुश, इचाक, बरकट्ठा का पूरा व्यवस्था हजारीबाग शहर पर आश्रित है। यहां का विद्यार्थी हजारीबाग जाकर प्रत्येक दिन उच्च स्तरीय पढ़ाई करते हैं, जिसमें आवागमन में बहुत अधिक खर्च होता है। दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। आवागमन से बचने के लिए अभिभावक अपने बच्चों को हॉस्टल या किराए के मकान में रखकर पढ़ाई करवाते हैं, जिसमें बहुत अधिक खर्च गिरता है। गरीब तबके के परिवार अपने बच्चों को शहर में रखकर अच्छी पढ़ाई नहीं करवा पा रहे, हैं रेलवे सुविधा होने से क्षेत्र वासियों को कम लागत में आवागमन की सुविधा होगी। वहीं इस हस्ताक्षर अभियान पर आम जनता ने अपना राय देते हुए कहा कि अनूप भाई का सोच बरकट्ठा विधानसभा के प्रति है, जो जमीनी मुद्दा को प्राथमिकता से रख रहे हैं। रेल आने से क्षेत्र में रोजगार और सुविधा दोनों मिलेगा। हस्ताक्षर अभियान में मुख्य रूप अशोक चंद्रवंशी, अजय कुमार चंद्रवंशी, मुंशी राम, शंभू चंद्रवंशी, सागर कुमार, रौशन चंद्रवंशी, पांडे, अवधेश राम, नंदू रविदास, महेश कुमार,अवध किशोर आदि कई लोग शामिल रहे।

प्राचार्य ने नव पदस्थापित वीसी से की मुलाकात, समस्याओं से कराया अवगत

# शिक्षकों की कमी दूर करने व चांसलर पोर्टल शुरू करने की मांग की



**नवीन मेल संवाददाता। बरही**
नव स्थापित डिग्री कॉलेज चंदवारा के प्रभारी प्राचार्य डॉ जयप्रकाश आनंद ने विनोबा भावे विश्व विद्यालय के नव पदस्थापित कुलपति पवन कुमार पोद्दार से शिष्टाचार मुलाकात किया. इस दौरान उन्होंने ने प्राचार्य का बुके देकर स्वागत भी किया. साथ ही महाविद्यालय के समस्याओं से अवगत कराया. प्राचार्य डॉ आनंद ने कुलपति को महाविद्यालय में शिक्षको को कमी की जानकारी देते हुए दूर करने की मांग किया. उन्होंने बताया कि महाविद्यालय के चांसलर पोर्टल चालू नही होने के बाबजूद 150 विद्यार्थियों का नामांकन लिया जा चुका है. चांसलर पोर्टल प्रारंभ कर देने से नामांकन में विद्यार्थियों को सुविधा होगी और विद्यार्थियों की संख्या में भी बढ़ोतरी होगी. उन्होंने कुलपति से इसे शीघ्र चालू करने का मांग किया. जिसे वीसी ने गंभीरता से लेते हुए सकारात्मक पहल करने का आश्वासन दिया. विदित हो कि श्री पोद्दार बिनोद बिहारी महतो विश्वविद्यालय कोयलांचल के धनबाद के प्रतिकुलपति ने विनोबा भावे विश्वविद्यालय में कुलपति का प्रभार ग्रहण कर चुके हैं।

विधायक अकेला ने दो बड़ी योजनाओं का किया शिलान्यास, कहा

# मात्र 3 वर्षों के सेवाकाल में हर संभव चौतरफा विकास का रहा प्रयास



**नवीन मेल संवाददाता। बरही**
स्थानीय विधायक उमाशंकर अकेला यादव सोमवार को प्रखंड के केदारूत पंचायत में करोड़ों की लागत से बनानेवाली दो बड़ी योजनाओ का शिलान्यास किया. जिसके तहत डीएमएफटी योजना से ग्राम खेरौन से कटियोन तक के सड़क तथा आरईओ से केदारूत से कजरा तक के सड़क निर्माण कार्य शामिल है. दोनो मार्ग एक महत्पूर्ण बताया जा रहा है. जिससे ग्रामीणों को प्रखंड मुख्यालय से जुड़ने में सुविधा होगी. इस अवसर पर ग्रामीणों को सम्बोधित करते हुए विधायक श्री अकेला ने कहा कि 2019-24 के पांच वर्ष के कार्यकाल में प्रारंभ के दो वर्ष कोविड काल में चला गया. इस दौरान सभी विकासात्मक कार्य अवरुद्ध रहे. कार्य करने के लिए उन्हें मात्र तीन वर्ष का समय मिला. इस दौरान उन्होंने विस क्षेत्र के हर एक गांव और पंचायत के मूल भूत समस्याओं सहित बड़ी योजनाओ को क्रियान्वित करवाने का हर संभव प्रयास किया. उन्होंने कहा कि विस क्षेत्र से भय और भूख को हटाने का काम किया है. उन्होंने जनता से एक बार फिर अपना समर्थन देने की अपील किया. इस अवसर पर प्रखंड बीस सुत्री अध्यक्ष इकबाल रजा, कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष अब्दुल मनान वारसी, अर्जुन यादव, भोला सिंह, बीबीस सिंह, मिथलेश सिंह, महेश यादव, अशोक ठाकुर, पवन सिंह, मो रिजवान, देवा यादव सहित सैकड़ो ग्रामीण मौजूद थे।

बरही मुखिया संघ ने नव पदस्थापित बीडीओ का किया स्वागत

# जनप्रतिनिधियों के साथ समन्वय स्थापित कर किए जाएंगे विकास के कार्य : बीडीओ



**नवीन मेल संवाददाता। बरही**
मुखिया संघ के अध्यक्ष विजय कुमार यादव की अगुवाई में बरही मुखिया संघ ने नव पदस्थापित बीडीओ जयपाल महतो से औपचारिक मुलाकात किया. इस दौरान नव पदस्थापित बीडीओ को संघ की ओर से बुके देकर स्वागत किया गया. साथ ही पंचायती योजनाओ के क्रियान्वयन में पंचायत प्रतिनिधियों की सहभागिता अनिवार्य रूप से होने की बात कही. मुखिया संघ के अध्यक्ष श्री यादव ने बरही प्रखंड के विभिन्न पंचायतों के वस्तुस्थिति से संक्षिप्त अवगत कराया. साथ ही सभी मुखिया व प्रतिनिधियों से बीडीओ का परिचय करवाया. मुखिया ने सबों की बातो को गंभीरता से सुनी और नियम संगत योजनाओ की क्रियान्वयन का आश्वासन दिया. उन्होंने आश्वस्त किया कि पंचायती राज योजनाओ के क्रियान्वयन के पूर्व पंचायत प्रतिनिधियों का निश्चित रूप समन्वय स्थापित किया जायेगा. उन्होंने भी पंचायत प्रतिनिधियों से प्रखंड के विकास के लिए पारदर्शिता के साथ सहयोगात्मक रवैया अपनाने की बात कही. बीडीओ से मिलने वालो में अध्यक्ष सहित बरही पश्चिमी मुखिया शमशेर आलम, करसो मुखिया पति मुकेश राम आदि शामिल थे।

# हमारे समाज को ऐसी प्रतिभाओं की जरूरत है जो कला के माध्यम से प्रेरित करे : सुधीर मंगलेश

*कलाकारों ने विभिन्न नाट्य प्रस्तुतियों के माध्यम से सामाजिक मुद्दों को उठाया और अपनी कलात्मक क्षमता का प्रदर्शन किया*



**नवीन मेल संवाददाता। रामगढ़**
दुलमी प्रखंड के प्राचीन दुर्गा मंदिर सिरु में रात्रि में स्थानीय युवाओं द्वारा ड्रामा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें बतौर अतिथि दुलमी प्रखंड बीस सूत्री अध्यक्ष सुधीर मंगलेश शामिल हुए। बीस सूत्री अध्यक्ष सुधीर मंगलेश ने कहा कि ड्रामा का उद्देश्य स्थानीय युवाओं को कला और संस्कृति के प्रति जागरूक करना और उनकी प्रतिभा को प्रोत्साहित करना था। उन्होंने ड्रामा के महत्व पर प्रकाश डाला और युवाओं से अपील की कि वे नाट्य कला के माध्यम से समाज में सकारात्मक परिवर्तन लाने की दिशा में काम करें। उन्होंने कहा, ₹कला सिर्फ मनोरंजन का साधन नहीं, बल्कि समाज का दर्पण है। हमें अपनी संस्कृति और सामाजिक मूल्यों को उजागर करने का यह एक सशक्त माध्यम प्रदान करता है। इस कार्यक्रम में क्षेत्र के युवा कलाकारों ने विभिन्न नाट्य प्रस्तुतियों के माध्यम से सामाजिक मुद्दों को उठाया और अपनी कलात्मक क्षमताओं का प्रदर्शन किया। उनकी प्रस्तुतियों ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया और सभी ने युवाओं के इस प्रयास की सराहना की। कहा की मैं स्थानीय युवाओं के इस उत्साह और उनकी कलात्मक अभिव्यक्ति से बहुत प्रभावित हूं । हमारे समाज को ऐसे प्रतिभाओं की जरूरत है, जो कला के माध्यम से समाज को जागरूक और प्रेरित करें। मैं इस तरह के कार्यक्रमों का हमेशा समर्थन करता रहूंगा।

## एक नजर

### गोड्डा में नाबालिग से सामूहिक दुष्कर्म तीन आरोपी गिरफ्तार

**गोड्डा (हि.स.)।** जिले की पुलिस ने नाबालिग से सामूहिक दुष्कर्म मामले में तीन आरोपितों को गिरफ्तार कर सोमवार को जेल भेज दिया है। गिरफ्तार आरोपितों में राकेश टुडू, उमेश टुडू और जोहन बेसरा शामिल हैं। जानकारी के अनुसार गत 13 अक्टूबर को बोआरीजोर थाना में पीड़िता की मां ने अपनी नाबालिक लड़की के साथ सामूहिक दुष्कर्म के घटना के संबंध में लिखित सूचना दी। सूचना के बाद त्वरित कार्रवाई करते हुए सुसंगत धाराओं में प्राथमिकी दर्ज की गयी। मामले की गंभीरता को देखते हुए गोड्डा एसपी अनिमेष नैथानी ने अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी महागामा के नेतृत्व में एक टीम का गठन किया। गठित टीम ने फोरेंसिक साक्ष्य संकलन करते हुए सामूहिक दुष्कर्म में शामिल तीनों आरोपितों को छापेमारी कर 24 घंटे के अन्दर गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में सोमवार को जेल भेज दिया।

### देह व्यापार मामले में होटल संचालक दम्पति गिरफ्तार

**लोहरदगा।** अनैतिक देह व्यापार के आरोप में होटल संचालक दम्पति को गिरफ्तार कर सेन्हा थाना पुलिस ने जेल भेज दिया है। सेन्हा थाना के समीप संचालित ढाबा एण्ड रेस्टोरेंट के विरुद्ध पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि उक्त ढाबे में देह व्यापार का धंधा फलफूल रहा है। पुलिस ने करवाई करते हुए होटल संचालक तथा उनकी पत्नी को देह व्यपार का अनैतिक धंधा संचालित के सम्बंध में पूछताछ के पश्चात सेन्हा पुलिस ने सोमवार को मंडल कारा भेज दिया है।

### गुमला के मजदूर समशाद अंसारी की सड़क दुर्घटना में मौत

**गुमला।** गुमला जिला के गुमला प्रखंड अंतर्गत पनसों गांव के 26 वर्षीय मजदूर समशाद अंसारी की कर्नाटक में एक सड़क दुर्घटना में मौत हो गई। उनका शव आज पनसों गांव पहुंचा। जानकारी के अनुसार, समशाद के माता-पिता नहीं हैं, और एक भाई एवं बहन हैं। आर्थिक तंगी के कारण कुछ दिन पहले वे मजदूरी करने के लिए कर्नाटक गए थे। मृतक के अन्य साथियों ने घटना की जानकारी उनके परिवार को दी। परिजनों ने इस दुखद घटना की सूचना मजदूर संघ सी.एफ.टी.यू.आई. के प्रदेश सचिव जुम्मन खान को दी। उन्होंने बताया कि समशाद घर के एकमात्र कमाने वाले थे, और उनका असामयिक निधन परिवार के लिए बड़ा सदमा है।

## नम आंखों से दी गई मां दुर्गा की विदाई, महिलाओं ने खेला सिंदूर खेला



नवीन मेल संवाददाता

**गावां (गिरिडीह)।** नवरात्रि संपन्न हो चुकी है. जिसके बाद सोमवार को नम आंखों से मां दुर्गा को विदाई दी गई। पिछले नौ दिनों से नवरात्र में मां दुर्गा के अलग-अलग स्वरूपों की पूजा-अर्चना की जा रही थी। सोमवार को मां दुर्गा को विदाई देकर उनका विसर्जन कर दिया गया। गावां बाजार स्थित काली मंडा में महिलाओं ने सिंदूर खेला और मां दुर्गा को विदाई दी। इस दौरान महिलाओं ने ढाक की थाप पर नृत्य कर मां को विदाई दी। अध्यक्ष टिकैत भवानी सिंह ने कहा कि मां का इंतजार साल भर रहता है, मां को विदाई देते समय थोड़ा दुख होता है लेकिन खुशी इस बात की है कि मां अगले साल फिर आएंगी। वह मां का बेसब्री से इंतजार करेंगी। उन्होंने कहा कि उन्होंने अपने परिवार के साथ ही पूरे गावां की सुख-समृद्धि की कामना की है। वहीं श्रद्धालु ललित पांडेय ने कहा कि पूरे नौ दिनों तक पूरे उत्साह और उमंग के साथ मां की पूजा की गई। इस दौरान उन्होंने परिवार और आने वाले लोगों के लिए सुख-समृद्धि की कामना की है। सोमवार को विसर्जन के दौरान वातावरण पूरी तरह से भक्तिमय नजर आया। मां दुर्गा की जय-जयकार से माहौल हर तरफ गुंजयमान हो रहा है।

ढाक - ढोल की आवाज चारों ओर सुनाई दे रही है। वैसे तो सभी लोगों में काफी उमंग है पर महिलाओं में काफी उत्साह नजर आया। मंदिरों और पूजा पंडालों में सिंदूर खेल कर उन्होंने एक दूसरे को बधाई दी। सुहागिन महिलाएं एक दूसरे के चेहरे पर सिंदूर लगाकर गले मिली। महिलाओं ने मां दुर्गा से अपने पति की लंबी उम्र की कामना की और समस्त समाज के लिए सुख, शांति और समृद्धि की प्रार्थना की।

## मलेशिया से पति का शव लाने के लिए डेढ़ माह से दर-दर भटक रही गिरिडीह की महिला

**गिरिडीह (हि.स.)।** जिले के बगोदर थाना क्षेत्र के औरा पंचायत निवासी 36 वर्षीय संजय महतो की मौत पिछले एक महीने पूर्व दो सितंबर को मलेशिया में हो गयी थी। पति के अंतिम दर्शन और दाह-संस्कार के लिए उसकी पत्नी जगह-जगह गुहार लगा रही हैं लेकिन अभी तक शव नहीं पहुंचा है। सुनिता देवी ने सोमवार को कहा कि परिवार की माली हालत को देखते हुए पति मलेशिया गए थे। वहां केईसी इंटरनेशनल लिमिटेड कंपनी में कार्यरत थे। इसी बीच अचानक विगत 02 सितंबर को उनकी मौत का समाचार मिलने पर दुःखों का पहाड़ टूट पड़ा। मौत को लगभग एक महीने से अधिक हो गये लेकिन अभी तक मलेशिया से उसके पति का शव यहां नहीं पहुंच सका। इस संबंध में कंपनी से कोई सकारात्मक जवाब न मिलने से परिवार काफी परेशान है। शव को लाने के लिए पत्नी जनप्रतिनिधियों से लेकर सरकार तक से गुहार लगा रही है। इस मामले में प्रवासी मजदूरों के हित में कार्य करने वाले समाजसेवी सिकन्दर अली ने मृतक के घर पहुंचकर संवेदना प्रकट करते हुए कंपनी और सरकार से उचित मुआवजा के साथ शव को जल्द भारत लाने की मांग की है।

## चाईबासा से 5-5 किलो का दो आईईडी बरामद



**पश्चिमी सिंहभूम (हि.स.)।** पश्चिमी सिंहभूम (चाईबासा) पुलिस ने नक्सलियों के खिलाफ चलाये जा रहे सर्च अभियान के दौरान पांच-पांच किलो का दो आईईडी बम बरामद किया है। चाईबासा एसपी आशुतोष शेखर ने सोमवार को बताया कि नक्सलियों के खिलाफ अभियान के दौरान सोमवार को टोन्टो थानान्तर्गत तुम्बाहाका से विडियाबेड़ा के बीच जंगली- पहाड़ी क्षेत्र में सुरक्षा बलों को लक्षित करने के उद्देश्य से नक्सलियों के जरिये पूर्व में लगाये गये दो आईईडी बम को बरामद किया गया।

सुरक्षा के दृष्टिकोण से उसी स्थान पर बम निरोधक दस्ता के सहायता से बम को डिफ्यूज (विनिष्ट) कर दिया गया। एसपी ने बताया कि प्रतिबंधित नक्सली संगठन भाकपा माओवादी के शीर्ष नेता मिसिर बेसरा, अनमोल, मोछु, अनल, असीम मंडल, चमन, अजय महतो, सागेन अंगरिया, अश्विन अपने दस्ता सदस्यों के साथ कोल्हान क्षेत्र में विध्वंसक गतिविधि के लिए भ्रमणशील है।

इसे लेकर चाईबासा पुलिस, कोबरा, झारखंड जगुआर और सीआरपीएफ संयुक्त रुप से अभियान लगातार अभियान चला रही है। एसपी ने बताया कि यह अभियान लगातार 10 अक्टूबर 2023 से चलाया जा रहा है।

## मतदाताओं, अधिकारियों व कर्मचारियों को दिलाई गई नैतिक मतदान की शपथ



**खूंटी (हि.स.)।** आगामी विधानसभा चुनाव को लेकर खूंटी जिले के सभी प्रखंड मुख्यालयों में सोमवार को स्वीप कोषांग के तहत मतदाता जागरुकता अभियान चलाया गया और नैतिक मतदान के लिए शपथ दिलाई गई। इस दौरान क्षेत्र के मतदाताओं समेत प्रखंड और अंचल कार्यालय के पदाधिकारियों और कर्मियों ने भी नैतिक मतदान करने की शपथ ली। मतदान से जुड़ी किसी भी प्रकार की जानकारी प्राप्त करने के लिए मतदाताओं को वोटर हेल्पलाइन एप्प और चुनाव के दौरान किसी प्रकार की शिकायत दर्ज कराने को लेकर ह्वाट्स एप्प के इस्तेमाल से की जानकारी दी गई। इसके अलावा वैसे मतदाता जिन्होंने मतदाता सूची में अपना नाम अब तक नहीं जुड़वाया है, उन्हें फॉर्म 6 भरकर जमा करने या ऑनलाइन माध्यम से फॉर्म 6 भरकर मतदाता सूची में अपना नाम जुड़वाने के लिए प्रेरित किया गया, ताकि लोकतंत्र के इस महापर्व में जिले के योग्य मतदाता अपनी भागीदारी सुनिश्चित कर सके।

फॉर्म 7 एवं 8 के तहत मतदाता सूची में सुधार, मतदाता पहचान पत्र के फोटो में सुधार, या पता में बदलाव को लेकर भी आवश्यक जानकारी दी गई। उल्लेखनीय है कि स्वीप कोषांग द्वारा अगले एक माह के लिए प्रतिदिन मतदाता जागरूकता कार्यक्रम तैयार किया गया है। इसके तहत जिले में विभिन्न कार्यक्रमों के माध्यम से मतदाताओं को जागरूक करने का कार्य किया जा रहा है, जिसकी शुरूआत सोमवार को जिले के सभी छह प्रखंडों में नैतिक मतदान के लिए मतदाताओं को शपथ दिलाई गई।

### खूंटी में अधिकारियों-कर्मचारियों को दिया गया चुनाव संबंधी प्रशिक्षण

आगामी विधानसभा चुनाव 2024 के मद्देनजर प्रशिक्षण कोषांग द्वारा लोयोला इंटर कॉलेज खूंटी और बिरसा कॉलेज खूँटी में सोमवार को मतदान प्रक्रिया से जुड़े प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। प्रशिक्षण कार्यक्रम में मुख्य रूप से रानिया और मुरहू प्रखंड सह अंचल कार्यालय के पदाधिकारियों एवं कर्मियों को निर्वाचन कार्य से संबंधित प्रशिक्षण दिया गया। तीन पालियों में प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान निर्वाचन प्रक्रिया, इवीएम वीवीपैट की तकनीकी जानकारी, निर्वाचन मार्गदर्शिका से जुड़े कई संपूर्ण जानकारी दी गई, ताकि आगामी विधानसभा चुनाव में सभी गाइड लाइंस का अनुपालन सुनिश्चित कराते हुए सफलता पूर्वक चुनाव संपन्न कराया जा सके।

## तस्करी के लिए ले जायी जा रही थी 50 लाख की अवैध शराब जब्त



नवीन मेल संवाददाता

**गिरिडीह।** गिरिडीह डुमरी मुख्य मार्ग स्थित धावाटांड के पास रविवार रात अवैध शराब लदा ट्रक दुर्घटनाग्रस्त हो गया जिसमें मधुबन पुलिस ने अनुमानित 50 लाख की नकली शराब बरामद की है। मधुबन पुलिस ने ट्रक व नकली शराब को जब्त कर कानूनी कारवाई में जुट गई है। जब्त अवैध शराब की कीमत लगभग 50 लाख का आंकलन किया गया है। वैध शराब की तस्करी करनेवाले गेंग का खुलासा नहीं हो पाया और शराब की आपूर्ति कहां करना था उसका पता नहीं चल पाया है। मधुबन पुलिस मामले की छानबीन में जुटी है। इलाके से शराब की बड़ी खेप मिलने से सनसनी फैल गई है। सोमवार को मधुबन थाना में आयोजित प्रेसवार्ता में अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी सुमित प्रसाद ने बताया कि रविवार देर रात धावाटांड़ के पास 12 चक्का ट्रक संख्या यूपी 20 एटी 1840 दुर्घटनाग्रस्त होने की सूचना मिली। सूचना मिलते ही पुलिस आवश्यक कार्यवाई शुरू की गई। जांच पड़ताल के दौरान दुर्घटनाग्रस्त ट्रक में भुस्सी भरा बोरा के बीच भारी मात्रा में नकली शराब मिली। पुलिस ने ट्रक एवं नकली शराब जब्त कर सुसंगत धाराओं के तहत प्राथमिकी दर्ज की। कहा कि शराब के ब्रांड की जानकारी नहीं है, शराब का सेम्पल एफएसएल जांच में भेजा जायेगा। बताया कि दुर्घटनाग्रस्त ट्रक से रॉयल्सन ग्रीन गोल्ड व्हिस्की 193 पेटी में 180, एमएल की 9460 बोतल, 375 एमएल की 3960 बोतल, 750 एमएल की 2525 बोतल बरामद किया गया है। पुलिस मामले की छानबीन में जुटी है। मौके पर मधुबन थाना प्रभारी जगरनाथ पान, पीरटांड़ थाना प्रभारी दीपेश कुमार समेत अन्य पुलिस पदाधिकारी उपस्थित थे।

## नहीं रहे जनसंघ के संस्थापक सदस्य वनमाली राम, विभिन्न संगठनों ने शोक व्यक्त किया



**कोडरमा (हि.स.)।** जनसंघ के संस्थापक सदस्य बनमाली राम के निधन से सामाजिक संगठन, राजनीतिक और धार्मिक जगत में गहरा शोक व्याप्त है। 94 वर्षीय वनमाली राम ने सोमवार को विद्यापुरी स्थित अपने निवास स्थान में अंतिम सांस ली। उनकी समाजसेवा और विचारशीलता के कारण उन्हें माहुरी समाज ने 'समाज चिंतक' की उपाधि से नवाजा था। वर्ष 2022 में माहुरी वैश्य महामंडल गिरीडीह द्वारा आयोजित 109वें वार्षिक अधिवेशन में उन्हें यह सम्मान दिया गया था। बनमाली राम का जीवन समाज सुधार और संगठन के कार्यों में समर्पित रहा। माहुरी समाज के उत्थान के लिए उन्होंने जीवनभर कई महत्वपूर्ण कदम उठाए।

उन्होंने 'मनीराम भदानी शिक्षा न्यास' की स्थापना कर समाज के बच्चों की उच्च शिक्षा के प्रति जागरूकता फैलाने का काम किया। उनकी सक्रियता केवल समाज सुधार तक सीमित नहीं थी, बल्कि उन्होंने धार्मिक प्रचार-प्रसार में भी अहम भूमिका निभाई। 1970 और 1974 में उन्होंने 'सिद्धीदात्री माँ मथुरासिनी पूजन' का आयोजन कर माहुरी समाज में धार्मिक परंपराओं को मजबूत किया। उनके संकलन में तैयार की गई 'दैनिक वंदना' को समाज में व्यापक रूप से स्वीकार किया गया और नियमित पूजा पद्धतियों के लिए मार्गदर्शन का स्रोत बनी।

राजनीतिक क्षेत्र में भी उन्होंने झुमरी तिलैया नगर और कोडरमा जिले में भारतीय जनता पार्टी के विकास के लिए अनेक प्रयास किए। वह हजारीबाग जिला समिति में उपाध्यक्ष और कोडरमा जिला में पार्टी के प्रथम अध्यक्ष रहे। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ में भी उन्होंने नगर कार्यवाह के रूप में सेवाएं दीं और संघ की गतिविधियों में सक्रिय भाग लिया। बनमाली राम के अंतिम संस्कार में समाज के प्रतिष्ठित व्यक्ति शामिल हुए। उनके पुत्र आशुतोष भदानी विहिप एवं कई धार्मिक संगठन से जुड़े है। इधर केंद्रीय मंत्री सह कोडरमा सांसद अन्नपूर्णा देवी, विधायक डॉ. नीरा यादव, पूर्व जिप अध्यक्ष शालिनी गुप्ता, माहुरी महामंडल के उपाध्यक्ष रवि कपसीमे, अरुण सेठ, डॉ सागरमणि सेठ, सुनील भदानी, मुन्ना भदानी, अधिवक्ता सुरेंद्र आर्या, प्रदीप सुमन, रीमा देवी, संतोष सेठ, जयंती सेठ, सुषमा सुमन, मनोज पहाड़ी, राजेश कप्सिमे, अविनाश सेठ, मनीष कप्सिमे सहित अन्य ने उनके निवास जाकर शोक संवेदन प्रकट किया।

## न्यूज बॉक्स

### गावां थाना पुलिस ने तीन वारंटियों को किया गिरफ्तार



**गावां (गिरिडीह)।** गावां थाना पुलिस ने छापामारी अभियान चला कर तीन वारंटियों को गिरफ्तार किया। गावां थाना कांड संख्या 105/24 के प्राथमिकी अभियुक्त अम्बासखुआ निवासी अंकित कुमार 20 वर्ष पिता बीरेंद्र प्रसाद यादव, शिरोमणि यादव 22 वर्ष पिता बीरेंद्र प्रसाद यादव के अलावा डाबर निवासी एसटी संख्या 1992 गावां थाना कांड संख्या 53/1989 के स्थायी वारंटी महेश महतो उम्र 62 वर्ष पिता स्व मोती महतो को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया। थाना प्रभारी महेश चंद्र ने तीनों अभियुक्तों को गिरफ्तारी की पुष्टि की।

### खूंटी में ट्रक ने स्कूटी को मारी टक्कर एक की मौत, एक की हालत नाजुक

**खूंटी (हि.स.)।** खूंटी-तमाड़ रोड पर पर बाड़ी गांव के समीप सोमवार सुबह एक तेज रफ्तार ट्रक (ओडी 23जी 4628) अनियंत्रित होकर एक स्कूटी को टक्कर मारते हुए मौके पर पलट गया। इस दुर्घटना में स्कूटी चालक एक अधेड़ ग्रामीण की मौके पर ही मौत हो गई जबकि स्कूटी पर सवार उसकी रिश्तेदार 19 वर्षीय युवती गंभीर रूप से घायल हो गई। मृतक की पहचान सायको थानांतर्गत जिरिंगकेला गांव निवासी 58 वर्षीय परता मुंडा के रूप में हुई है। गंभीर रूप से घायल उसकी रिश्तेदार 19 वर्षीय युवती बिंदी मुंडा को खूंटी के केएस गंगा नामक निजी अस्पताल में भर्ती किया गया है, जहां उसकी स्थिति गंभीर बनी हुई है। जानकारी के अनुसार, परता मुंडा अपने रिश्तेदार उक्त युवती के साथ स्कूटी से खूंटी की ओर आ रहे थे। इसी दौरान सामने से आ रहे उक्त तेज रफ्तार ट्रक ने उसकी स्कूटी को टक्कर मार दी और अनियंत्रित होकर घटनास्थल के समीप पलट गया। दुर्घटना के बाद ट्रक का चालक मौके से फरार हो गया। दुर्घटना की सूचना मिलते ही सायको थाना की पुलिस तुरंत मौके पर पहुंची और सड़क पर पड़े शव को उठाकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल खूंटी भेजा।

### प्रवासी मजदूर हेमलाल महतो का शव पहुंचा पैतृक गांव, पसरा सन्नाटा

**विष्णुगढ़।** हजारीबाग जिले के विष्णुगढ़ प्रखंड अंतर्गत जोबर पंचायत निवासी, प्रवासी मजदूर हेमलाल महतो का शव पैतृक गांव पहुंचा, शव को गांव पहुंचते ही गांव में सन्नाटा छा गया। जोबर पंचायत के पारटाड गांव के हेमलाल महतो पिता स्वर्गीय सीताराम महतो उम्र 35 वर्ष लगभग की मौत 26 सितंबर को कैमरून में हो गयी थी। विदेश कैमरून की कंपनी ट्रांस्लाइन प्राइवेट लिमिटेड में हेमलाल महतो कार्यरत थे, वह पांच सितंबर को स्वदेश भारत से काम करने के लिए कैमरून गए थे। प्रवासी अंतरराष्ट्रीय मजदूर हेमलाल महतो की मौत के बाद कार्यरत कंपनी की ओर से 5 लाख रुपये बतौर सहायता राशि दी जा रही थी, लेकिन परिवार की सहमति नहीं होने पर हेमलाल महतो की शव को हजारीबाग सदर अस्पताल के मोर्चरी मैं रखा गया, लगातार झारखंडी भाषा खतियान संघर्ष समिति के केंद्रीय संगठन मंत्री महेंद्र उर्फ माही पटेल, कुमार धर्मेन्द्र महतो एवं अन्य के प्रयास से कंपनी के द्वारा परिजन को ₹1200000 धन राशि की चेक दी गई। तत्पश्चात परिजनों को मृतक हेमलाल महतो की शव को भी सौपा गया। जिसका अंतिम संस्कार पैतृक गांव में ग्रामीणों के समक्ष एवं गण मान्य प्रतिनिधियों की उपस्थिति में दिन रविवार को लगभग एक पखवाड़े के बाद की गई। पलायन की मजबूरी परिजनों को मौत के समय भी अपनों से गले लगाने नहीं देती है और वह विदेश में भी दम तोड़ देते हैं।

## दफनाए गए एक महिला के शव को निकालने का किया गया प्रयास



- *जांच के लिए पहुंची पुलिस*
- *समाज के लोगों ने दोषियों पर कार्रवाई की मांग की*

नवीन मेल संवाददाता

**रामगढ़।** रामगढ़ गोडियारी बाग स्थित कब्रिस्तान में रविवार की रात असामाजिक तत्वों ने दफनाये गए एक महिला के शव को निकालने का प्रयास किया जिससे समाज के लोग आक्रोशित हैं। मामले को लेकर मुमताज मंसूरी ने कहा की हम चाहते हैं की जिसने भी इस घटना को अंजाम दिया है प्रशासन उसपर कड़ी कार्रवाई करे। उन्होंने बताया की जिस शव को दफनाये गये स्थान से निकालने का प्रयास किया गया है वह एक महिला का शव है। जिसे लगभग 1 सप्ताह पूर्व दफनाया गया था। इस संबंध में समाज के लोगों ने रामगढ़ थाना में आवेदन देकर कार्रवाई की मांग की है। थाना में दिये आवेदन में समाज के लोगों ने कहा है की आए दिन असामाजिक किस्म के लोग कब्रिस्तान में पहुंचते हैं और वहां नशे का सेवन करते हैं। लोगों ने थाना में दिये आवेदन में मांग किया है की कब्रिस्तान में इस प्रकार की गतिविधियों को रोका जाए ताकि हमारा कब्रिस्तान सुरक्षित रह सके। इधर, मामले की जानकारी के बाद अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी परमेश्वर प्रसाद और थाना प्रभारी कृष्ण कुमार कब्रिस्तान पहुंचे और मामले की जांच की। अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी परमेश्वर प्रसाद ने लोगों को आश्वासन दिया की मामले की जांच के बाद दोषियों कर कार्रवाई की जाएगी।

## अयोध्या दीपोत्सव में झारखंड से दीप जलाने पहुंचेंगे 150 आदिवासी

- *योगी आदित्यनाथ ने 25 लाख दीए जलाने का ऐलान किया है, जिसके लिए 28 लाख दीपों को सरयू नदी के किनारे तटों पर बिछाया जाएगा*
- *राम की पैड़ी पर इस बार स्थानीय नागरिकों को भी शामिल करने की योजना बनाई गई है*



एजेंसी

**रांची/अयोध्या।** उत्तर प्रदेश की योगी सरकार के आठवें दीपोत्सव को लेकर तैयारियां जोर-शोर से चल रही हैं। प्रशासनिक खेमे के अलावा डॉ. राम मनोहर लोहिया विवि ने भी इस दिशा में युद्धस्तर पर कार्य शुरू कर दिया है। इस बार दीपोत्सव कुछ खास ही होने वाला है। इसमें झारखंड के 150 आदिवासी भी दीप जलाने के लिए पहुंच रहे हैं। यह आदिवासी स्वयंसेवक के रूप में घाटों पर जुटेंगे। उल्लेखनीय है कि अयोध्या में 2017 से राम की पैड़ी पर दीपोत्सव की शुरूआत हुई थी। उसके बाद से यहां दीपोत्सव के जरिए प्रतिवर्ष नए कीर्तिमान स्थापित हो रहे हैं। ऐसे में इस बार मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने 25 लाख दीए जलाने का ऐलान किया है, जिसके लिए 28 लाख दीपों को सरयू नदी के किनारे तटों पर बिछाया जाएगा। मुख्यमंत्री की घोषणा के बाद अयोध्या नगरी को सजाने का काम शुरू कर दिया गया है। राम की पैड़ी पर इस बार स्थानीय नागरिकों को भी शामिल करने की योजना बनाई गई है। इसके लिए वहां पर चौड़े-चौड़े पलेटफॉर्म वाली सीढियां बनाई जा रही हैं, जो बिल्कुल स्टेडियम की तरह है। इस बार दीयों की संख्या बढ़ते ही घाटों की संख्या बढ़ा दी गई है। इसे 51 से 55 कर दिया गया है। चौधरी चरण सिंह और भजन संध्या स्थल व अन्य घाटों को दीप जलाने के लिए शामिल किया गया है। वहीं, 90 हजार लीटर सरसों के तेल के प्रयोग होने की बात बताई जा रही है। दीपोत्सव में दीयों की संख्या बढ़ते ही रुई की बाती का इंतजाम भी किया जाने लगा है। बताया जाता है 40 लाख रुई की बाती लगेगी। स्वयंसेवक 25 अक्टूबर से राम की पैड़ी के घाटों पर दीए बिछाने का कार्य शुरू कर देंगे। दीपोत्सव के नोडल अधिकारी डॉ. एसएस मिश्र ने बताया कि हमारी तैयारियां तेजी से चल रही है। इस बार श्री राम भव्य महल में विराजमान हुए हैं। इसी कारण दीपोत्सव को और भी भव्य तरीके से मनाया जाएगा।

सुप्रभात

ईश्वर के प्रति आत्मसमर्पण के अतिरिक्त उनके प्रेम को पाने का और कोई तरीका नहीं है। अपने मन के स्वामी बनिए, ताकि आप उसे ईश्वर को अर्पित कर सकें। - श्री श्री परमहंस योगानंद

संपादकीय

## भारत के वैचारिक शत्रु और नई पहचान

कभी भारत को संपरों और भिखमंगों का देश प्रचारित किया गया था और आज भी इसकी बुराइयां ढूंढने वाले इसे हिंसक और भेदभाव भरा देश साबित करने करने पर तुले हैं ।वैश्विक स्तर पर भारत के विरुद्ध कई झूठे विमर्श गढ़े जा रहे हैं। इस प्रक्रिया ने अभी कुछ और रफ्तार पकड़ी है। विमर्श के माध्यम से भारतीयों के साथ इसके मित्रों को प्रभावित करने का प्रयास किया जाता है। विमर्श सत्य, अर्द्धसत्य अथवा झूठ भी हो सकता है। यह, विमर्श गढ़ने वाले व्यक्ति द्वारा किन उद्देश्यों की प्राप्ति हेतु इसे गढ़ा जा रहा है, पर निर्भर करता है। उदाहरण के लिए कुछ देशों के सम्बंध में प्रायः कुछ विमर्श गढ़े गए हैं, जैसे, अमेरिका के बारे में कहा जाता है कि वहां सामान्यतः व्यापार पर अधिक ध्यान दिया जाता है। ब्रिटेन के बारे में धारणा है कि वहां राजनीति पर अधिक ध्यान दिया जाता है। जर्मनी के सम्बंध में कहा जाता है कि वहां युद्ध कौशल के बारे में अधिक चर्चा की जाती है। इसी प्रकार, भारत के बारे में पूरे विश्व में धारणा है कि यहां आध्यात्मिकता की पराकाष्ठा रही है। परंतु, अब पूरे विश्व में विशेष रूप से भारत के संदर्भ में पुराने विमर्श टूट रहे हैं और नित नए विमर्श गढ़े जा रहे हैं। भारत चूंकि, हाल ही के समय में वैश्विक स्तर पर एक मजबूत आर्थिक ताकत बन कर उभर रहा है, भारत की यह प्रगति कुछ देशों को रास नहीं आ रही है एवं ये देश भारत के सम्बंध में झूठे विमर्श गढ़ रहे हैं। पश्चिमी एवं भारतीय विचारधारा में जमीन आसमान का अंतर है। जैसे भारत में व्यापार के मामले में 'शुभ लाभ' की विचारधारा पर कार्य किया जाता है। परंतु, पश्चिमी देशों में पूंजीवाद का अनुसरण करते हुए व्यापार में अधिक से अधिक लाभ अर्जित करने का प्रयास किया जाता है इसके लिए चाहे सामान्यजन को कितना ही नुक्सान क्यों नहीं उठाना पड़े, इसे 'शुद्ध लाभ' की संज्ञा दी जाती है। और, इसी प्रकार, वामपंथी विचारधारा में अप्रत्यक्ष रूप से 'शून्य लाभ' के लिए कार्य होता दिखाई देता है जिससे अंततः व्यापार ही समाप्त होने की ओर आगे बढ़ जाता है। पश्चिमी एवं अन्य कई देशों में आज पूंजीवाद की विचारधारा को ही अपना लिया गया है। जिसके परिणामस्वरूप केवल लाभ को बढ़ाने के उद्देश्य से व्यापार करने वाली अमेरिकी कम्पनियों की सम्पत्ति आज कई देशों के सकल घरेलू उत्पाद से भी अधिक हो गई है। सूचना प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में कार्य करने वाली माइक्रोसॉफ्ट नामक बहुराष्ट्रीय कम्पनी की सम्पत्ति 3.126 लाख करोड़ अमेरिकी डॉलर की हो गई है। एप्पल नामक बहुराष्ट्रीय कम्पनी की सम्पत्ति 2.65 लाख करोड़ अमेरिकी डॉलर की है। ऐमेजोन नामक बहुराष्ट्रीय कम्पनी की सम्पत्ति 1.87 लाख करोड़ अमेरिकी डॉलर की है। इसी प्रकार, मेटा नामक अमेरिकी कम्पनी की सम्पत्ति 1.23 लाख करोड़ अमेरिकी डॉलर की है। अमेरिका ने अधिकतम लाभ अर्जन को मुख्य उद्देश्य मानकर पूंजीवाद को बढ़ावा दिया जिससे आज अमेरिका कई अरबपति बहुराष्ट्रीय कम्पनियों का स्वर्ग बन गया है और आज इन अमेरिकी बहुराष्ट्रीय कम्पनियों की सम्पत्ति कई देशों के सकल घरेलू उत्पाद से भी अधिक हो गई है।

**विमर्श के माध्यम से भारतीयों के साथ इसके मित्रों को प्रभावित करने का प्रयास किया जाता है। विमर्श सत्य, अर्द्धसत्य अथवा झूठ भी हो सकता है। यह विमर्श गढ़ने वाले व्यक्ति द्वारा किन उद्देश्यों की प्राप्ति के लिए इसे गढ़ा जा रहा है, पर निर्भर करता है।**

# जिद और जुनून से बदलती है दुनिया



मुकुंद

बहुत बार कहा जाता है कि जिद, जज्बा और जुनून से दुनिया बदली जा सकती है। यह न तो मुहावरा है, न ही इसे लोकोक्ति कहा जा सकता है। मगर इन तीन शब्द का संकल्प जिसने भी लिया, समझो उसने आधी सफलता तो पहले ही प्राप्त कर ली। ...और आधी पर तो कार्यान्वयन के साथ जीत मिलनी तो तय है। ऐसा ही कुछ प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के बारे में कहा जा सकता है। उनके फैसलों पर ऐसी ही दृढ़ इच्छाशक्ति झलकती है। वो अपने फैसलों पर चट्टान की तरह खड़े होते हैं।

तारीख-15 अगस्त, 2021। स्थान-लाल किले की प्राचीर। इसी प्राचीर से प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने पीएम गति शक्ति योजना की घोषणा की। तब किसी ने भी नहीं सोचा होगा कि यह योजना भारत के लोगों के जीवन को आसान करने में सहायक होगी। इस योजना के तीन साल 13 अक्टूबर को पूरे हुए हैं। बड़ी सूचना है कि पीएम गतिशक्ति योजना के तहत 208 प्रोजेक्ट्स के मंजूरी की सिफारिश हुई है। इनपर 15.39 लाख करोड़ रुपये खर्च होने हैं।

यह सड़क और रेलवे समेत अलग-अलग मंत्रालयों के प्रोजेक्ट्स हैं। इन सभी की सिफारिश नेटवर्क प्लानिंग ग्रुप ने की है। इस ग्रुप ने पीएम गतिशक्ति योजना की घोषणा के बाद आकार लिया। इंडस्ट्रियल और इंटर्नल ट्रेड प्रोमोशन विभाग के सचिव अमरदीप सिंह भाटिया ने कहा कि 208 प्रोजेक्ट्स को इस पहल के दायरे में शामिल करने के लिए प्रस्तावित किया गया है। वह कहते हैं कि पीएम गतिशक्ति योजना के तहत इंफ्रा प्रोजेक्ट्स को शामिल करने के कई तरह के फायदे होते हैं। इन प्रोजेक्ट्स की समय सीमा से लेकर प्लानिंग खर्च में भी कटौती होती है। इस सिफारिश में सबसे ज्यादा प्रोजेक्ट्स सड़क (101), रेलवे (73), शहरी विकास (12) और चार ऑयल और गैस मंत्रालय के हैं।

यहां यह जानना बेहद अहम है कि केंद्र सरकार ने लॉजिस्टिक्स खर्च कम करने और इंटीग्रेटेड इंफ्रास्ट्रक्चर तैयार करने कि लिए इस पहल को अक्टूबर 2021 में लॉन्च किया। इस तीन साल की यात्रा में यह पहल मील का पत्थर साबित हो चुकी है।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने पीएम गतिशक्ति के तीन वर्ष पूर्ण होने पर 13 अक्टूबर को नई दिल्ली स्थित भारत मंडपम के अनुभूति केंद्र का दौरा किया। उन्होंने कहा कि पीएम गतिशक्ति ने भारत की अवसंरचना विकास यात्रा को गति देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। प्रधानमंत्री मोदी ने एक्स पर लिखा, "आज, जब गतिशक्ति ने तीन वर्ष पूरे कर लिए हैं तो मैं भारत मंडपम गया और अनुभूति केंद्र का दौरा किया, जहां मैंने इस पहल की परिवर्तनकारी शक्ति का अनुभव किया। पीएम गतिशक्ति ने भारत की बुनियादी ढांचे के विकास की यात्रा को गति देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। यह सुनिश्चित करने के लिए प्रौद्योगिकी का शानदार उपयोग किया जा रहा है कि परियोजनाएं समय पर पूरी हों और किसी भी संभावित चुनौती को कम किया जा सके।

इसमें कोई दोराय नहीं कि गति ही जीवन है। प्राचीन अवधारणा है - चरैवेति चरैवेति। ऐतरेय ब्राह्मण उपनिषद में इसका उल्लेख है। यह जीवन का मूलमंत्र है। उपनिषद में यह मूलमंत्र देवताओं के राजा इंद्र ने अपने बेटे रोहित को दिया है। प्रधानमंत्री मोदी का आध्यात्मिक पक्ष बेहद सुदृढ़ है। बहुत हद तक संभव है कि इसी महामंत्र के अनुष्ठान से पीएम गति शक्ति का विचार उनके मन में आया हो। बहरहाल चाहे जो भी, यह योजना बेमिसाल है। इसके छह स्तंभ हैं- व्यापकता, प्राथमिकता निर्धारण, अनुकूलन, तालमेल, विश्लेषण और गतिशीलता। इसमें केंद्रीकृत पोर्टल के साथ विभिन्न मंत्रालयों और विभागों की सभी मौजूदा और नियोजित पहल शामिल होती हैं। इससे असरदार क्रियान्वयन में मदद मिलती है। यह महत्वपूर्ण है कि विकसित बुनियादी ढांचे के जरिये ही दुनिया के अधिकांश देशों ने तरक्की की है। वह चाहे अमेरिका हो, जापान हो या फिर दक्षिण कोरिया और चीन। सभी ने मल्टी मॉडल ट्रांसपोर्ट नेटवर्क की मदद से ही सिर्फ एक ही पीढ़ी के दौरान विकास की सर्वाधिक रफ्तार हासिल की। प्रधानमंत्री मोदी प्रणीत पीएम गति शक्ति योजना इनसे भी अधिक प्रभावशाली है।

भारतीय रिजर्व बैंक और नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ पब्लिक फाइनेंस एंड पॉलिसी के अध्ययन के अनुसार, बुनियादी ढांचे के विकास के लिए खर्च किए गए हर एक रुपये से जीडीपी को ढाई से साढ़े तीन रुपये का फायदा पहुंचता है। मंदी के वक्त में यह बढ़ोतरी और ज्यादा असरदार होती है। अगर राष्ट्र में सड़कों, रेल लाइनों, हवाई अड्डों, बंदरगाहों, जल मार्गों का जाल बिछेगा तो सभी तरह के माल की ढुलाई की गति में तेजी आएगी। इससे लागत में कमी आएगी और महंगाई पर नियंत्रण पाने में मदद मिलेगी। शहरी और औद्योगिक केंद्रों के विकास में मदद मिलेगी तो लोगों की कमाई बढ़ेगी। केंद्र और राज्य सरकारों की कमाई में भी इजाफा होगा। सरकारों की कमाई बढ़ेगी, तो वे विकास और खुशहाली बढ़ाने के लिए ज्यादा काम करेंगी।

प्रधानमंत्री मोदी ने 2021 के स्वतंत्रता दिवस भाषण में इस बात पर जोर दिया था कि नेशनल मास्टर प्लान गति शक्ति करोड़ों देशवासियों के सपनों को साकार करने में मदद करेगा। तीन साल की उपलब्धियों से कहा जा सकता है कि पीएम गति शक्ति ने विभागीय बंधन तोड़े। आज यह योजना आम लोगों के जीवन की गुणवत्ता में सुधार लाने वाली प्रमुख दीर्घकालीन योजनाओं में से एक है। आज यह आवश्यक है कि इस योजना के सकारात्मक प्रभाव को आसान भाषा में आम लोगों तक पहुंचाया जाए। **(ये इनके निजी विचार हैं)**

आपकी बात

## लद्दाख आंदोलन की अनदेखी न हो



कुलभूषण उपमन्यु

श सोनम वांगचुक के नेतृत्व में एक महीने से ज्यादा समय से लद्दाख से अपनी मांगों को लेकर पदयात्रा करते हुए 100 से अधिक लोग दिल्ली पहुंचे। कठिन जलवायु में इतनी लंबी यात्रा करके 80 वर्ष के बूढ़े साथियों समेत ये दल दिल्ली पहुंचा। दिल्ली पुलिस का इनके साथ व्यवहार कुछ अच्छा नहीं रहा। यह लोग शांति पूर्ण ढंग से अपनी बात सरकार तक पहुंचाना चाहते हैं। दिल्ली पुलिस इन्हें शक की नजर से देख रही है। अभी तक सरकार से आंदोलनकारियों को बातचीत के लिए कोई संदेश नहीं मिला। हरियाणा और जम्मू एवं कश्मीर के चुनाव के चलते सरकार की अति व्यस्तता तो समझ में आती है किंतु अब कोई बाधा नहीं दिखती, इसलिए यह आशा की जानी चाहिए कि सरकार अति शीघ्र वार्ता करके सोनम वांगचुक का आमरण अनशन समाप्त कराएगी। इससे समस्या का सर्व समावेशी हल तलाश करने की दिशा में मार्ग प्रशस्त होगा। सोनम वांगचुक पिछली सर्दियों में भी लद्दाख की कुछ मांगों को लेकर लंबा अनशन कर चुके हैं। उनकी कुछ मांगें केवल लद्दाख केन्द्रित हैं और कुछ पूरे हिमालय के संवेदनशील पर्यावरण को बचाने से संबंधित हैं। लद्दाख को सी श्रेणी राज्य का दर्जा दे कर विधानसभा और उपराज्यपाल की व्यवस्था की जा सकती है। जाहिर है कि स्थानीय समस्याओं को जितना चुने हुए प्रतिनिधि समझ सकते हैं, उतना प्रशासनिक तंत्र नहीं समझ सकता, जिससे लोगों में असंतोष बना रह सकता है। इस सीमांत क्षेत्र में देश किसी असंतोष को सहन करने की स्थिति में नहीं है। दूसरी मांग छठी अनुसूची में डालने की है। भारतीय संविधान के अनुच्छेद 244 के अनुसार छठी अनुसूची लागू की गई। छठी अनुसूची को स्वायत्त जिला परिषदों की स्थापना और संचालन करके स्वदेशी आदिवासी समूहों की रक्षा के लिए बनाया गया था। असम, मिजोरम, और मेघालय में तीन-तीन स्वायत्त जिला परिषद हैं, त्रिपुरा में केवल एक है। स्वायत्त जिला परिषदों को अपने अधिकार क्षेत्र में आने वाले क्षेत्रों के लिए कानून बनाने का अधिकार है, जिसमें भूमि, खेती, विरासत, वन, और रीति- रिवाजों सहित आदिवासी और स्वदेशी समूहों से संबंधित हर पहलू को शामिल किया गया है। उन्हें भूमि और अन्य कर एकत्रित करने का भी अधिकार है। इससे छठे अनुसूची क्षेत्रों को बाहरी दबावों से बचाव की प्रभावी शक्तियां मिल जाती हैं, जिनका उपयोग स्थानीय संवेदनशील पर्यावरण और परंपराओं को संरक्षित करने में किया जा सकता है। पर्वतीय लोग आर्थिक रूप से उतने सशक्त नहीं होते क्योंकि वहां संसाधनों की कमी रहती है, यदि कुछ संरक्षण न दिया जाए तो पैसे वाले लोग वहां के संसाधनों को खरीद कर स्थानीय लोगों को हाशिए पर ला सकते हैं। **(ये इनके निजी विचार हैं)**

अलग बात

## लाइक-कमेंट की चाह में मंडराती मौत की रील



डॉ. सत्यवान सौरभ

आज का युवा रील लाइफ में जी रहा है। एक असल दुनिया है और एक आभासी दुनिया। युवा इस आभासी दुनिया यानी रील पर अधिक लाइक्स के चक्कर में खुद को जोखिम में डाल रहे हैं। भारत में टिकटॉक पर बैन लगने के बाद रील्स और मीस बनाने का चलन सामने आया। इसके बाद लोग इंस्टाग्राम पर वीडियो डालने लगे। रील्स में इंफॉर्मेशनल, फनी, मोटिवेशनल और डांस समेत कई तरह के वीडियो होते हैं। रील्स एक तरह का इंस्टाग्राम पर शॉर्ट वीडियो होता है। शुरूआत में यह रील्स 30 सेकंड का होता था, लेकिन अब इसे बढ़ाकर 90 सेकंड का कर दिया है। रील बनाने का युवाओं के बीच ऐसा क्रेज आजकल है कि वह कहीं भी रील बनाने लग जाते हैं। कई बार इस रीलबाजी के चक्कर में लोग अपना ही नुकसान भी करा बैठते हैं। सोशल मीडिया पर फॉलोअर्स बढ़ाने के शगल के कारण युवा लाइफ में रील बनाने का क्रेज बढ़ता जा रहा है। कब यह शौक सनक की हद तक पहुंच जाता है, पता ही नहीं चलता। नियमों को ताक पर रखकर रील बनाने के जुनून में जान तक गंवा देते हैं। शहरों में ही युवाओं को फेसबुक से लेकर इंस्टाग्राम पर फॉलोअर्स बढ़ाने के लिए जान जोखिम में डालकर रेलवे ट्रैक, फ्लाई ओवर पर, चलती रेल में कोच के डिब्बे के बीच खड़े होकर या बाइक चलाते हुए रील बनाते देखा जा सकता है। कई युवा रील को रोचक बनाने के चक्कर में पानी के बीच उतर रहे हैं तो कई युवा टूटी दीवारों पर चढ़कर रील बना रहे हैं। वैसे तो रील्स बनाने का खुमार हर वर्ग के लोगों को है, लेकिन इसमें खासकर 16 से 40 वर्ष के युवा वर्ग में ये क्रेज तेजी से बढ़ रहा है। सोशल मीडिया पर लोकप्रिय होने या अपने फॉलोअर्स बढ़ाने के जुनून में लोग इतने खो जाते हैं कि कुछ अलग हटकर दिखाने के चक्कर में खुद के साथ-साथ कई बार दूसरों तक की जान से खिलवाड़ कर डालते हैं। लोकप्रियता हासिल करने के लिए कभी कोई रेलवे ट्रैक पर ट्रेन के सामने पहुंच जाता है तो कभी कोई बहुमंजिला इमारत पर खड़े होकर वीडियो बनाता है। कभी वाहन चलाते समय स्टंटबाजी, कभी सड़कों व चौक-चौराहों पर डांस, स्टंट करना और बांध पर खड़े होकर रील्स बनाना। कभी-किसी पहाड़ पर खड़े होकर अजीब हरकतें करना। कहीं झरनों व जलाशयों के बीचोंबीच जाकर पानी में बेपरवाह मस्ती करते हुए रील्स बनाना। कभी रेलवे ट्रैक पर जाकर या प्लेटफार्म या चलती ट्रेन में दरवाजे पर खड़े होकर रील्स बनाना। रील लाइफ की तुलना से युवाओं का आत्मसम्मान प्रभावित हो रहा है। सोशल मीडिया की दुनिया में परफेक्ट दिखने की होड़ में जब उनकी पोस्ट को वांछित प्रतिक्रिया नहीं मिलती, तो वे निराश हो जाते हैं। **(ये इनके निजी विचार हैं)**

## पूर्व बुरे कर्मों के प्रति सही दृष्टिकोण



बोधि वृक्ष


**अतीत के अविवेकता से किए गए कर्मों से दुखी क्यों रहते हो? उनकी स्मृति को मन से निकाल दें, और ध्यान रखें कि उनकी पुनरावृत्ति न हो। आप किए गए गलत कार्यों पर चिंतित हो सकते हैं, परंतु ईश्वर नहीं। जो बीत गया, सो बीत गया।**



श्री श्री परमहंस योगानंद

पुराने किए गए सभी गलत कर्मों का चिन्तन करना छोड़ दें। वे अब आपके नहीं हैं। उन्हें भुला दें। यह चिन्तन ही है जो आदत और स्मृति बनाता है। आप जैसे ही ग्रामोफोन के रिकॉर्ड पर सूई रखते हैं, वह बजना शुरू हो जाता है। चिन्तन वह सूई है जो अतीत के कर्मों का रिकॉर्ड बजाती है। इसलिए आपको बुरे कर्मों पर एकाग्र नहीं होना चाहिए। अतीत के अविवेकता से किए गए कर्मों से दुःखी क्यों रहते हो? उनकी स्मृति को मन से निकाल दें, और ध्यान रखें कि उनकी पुनरावृत्ति न हो। आप किए गए गलत कार्यों पर चिन्तित हो सकते हैं, परन्तु ईश्वर नहीं। जो बीत गया सो बीत गया। आप उनकी सन्तान हैं, और आपने जो भी गलतियाँ की हैं वे इसलिए हुई थी कि आप उन्हें (ईश्वर को) नहीं जानते थे। अज्ञानता के प्रभाव में किए गए गलत कार्यों की बुराई को वे आपके विरूद्ध बनाए नहीं रखते। वे केवल इतना ही कहते हैं आप अपने गलत कार्यों की पुनरावृत्ति न करें। वे केवल यही जानना चाहते हैं कि आप अच्छा बनने के अपने इरादे के प्रति सच्चे हैं या नहीं। अतीत को भूल जाओ (श्रीयुक्तेश्वरजी ने कहा)। सभी लोगों के बीते हुए जीवन अनेक लज्जाओं से कलुषित हैं। मनुष्य का आचरण तब तक सदा अविश्वसनीय है जब तक कि वह ईश्वर में स्थिर न हो जाए। भविष्य में सब कुछ सुधर जाएगा यदि आप अभी आध्यात्मिक प्रयास कर रहे हैं। **(क्रमशः)**

फेसबुक वॉल से




X से




रचना भेजिए

**समाचारों के संबंध में शिकायत, सुझाव या इस पेज के लिए आर्टिकल कृपया भेजें article.rnmail@gmail.com कॉल/व्हाट्सएप 82925 53444। –संपादक**

आज का दोहा

**भुजा उठा कर प्रण किया था जब तुमने राम!**
**कलियुग तक बढ़ जायगा, किसे पता था काम!!**
**सोमदत्त शर्मा, गाजियाबाद (उ.प्र.)**

देश की बात

## मिसाइल मैन डॉ एपीजे अब्दुल कलाम



संजय गोस्वामी

डॉ कलाम साहब को मिसाइल मैन के नाम से भी जाना जाता था. वे भारत के भारतीय गणतंत्र के ग्यारहवें निर्वाचित राष्ट्रपति थे। डॉ अब्दुल कलाम को पीपल्स प्रेजिडेंट भी कहा जाता था उनका मानना था कि श्इंतजार करने वालों को सिर्फ उतना ही मिलता है, जितना कोशिश करने वाले छोड़ देते हैं। ऐसे प्रेरणादायी शब्द से छात्रों को संबोधित करते रहते थे। एक साधारण परिवार में 15 अक्टूबर 1931 को धनुषकोडी गाँव (रामेश्वरम, तमिलनाडु) में एक मध्यमवर्ग मुस्लिम परिवार में इनका जन्म हुआ। अपनी मेहनत और बुद्धिमता से ना सिर्फ विज्ञान के क्षेत्र में प्रसिद्धि हासिल की और भारत के राष्ट्रपति पद तक का सफर तय किया बल्कि ये भी साबित किया कि अगर कोई इंसान ठान ले तो कुछ भी असंभव नहीं है। 1963 में कलाम भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संस्थान, इसरो से जुड़े और यहां भी भारत की ताकत को बढ़ाने में अपना योगदान दिया। सैटेलाइट लॉन्च वेहिकल यानी स्ट के प्रॉजेक्ट मिशन से जुड़े। अब्दुल कलाम को मिसाइल मैन के नाम से जाना जाता है उन्होंने अपनी मेहनत और क्षमता के दम पर भारत को वो शक्ति दी जिससे भारत अपनी धाक दुनिया के सामने जमा सका। 1982 में कलाम रक्षा अनुसंधान विकास संगठन, क्त्क्व् से जुड़े और उनके नेतृत्व में ही भारत ने नाग, पृथ्वी, आकाश, त्रिशूल और अग्नि जैसे मिसाइल विकसित किए। इन्होंने भारत रत्न, भारत के सर्वोच्च नागरिक सम्मान सहित कई प्रतिष्ठित पुरस्कार प्राप्त किये। उनके भाषणों में कम से कम एक कुरल का उल्लेख अवश्य रहता था। राजनीतिक स्तर पर कलाम की चाहत थी कि अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर भारत की भूमिका विस्तार हो और भारत ज्यादा से ज्याद महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाये। भारत को महाशक्ति बनने की दिशा में कदम बढाते देखना उनकी दिली चाहत थी। उन्होंने कई प्रेरणास्पद पुस्तकों की भी रचना की थी और वे तकनीक को भारत के जनसाधारण तक पहुँचाने की हमेशा वकालत करते रहे थी। बच्चों और युवाओं के बीच डाक्टर कलाम अत्यधिक लोकप्रिय थे। वह भारतीय अन्तरिक्ष विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी संस्थान के कुलपति भी थे ।ष्ट्रपति पद से सेवामुक्त होने के बाद डॉ कलाम शिक्षण, लेखन, मार्गदर्शन और शोध जैसे कार्यों में व्यस्त रहे और भारतीय प्रबंधन संस्थान, शिल्लोंग, भारतीय प्रबंधन संस्थान, अहमदाबाद, भारतीय प्रबंधन संस्थान, इंदौर, जैसे संस्थानों से विजिटिंग प्रोफेसर के तौर पर जुड़े रहे। इसके अलावा वह भारतीय विज्ञान संस्थान बैंगलोर के फेलो, इंडियन इंस्टिट्यूट ऑफ स्पेस साइंस एंड टेक्नोलॉजी, थिरुवनन्थपुरम, के चांसलर, अन्ना यूनिवर्सिटी, चेन्नई, में एयरोस्पेस इंजीनियरिंग के प्रोफेसर भी रहे। उन्होंने आई. आई. आई. टी. हैदराबाद, बनारस हिन्दू यूनिवर्सिटी और अन्ना यूनिवर्सिटी में सूचना प्रौद्योगिकी भी पढाया था। कलाम हमेशा से देश के युवाओं और उनके भविष्य को बेहतर बनाने के बारे में बातें करते थे। इसी सम्बन्ध में उन्होंने देश के युवाओं के लिए 'व्हाट कैन आई गिव' पहल की शुरूआत भी की जिसका उद्देश्य भ्रष्टाचार का सफाया है। देश के युवाओं में उनकी लोकप्रियता को देखते हुए उन्हें 2 बार (2003 - 2004) 'एम.टी.वी. यूथ आइकॉन ऑफ द इयर अवार्ड' के लिए मनोनित भी किया गया था। वर्ष 2011 में प्रदर्शित हुई हिंदी फिल्म 'आई एम कलाम' उनके जीवन से प्रभावित है। डॉ एपीजे अब्दुल कलाम ने विंग्स ऑफ फायर, इग्नाइटेड माइंड्स, इंडिया 2020 जैसी कई मशहूर और प्रेरणा देने वाली किताबें लिखी हैं। जो खासकर छात्रों को प्रेरित करती रही। इन्होंने 1974 में भारत द्वारा पहले मूल परमाणु परीक्षण के बाद से दूसरी बार 1998 में भारत के पोखरान-द्वितीय परमाणु परीक्षण में एक निर्णायक, संगठनात्मक, तकनीकी और राजनैतिक भूमिका निभाई! सपने वो नहीं होते जो रात को सोने समय नींद में आये, सपनें वो होते हैं जो रातों में सोने नहीं देते। ऐसे दमदार विचार रखने वाले भारत के पूर्व राष्ट्रपति एपीजे अब्दुल कलाम अब इस दुनिया में नहीं रहे। 27 जुलाई 2015 की शाम डॉ अब्दुल कलाम भारतीय प्रबंधन संस्थान शिलोंग में श्रहने योग्य ग्रह पर एक व्याख्यान दे रहे थे जब उन्हें जोरदार कार्डियक अरेस्ट (दिल का दौरा) हुआ और ये बेहोश हो कर गिर पड़े। लगभग 6:30 बजे गंभीर हालत में इन्हें बेथानी अस्पताल में आईसीयू में ले जाया गया और दो घंटे के बाद इनकी मृत्यु की पुष्टि कर दी गई। जिसके बाद करोड़ों लोगों के प्रिय और चहेते डॉ अब्दुल कलाम परलोक सिधार गए। **(ये इनके निजी विचार हैं)**

स्वामी, पारिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा.लि. के लिए प्रकाशक एंव मुद्रक हर्षवर्द्धन बजाज द्वारा 502, मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान, हरमू रोड, रांची से प्रकाशित एवं एस एच प्रिंटर्स प्राइवेट लिमिटेड (पूर्व में शिवासाईं पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड), नियर टेंडर बागीचा पेट्रोल पम्प, रातू, रांची-835222, झारखंड द्वारा मुद्रित। रजिस्ट्रेशन नं: BIHHIN/1999/155, प्रधान संपादक : सुरेश बजाज, संपादक : हर्षवर्द्धन बजाज, कार्यकारी संपादक : सुनील सिंह 'बादल'*, समाचार संपादक : त्रिभुवन कुमार सिन्हा, प्रेस कार्यालय : रांची रोड, रेड़मा, मेदिनीनगर (डालटनगंज) पलामू-822102, फोन नंबर : 06562-796018, रांची कार्यालय : 502बी, पांचवी मंजिल, मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान हरमू रोड, रांची-834001, फोन नंबर : 0651-3553943, ई-मेल : news.rnmail@gmail.com, article.rnmail@gmail.com (*पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेवार।)

## एक नजर

### महिला की हत्या के मामले में आरोपी को पुलिस ने भेजा जेल

**सिमडेगा।** ठेठईटांगर थाना क्षेत्र के जोराम पतराटोली के पास 12 अक्टूबर को मिले महिला के शव मामले में पुलिस ने हत्या आरोपी व्यक्ति को सोमवार को गिरफ्तार करते हुए जेल भेज दिया। गिरफ्तार आरोपी की पहचान राजेश कन्डूलना तलमंगा नवाटोली के रूप में हुई। राजेश द्वारा जसमती देवी को धारदार हथियार से मारकर हत्या कर दिया गया। बताया गया कि लगातार एक महीना से आरोपी राजेश और उसकी पत्नी मृतक महिला के घर में एक महीना से थे और किसी बात को लेकर कहां सुनी हुई और दिन में लड़ाई हुआ जिसके बाद वह गुस्से में आकर देर रात उसकी हत्या करते हुए उसके शव को गांव के ही पास सड़क किनारे फेंकते हुए फरार हो गया हालांकि पुलिस की दबिश को देखते हुए रविवार की शाम में आत्म समर्पण कर दिया।

### विधायक के प्रयास से तामड़ा सिमडेगा थाना और सेवई व पिथरा के मुफस्सिल थाना में हुआ सीमांकन

**सिमडेगा।** सिमडेगा विधायक भूषण बाड़ा के पहल पर तामड़ा, पिथरा और सेवई पंचायत के थाना क्षेत्र का स्थानांतरण किया गया है। विधायक भूषण बाड़ा ने इस सम्बंध में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन एवं पुलिस महानिदेशक को ज्ञापन देकर विभिन्न थाना क्षेत्र में सीमांकन कराने की मांग की थी। विधायक ने इन पंचायतों का सीमांकन इधर उधर होने से ग्रामीणों को होने वाली परेशानियो से भी अवगत कराया था। इसके बाद हेमंत सरकार ने कैबिनेट की बैठक में स्वीकृति प्रदान करते हुए विभिन्न थाना क्षेत्र में सीमांकन कर दिया है। नए सीमांकन के अनुसार सदर थाना क्षेत्र के सेवई पंचायत के सेवई एवं सनसेवाई को मुफस्सिल थाना में सीमांकन किया गया है। वहीं सदर थाना के अधीन कार्य क्षेत्र पिथरा पंचायत के पिथरा, रिगड़ी, गुलदा, मेरोमलोय, बड़की छापर, जमुना खैर, तुमडेगी, सेमरबेड़ा को मुफस्सिल थाना में सीमांकन किया गया है।

# मूर्ति विसर्जन के दौरान तालाब में डूबने से युवक की मौत, शोक में डूबा शहर



**नवीन मेल संवाददाता। सिमडेगा** सिमडेगा में रविवार की शाम 9 दिनों के नवरात्रि संपन्न होने के बाद मां दुर्गा की प्रतिमा विसर्जन शोभायात्रा के बाद डिप्टीटोली स्थित विसर्जन तालाब में मूर्ति विसर्जन के दौरान तालाब में डूबने से कुंज नगर निवासी मुकेश अग्रवाल नामक युवक की मौत हो गई ।इधर मौत के बाद पूरे सिमडेगा का शहर में शोक की लहर दौड़ पड़ी। मिली जानकारी के अनुसार कुंज नगर स्थित दुर्गा पूजा पंडाल समिति के द्वारा डिप्टी स्थित मूर्ति विसर्जन तालाब में विसर्जन करने के दौरान वह तालाब पर उतरा था और मूर्ति विसर्जन होने के बाद वह पुनः तालाब में गया और उसके दौरान गहरे पानी में चला गया जिसके बाद पता नहीं चला। आसपास के लोगों को जब नहीं दिखा तो शोर शराबा होने के बाद पूजा समिति के सदस्य एवं गोताखोरों के द्वारा तालाब में खोजने लगे काफी देर तक खोजबीन के बाद नहीं मिला और काफी मशक्कत के बाद तालाब के निचले हिस्से में उसे पाया, जिसे तुरंत निकाल कर इलाज के लिए सिमडेगा सदर अस्पताल लाया गया ।इधर सदर अस्पताल लाने के बाद इलाज शुरू की गईम तलाब में डूबने की सूचना शहर में आग की तरफ फैल गई जिसके बाद विभिन्न पूजा पंडाल के सदस्य सदर अस्पताल पहुंचे और सदर अस्पताल में अफरा तफरी का माहौल देखने को मिला। इस दौरान काफी देर तक प्रयास किया गया ,जिसके बाद सदर अस्पताल में उमड़ती भीड़ देख सिविल सर्जन डॉक्टर रामदेव पासवान, अनुमंडल पदाधिकारी अनुराग लकड़ा, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी बैजू उरांव, अंचल अधिकारी इम्तियाज अहमद, थाना प्रभारी दिनेश प्रजापति पहुंचे ।मुकेश की स्थिति को देखते हुए बेहतर इलाज के लिए रेफर कर दिया गया इधर कोलेबिरा स्थित अस्पताल में इलाज के क्रम में उसकी मौत हो गई।

### मेडिकल टीम गठित कर देर रात हुआ शव का पोस्टमार्टम

इधर मौत के बाद कोलेबिरा से उसके मृत शव को सदर अस्पताल सिमडेगा लाया गया और पुलिस द्वारा सभी प्रकार की कागजी प्रक्रिया पूर्ण करने के साथ सिविल सर्जन के दिशा निर्देश पर विशेष टीम का गठन करते हुए देर रात वीडियोग्राफी के साथ मृतक मुकेश अग्रवाल के शव का पोस्टमार्टम कर शव परिजनों को सौंप दिया। इधर सोमवार को सिमडेगा एसपी सौरभ मृतक के परिजनों से मुलाकात करते हुए ढांढस बढ़ाया तथा उन्होंने कहा कि सिमडेगा पुलिस की ओर से हर संभव मदद करने का प्रयास किया जाएगा। उन्होंने कहा किसी प्रकार की परेशानी होने पर आप संपर्क कर सकते हैं।

### दिवंगत युवक के परिजनों से मिले विधायक, बंधाया ढांढस



**सिमडेगा।** सिमडेगा विधायक भूषण बाड़ा सोमवार को मृतक युवक मुकेश अग्रवाल के घर पहुंचे। साथ ही शोक व्यक्त करते हुए दिवंगत युवक के परिजनों से मुलाकात की। वहीं इस दुःख की घड़ी में परिजनों के साथ खड़ा रहने का आश्वासन दिया। विधायक ने गहरी शोक संवेदना व्यक्त करते हुए परिजनों का हर सम्भव सहयोग करने का आश्वासन दिया। विधायक ने कहा कि युवक मुकेश का निधन काफी दुःखद घटना है। मुकेश ने दुर्गा पूजा को सफल बनाने में हमेशा सक्रिय भूमिका निभाते थे। उनके निधन की कमी हमेशा कुंजनगर दुर्गा पूजा समिति को खलेगी। विधायक ने परिजनों को सरकार से मुआवजा दिलाने के लिए पहल करने का भी आश्वासन दिया।

## विस चुनाव को लेकर डीडीसी ने मीडिया प्रतिनिधियों के साथ की बैठक



**नवीन मेल संवाददाता। सिमडेगा** आगामी विधानसभा आम चुनाव 2024 के निमित्त उप विकास आयुक्त संदीप कुमार दोराईबुरु की अध्यक्षता में 'स्वीप कार्यक्रम' के आयोजन के लिए मीडिया प्रतिनिधि के साथ बैठक आयोजित की गई। बैठक के दौरान उप विकास आयुक्त ने कहा कि स्वीप कार्यक्रम के तहत शत प्रतिशत मतदान को लेकर विभिन्न गतिविधियों के जरिए मतदाताओं जागरूकता करना है। विधानसभा आम चुनाव -2024 के स्वीप गतिविधि के तहत जिले के सुदूरवर्ती इलाकों में रहने वाले मतदाताओं एवं शहरी क्षेत्र के मतदाताओं को मतदान के लिए प्रेरित करने हेतु विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन करने कहीं बात कहीं। जिले में आईटीडीए विभाग द्वारा निर्मित धूमकुड़िया भवन में धूमकुड़िया कार्यक्रम का आयोजन कर मतदाताओं को जागरूक बनाने का निर्देश दिया।

### कुरडेग में कुल्हाड़ी से हमला मामले में दो लोगों को पुलिस ने भेजा जेल

**कुरडेग।** कुरडेग थानान्तर्गत ग्राम-कुटमाकच्छार में आपसी विवाद में दुर्जन नायक को सुरेश नायक एवं शिव प्रसाद नायक के द्वारा टांगी और ईंट से मार कर घायल कर दिया गया, जिसके आलोक में कुरडेग थाना में मामला दर्ज करते हुए थाना प्रभारी नवीन कुमार के द्वारा अनुसंधान करते हुए सुरेश नायक एवं शिव प्रसाद नायक के विरूद्ध दर्ज किया गया तथा सोमवार को दोनों अभियुक्तों को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया। गौरतलब हो बकाया मजदूरी मांगने के लिए पति-पत्नी गए थे इसी दौरान किसी बात को लेकर कहा सुनी होने पर दुर्जन नायक के ऊपर सुरेश नायक और शिव प्रसाद नायक के द्वारा हमला किया था इसके बाद उनका इलाज सीएचसी में करवाने के बाद बेहतर इलाज के लिए सदर अस्पताल भेजा गया था।

स्वीप के तहत सिमडेगा के कुडपानी खेल मैदान में हॉकी प्रतियोगिता आयोजित

## मतदान के प्रति किया गया जागरूक, दिलाई गई शपथ , फॉर्म 06 का हुआ वितरण



**नवीन मेल संवाददाता। सिमडेगा** जिला प्रशासन, सिमडेगा स्वीप कोषांग के द्वारा सिमडेगा में मतदान के प्रति जागरूकता लाने, नए मतदाताओं का नाम जोड़ने के लिए स्वीप के तहत कई कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे है ।जिसके तहत सोमवार ठेठईटांगर प्रखंड अंतर्गत कोनमेंञ्जरा पंचायत के कुदपानी खेल मैदान में नव युवक संघ हॉकी संघ कुडपानी आसंबेदा के सहयोग से हॉकी प्रतियोगिता आयोजित की गई। जिसमें फरसापानी की टीम 2-1 से विजय हासिल की। इस कार्यकम में 100 से अधिक खिलाड़ी और लगभग 100 से अधिक ग्रामीण उपस्थित थे। हॉकी खिलाड़ी अजीत के अगुवाई में सभी खिलाड़ियों और ग्रामीणों ने मतदान के लिए प्रतिज्ञा भी की। साथ ही उपस्थित लोगों के बीच फॉर्म 06 का वितरण का भी वितरण किया गया।

## न्यूज बॉक्स

### ठेठईटांगर प्रखंड में नम आंखों से दी गई मां दुर्गा को विदाई



**ठेठईटागर।** प्रखंड मुख्यालय के शारदीय नवरात्र के विजयादशमी पूजन विधि विधान पूजा अर्चना के बाद रविवार दोपहर के बाद प्रखंड वासियों ने नाम आंखों से मां दुर्गा को श्रद्धालुओं ने विदाई दी। इस मौके पर विसर्जन शोभायात्रा का आयोजन किया गया शोभायात्रा पूजा पंडाल से निकलकर चौक चौराहे का भ्रमण करते हुए नाचते गाते झूमते हुए सभी जगह पर गुजरी। इस दौरान भक्तों ने मां का आशीर्वाद लिया ।वही इस दौरान पूजा समिति द्वारा गंगा जमुना तहजीब का नजारा देखने को मिला जहां पर सभी समुदाय के वरिष्ठ जनों को अंग वस्त्र देखकर सम्मानित किया ।प्रतिमा विसर्जन स्थानीय महिलाओं ने भी बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया वहीं नगर भ्रमण के बाद स्थानीय ब्लॉक तलाब में मां के पूजा अर्चना एवं आरती के बाद नम आंखों से मां दुर्गा को विसर्जित कर विदाई दी गई। इधर विधि व्यवस्था को लेकर पुलिस एवं प्रशासन जगह-जगह पर अलर्ट रही ताकि किसी प्रकार से कोई भी परेशानी उत्पन्न न हो।

### विधानसभा चुनाव को लेकर बानो प्रखंड कार्यालय में सेक्टर मजिस्ट्रेट के साथ हुई बैठक



**बानो।** प्रखंड कार्यालय बानो के सभागार में आगामी विधानसभा चुनाव 2024 को लेकर सेक्टर मजिस्ट्रेट की बैठक प्रखण्ड विकास पदाधिकारी नैमुदीन अंसारी की अध्यक्षता में बैठक हुई। बैठक में नईमुदीन अंसारी ने कहा जल्द ही चुनाव की घोषणा हो सकती है सभी अपने अपने सेक्टर के पहुच पथ, बुनियादी सुविधाओं, आरएम रिपोर्ट, रूट चार्ट का निरीक्षण कर जल्द कार्यालय को जानकारी दें। उन्होंने कहा बूथ में पेयजल, लाईट उपलब्धता पर जानकारी दे। उन्होंने कहा भारत निर्वाचन आयोग के निर्देश अनुसार मतदाताओं को सभी प्रकार की सुविधा उपलब्ध कराने संबंधित तैयारी की जा रही है ताकि किसी प्रकार से मतदाताओं को मतदान के दिन परेशानी का सामना न करना पड़े और प्रखंड क्षेत्र में शत प्रतिशत लोग अपने मताधिकार का प्रयोग करें। मौके पर जुनुल तोपनो, मिखाइल किस्कू, रंजीत कुमार, अजय कुमार कुजूर,अमरेंद्र नाग, मंटू राम महतो आदि लोग उपस्थित थे।

### कुरडेग थाना क्षेत्र में दो अलग-अलग घटनाओं में तीन लोग गंभीर रूप से घायल



**कुरडेग।** थाना क्षेत्र में दो अलग अलग सड़क दुर्घटना में तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गये। तीनों घायलों को बेहतर इलाज के लिये सदर अस्पताल सिमडेगा रेफर किया गया। पहली घटना कुरडेग सिमडेगा मुख्य मार्ग के हेठमा मोड़ के समीप घटी ।बताया गया कि सनसेवई निवासी हिलारूस कुजूर,एवं अनु बाड़ा बाइक से कुरडेग लबडेरा जा रहे थे ।इसी दौरान हेठमा मोड़ के पास बाइक पर नियंत्रण खो दिया जिससे अनियंत्रित होकर पक्की सड़क पर गीर पड़े जिससे दोनों को गंभीर चोटें लगी ।कुरडेग के सीओ किरण डांग ने दोनों घायलों को सीएचसी कुरडेग भेजा ।वहीं दूसरी घटना खालीजोर बाजारडांड़ के समीप घटी जहां अनिल मिंज नामक व्यक्ति अपनी मोटरसाइकिल से अनियंत्रित होकर गिर पड़ा जिससे सिर में गंभीर चोट लगी ।तीनों घायलों को कुरडेग सी एच सी लाया गया जहाँ डॉ अभिनव कुमार के द्वारा प्राथमिक इलाज के बाद बेहतर ईलाज के लिए सदर अस्पताल सिमडेगा रेफर कर दिया गया।

## जनता का विश्वास जीतते हुए हर बूथ पर करें जीत दर्ज : एनोस



**नवीन मेल संवाददाता। केरसई** जनता का विश्वास जीतते हुए हर बुथ में अच्छा प्रदर्शन करते हुए विस चुनाव में जीत दर्ज की जाएगी। झापा का हर कार्यकर्ता अपने आप में एनोस एक्का है। केरसई में आयोजित झापा के बुथ स्तरीय कार्यकर्ता सम्मेलन को पूर्व मंत्री एनोस एक्का ने संबोधित किया। एनोस एक्का ने उपस्थित कार्यकर्ताओं में जोश भरते हुए कहा कि भाजपा और कांग्रेस दोनों से जनता उब चुक है। झापा को नए विकल्प के रुप में देखा जा रहा है। उन्होंने कहा कि हर कार्यकर्ता गांव के हर ग्रामीण के घर तक पहुंचे और पार्टी स्तर पर लोगों की समस्या को दूर करते हुए उनका विश्वास जीतने का काम करें। उन्होंने कार्यकर्ताओं को पार्टी का रीढ़ बताते हुए कहा कि कार्यकर्ताओं के दम पर ही चुनाव लड़ा जा रहा है। मौके पर सभी बुथ स्तरीय कार्यकर्ताओं को बुथ मनेजमेंट के संबंध में प्रशिक्षण दिया गया। मौके पर अमन खेस, प्रभाकर तिर्की, राजेश केरकेटटा, धीरज बेक, ललिता बा सहित कई कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# खड़िया समाज के उम्मीदवार को टिकट नहीं मिलने पर समाज स्वयं प्रत्याशी खड़ा करेगा



**नवीन मेल संवाददाता। सिमडेगा** वीर शहीद तेलंगा खड़िया स्मारक समिति का बैठक मतीयस कुल्लु अध्यक्ष के अध्यक्षता में डूमरटोली बैठक हुआ ।इस बैठक का शुरूआत वीर शहीद तेलंगा खड़िया के तस्वीर पर सामूहिक रूप से माल्यार्पण कर किया गया। इस बैठक का संचालन संगठन सचिव लिबनुस टेटे के द्वारा किया गया। बैठक में समाज के पदाधिकारी अपने-अपने विचार व्यक्त किया और आगामी विधानसभा चुनाव का रणनीति भी बनायी गई कि हम खड़िया समाज के लोग सिमडेगा के दोनों विधानसभा में बहुल हैं और गुमला सिसई बिशनपुर में निर्णायक है फिर भी आज तक हमारे खड़िया समाज से एक भी विधायक नहीं है। इसलिए समाज इस चुनाव में खड़िया समाज से जितने भी लोग राष्ट्रीय पार्टी एवं गठबंधन से उम्मीदवारी बनाई हैं। उसमें हमारे समाज के उम्मीदवारी को चुनाव टिकट मिल जाता है तो उसे भारी बहुमतों से विजय बनाने का संकल्प लिया गया, यदि हमारे खड़िया समाज से इन उम्मीदवारों को टिकट नहीं मिलता है उसे स्थिति में हमारे खड़िया समाज अपना उम्मीदवारी देकर भारी बहुमत से जीतने का निश्चय किया। इस बैठक में मुख्य रूप से अखिल भारतीय खड़िया माहाडोकलो सोहेर पी कुलकांत केरकेट्टा, नागपुर परगना सोहोर जॉन अगुसटीन टेटे, तेलंगा स्मारक समिति प्रदीप टेटे, शांति बाला केरकेट्टा, अरविंद सोरेंग, पुष्पा कुल्लू, जेवियर सोरेंग, जेम्स पी केरकेट्टा, रजत कुमार टेटे, रोसा केरकेट्टा, पहटा सेहोर कोलेबिरा बसंत डुंगडुंग के अलावा समाज के काफी लोग उपस्थित हुए।

### अवैध शराब के विरुद्ध विभिन्न थाना क्षेत्रों में चला छापामारी अभियान

**सिमडेगा।** जिला में अवैध शराब की रोकथाम के लिए लगातार जागरूकता एवं छापामारी अभियान चलाया जा रहा है, इसी क्रम में सोमवार को विभिन्न थाना क्षेत्र में थाना प्रभारी के नेतृत्व में अवैध शराब के विरूद्ध सघन छापामारी अभियान चलाया गया। बताया गया एक सप्ताह में अभियान के दौरान एक हजार चार सौ अठारह 1418 किलोग्राम जावा महुवा तथा बारह 12 लीटर अवैध शराब विनष्ट किए गए हैं एवं अवैध शराब बनाने के लिए उपयोग होने वाली भट्ठी को भी विनष्ट किया गया एसपी सिमडेगा ने सिमडेगा की जनता से अनुरोध किया है कि, अवैध शराब की रोकथाम में और नशामुक्त समाज के निर्माण में सिमडेगा पुलिस का सहयोग करें। अपने आस पास के लोगों को जागरूक करें और अवैध शराब बनाने और बिक्री करने से संबंधित कोई भी सूचना नियंत्रण कक्ष के मोबाईल पर निश्चित रूप से दें।

बाघचट्टा नागपुरिया कार्यक्रम में उमड़ी ग्रामीणों की भीड़

# भाषा, संस्कृति, नृत्य व गीत है हमारी धरोहर : एनोस एक्का



**नवीन मेल संवाददाता। ठेठईटांगर** बाघचट्टा दूर्गा पूजा समिति के तत्वावधान में रविवार की देर रात बाजारटांड में रंगारंग नागपुरी कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उदघाटन मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित पूर्व मंत्री एनोस एक्का, झापा युवा नेता संदेश एक?का और विशिष्ट अतिथि के रुप उपस्थित थाना प्रभारी देवीदास मुर्मू, मुखिया इलिजाबेथ बागे, समाजसेवी ललन प्रसाद आदि ने फीता काटकर एवं दीप जलाकर किया। अपने संबोधन में एनोस एक्का ने कहा की भाषा, संस्कृति, नृत्य एवं गीत हमारी पहचान है और इसे बचाए रखना हम सब की जिम्मेवारी है। उन्होंने युवाओं से आगे आकर अपने गौरवशाली संस्कृति की विरासत को आगे तक ले जाने की अपील करते हुए सभी लोगों को जाति धर्म के बंधन को तोड़कर एक साथ मिल जुलकर रहने की बात कही। संदेश एक्का ने शराब का सेवन नहीं करने और सभी धर्म का आदर करने की अपील की। इसके बाद नागपुरी कार्यक्रम की शुरूआत गणेश वंदना के साथ की गई। कार्यक्रम में मुख्य रूप से आरती देवी, हुलास महतो, अजय तिर्की जैसे प्रसिद्ध नागपुरी कलाकार अपनी प्रस्तुति से समा बांध दिया। कलाकारों द्वारा प्रस्तुत गीतों पर ग्रामीण रात भर झूमते रहे। मंच पर जब प्रसिद्ध गायक आरती देवी और मांदर वादक हुलास महतो ने गीत के साथ नृत्य की प्रस्तुति की तो पूरा माहौल झूम उठा था। हर कोई मादर की धुन पर नाचते हुए झुम रहे थे। कार्यक्रम में स्वागत भाषण पूर्व मुखिया मतीयस बागे ने किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में समिति के सुरेन्द्र बेसरा, मखन बेसरा, सुबोध तिर्की, पुना बेसरा सहित कई लोगों का अहम योगदान रहा ।नागपुरिया कार्यक्रम को लेकर बाजार टांड परिसर में पुलिस प्रशासन के द्वारा सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किया गए थे।

## मंयंगसोर एवं बुम्बुलडा में रौतिया समाज ने किया बैठक का आयोजन



**नवीन मेल संवाददाता। बानो** प्रखंण्ड के बडकाडुईल पंचायत के मंयंगसोर गंझूटोली एंव पबुडा पंचायत के बुम्बुलडा गांव शनिवार को रौतिया सामाज की बैठक हुई। सामाजिक एकता, सामाजिक समस्याओं, रौतिया समाज के लोगों की जमीन को अवैध तरीके से खरीद बिक्री पर रोक लगाने पर चर्चा की गई। भोले- भाले रौतिया जाति की जमीन को बहला - फुसला कर जमीन बेचवाने दलालों को समाज के द्वारा चेतावनी देते हुए वैसे लोगों से समाज के लोगों को सजग रहने की अपील की गयी ।महेश ने कहा बुम्बुलडा में रौतिया समाज की बिक रही 27 एकड़ की जमीन को तत्काल रोक लगाने सह गांव के सभी लोगों को गोलबंद जमीन दलालों को चिनिह्त कर रौतिया गांव नही घुसने देने पर विचार की गयी ।बैठक में प्रखंड अध्यक्ष महेश सिंह, रामप्रशाद सिंह,शिवशरण सिंह, बलराम सिंह, नरेन्दर सिंह, राजेन्दर सिंह, बिमल सिंह, रामकिशोर सिंह, नेमा सिंह, रमेश सिंह, विष्णु सिंह, बलदेव सिंह, रामकिशोर सिंह, रविन्दर सिंह, अरजुन सिंह, सुखदेव सिंह आदि लोग उपस्थित थे।

झारखंड गठन का मुख्य उद्देश्य आदिवासियों और मूलवासियों का सर्वांगीण विकास करना

## भाजपा-झापा आदिवासी को धर्म एवं जाति के आधार पर लड़ाने का कर रही षड्यंत्र : विधायक



**नवीन मेल संवाददाता। कोलेबिरा** प्रखंड के अघरमा पंचायत के शिवनाथपुर में सोमवार को ग्रामीणों के द्वारा बैठक का आयोजन किया गया। जिसमें कोलेबिरा विधायक नमन विक्सल कोनगाड़ी शामिल हुए। विधायक ने कहा कि झारखंड राज्य के गठन का मुख्य उद्देश्य झारखंड राज्य में निवास करने वाले आदिवासियों और मूलवासियों का सर्वांगीण विकास हो। लेकिन झारखंड गठन के पश्चात सबसे अधिक समय तक सरकार चलाने का काम भाजपा और उनके सहयोगियों ने किया ।लेकिन वे विकास करना छोड़कर हमारे झारखंड राज्य में जो अकूत धन संपत्ति जो कि हमारी अधिकार की जमीनों और जंगलों में जमीन के ऊपर और नीचे अवस्थित है ।उसको लूटने के काम में लग गए ताकि अपने पूँजीपति आकाओं को लाभ पहुंचा सके ।इस उद्देश्य की पुर्ती हेतु झारखंड राज्य के आदिवासियों और मूलवासियों को कभी धर्म के नाम पर,कभी जाति के नाम पर लड़ाते रहे एवं अपना स्वार्थ सिद्धि में लगे रहे ।हमें आपस में लड़ाने के लिए हमारे ही बीच के लोगों को दलाल बनाकर हमारी एकता को विखंडित करने के काम में लगाया। उन्होंने पूर्व विधायक एनोस एक्का पर हमला बोलते हुए कहा कि जब 2005 में सभी धर्मनिरपेक्ष मानसिकता वाले लोगों के सहयोग से विधायक बने ।लेकिन विधायक बनते ही हमारे लोगों के विश्वास को अपने लोभ की पुर्ती हेतु भाजपा के हाथों बेच दिया ।मंत्री बनकर हमारे आदिवासी और ईसाइयों को प्रताड़ित करने के लिए काले कानूनों को भाजपा के साथ मिलकर पारित किया ।जिसका दुष्प्रभाव आज तक समाज पर पड़ा हुआ है ।उन्होंने कहा पिछले चुनाव में कांग्रेस गठबंधन को जिताकर पहली बार इस राज्य में अपनी सरकार बनवाई ।राज्य में गरीब, दबे कुचले लोगों, आदिवासियों, मूलवासियों, किसानों, मजदूरों, महिलाओं की सरकार बनी।

## हैदराबाद के माता मंदिर पर हमला, भाजपा विधायक राजा सिंह घर पर नजरबंद



**हैदराबाद।** राजधानी के मोंडा मार्केट के पास कुम्मारिगुडा स्थित मुत्यालम्मा दुर्गा माता के मंदिर में सोमवार सुबह प्रतिमा तोड़े जाने की खबर के बाद तनाव फैल गया। बड़ी संख्या में स्थानीय लोग मंदिर पहुंचे और आक्रोश व्यक्त किया। उन्होंने सड़क पर उतरकर विरोध प्रदर्शन किया लेकिन बड़ी संख्या में मौजूद पुलिस बल ने स्थिति काबू में रखी। हैदराबाद के गोशामहल विधानसभा क्षेत्र से भाजपा विधायक राजा सिंह को उनके घर पर ही नजरबन्द किया गया है। पुलिस के अनुसार एक अज्ञात व्यक्ति ने मंदिर में लगी अम्मा की मूर्ति को खंडित कर दिया। इसकी जानकारी होने पर आज सुबह बड़ी संख्या में स्थानीय लोग मंदिर पहुंचे और आक्रोश व्यक्त किया। उन्होंने सड़क पर उतरकर विरोध प्रदर्शन किया। सीसीटीवी में आरोपित का वह फुटेज कैद हुआ है, जिसमें वह मंदिर के गेट को लात मारकर मूर्ति को नष्ट करने से पहले मंदिर के अंदर घुस रहा है। घटना के बाद स्थानीय लोगों ने आरोपित की पिटाई कर दी। पुलिस ने सड़क पर डेरा जमाये लोगों को हिरासत में ले लिया। इसी क्रम में पुलिस और प्रदर्शनकारियों के बीच नोक-झोंक भी हुई। केंद्रीय मंत्री जी. किशन रेड्डी ने घटनास्थल का निरीक्षण और कहा कि राज्य सरकार मंदिरों को सुरक्षा प्रधान करने में विफल रही है। उन्होंने कहा कि यह दुखद है कि कुछ ही दिनों के भीतर हैदराबाद शहर में यह चौथी घटना है।

## प. बंगाल : सरकार और डॉक्टरों की बैठक बेनतीजा 10 सूत्री मांगों पर नहीं मिला कोई आश्वासन

**कोलकाता ।** राज्य के डॉक्टरों के विभिन्न संगठनों के प्रतिनिधियों और मुख्य सचिव मनोज पंत के बीच सोमवार को बैठक हुई। बैठक से डॉक्टरों को निराशा हाथ लगी। स्वास्थ्य भवन में हुई इस बैठक में राज्य सरकार की ओर से 10 सूत्री मांगों पर कोई स्पष्ट आश्वासन नहीं मिला, जिससे डॉक्टरों में असंतोष बना हुआ है। जूनियर डॉक्टरों ने बैठक में अपने प्रतिनिधियों को आमंत्रित नहीं किए जाने पर नाराजगी जताई। जूनियर डॉक्टरों के प्रतिनिधि देवाशीष हालदार ने कहा कि हमारे बिना इस बैठक का कोई मतलब नहीं है। हम लंबे समय से आंदोलन और अनशन कर रहे हैं लेकिन हमें बातचीत में शामिल नहीं किया गया। इस बैठक के सफल होने की उम्मीद नहीं है। बैठक में स्वास्थ्य सचिव नारायण स्वरूप निगम की अनुपस्थिति भी चर्चा का विषय रही। आंदोलनकारी डॉक्टरों ने बैठक में स्वास्थ्य सचिव के इस्तीफे की मांग उठाई। सूत्रों के अनुसार बैठक में मौजूद संगठनों के प्रतिनिधियों ने भी सचिव की अनुपस्थिति पर आपत्ति जताई।

# बहराइच में बिगड़े हालात को काबू करने में जुटा प्रशासन

### दुर्गा प्रतिमा के विसर्जन के दौरान विशेष समुदाय के लोगों ने गाना बंद करने को कहा था

**एजेंसी। बहराइच**

उत्तर प्रदेश के बहराइच जिले में मूर्ति विसर्जन को लेकर रविवार को हुई सांप्रदायिक हिंसा के बाद स्थिति तनावपूर्ण बनी हुई है। हिंसा में मारे गए युवक के परिजन और आक्रोशित ग्रामीण लगातार आरोपितों की गिरफ्तारी की मांग पर अड़े हुए हैं। उसी की आड़ में अराजक तत्व आगजनी की घटना और तोड़फोड़ को अंजाम दे रहे हैं। हालांकि, दंगा प्रभावित इलाकों में इंटरनेट सेवा निलंबित कर दी गई है। आसपास के जिलों से अतिरिक्त पुलिस बल बुलाया गया है। क्षेत्र में पीएसी भी तैनात है। अपर पुलिस महानिदेशक (कानून एवं व्यवस्था) अमिताभ यश खुद मोर्चा संभाले हुए हैं। विधायक व प्रशासन परिवार के लोगों को अंतिम संस्कार के लिए मनाने में जुट हुए हैं। पुलिस अधिकारी फोर्स के साथ प्रभावित इलाकों में गश्त पर हैं। महाराजगंज में महसी इलाके में रविवार की शाम को दुर्गा प्रतिमा को विसर्जन के लिए ले जाया जा रहा था। डीजे की धुन पर लोग नाच गा रहे थे। इस दौरान विशेष समुदाय के लोगों ने गाने को बंद करने को कहा तो दोनों समुदाय के लोगों में कहासुनी होने लगी। देखते ही देखते मारपीट, पथराव और फायरिंग शुरू हो गई। इस फायरिंग में एक युवक राम गोपाल मिश्रा की मृत्यु हो गई और कई लोग घायल हो गये। इस घटना के बाद लोग और आक्रोशित हो गये और बवाल बढ़ गया। बलवाइयों ने सरकारी सम्पत्ति, दुकानों, घरों और वाहनों को आग के हवाले करना शुरू कर दिया। राम गोपाल का शव पंचनामा के बाद उनके घर ले जाया गया तो परिजन आरोपितों की गिरफ्तारी की मांग करते हुए शव का अंतिम संस्कार करने से इनकार कर दिया। इसके बाद एक बार फिर शांतिपूर्ण माहौल तनावपूर्ण हो गया। लोग लाठी—डंडा लेकर सड़क पर उतर गये। सामने जो कुछ भी दिखता, उसे आग के हवाले कर दे रहे थे। घटना का संज्ञान लेने के बाद मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर सोमवार को सचिव (गृह) संजीव गुप्ता और अपर पुलिस महानिदेशक (कानून एवं व्यवस्था) अमिताभ यश बहराइच जनपद पहुंचे। उन्होंने मोर्चा संभाला।



▸ इंटरनेट सेवा निलंबित

### अब तक 30 लोग हिरासत में : पुलिस अधीक्षक

पुलिस अधीक्षक ने बताया कि रविवार को महसी के महाराजगंज क्षेत्र के मुस्लिम इलाके से मूर्ति विसर्जन के लिए दुर्गा प्रतिमा ले जाई जा रही थी। उसी दौरान किसी बात को लेकर दोनों पक्ष आमने—सामने आ गये। इसमें हिन्दू पक्ष से एक युवक की मौत हो गई। घटना के बाद तनाव की स्थिति उत्पन्न हुई तो विभिन्न स्थानों पर मूर्ति विसर्जन को रोक दिया गया था। इसकी आड़ में अराजक तत्वों ने उपद्रव मचाया। पुलिस ने स्थिति को नियंत्रण में लेकर मूति विसर्जन करवाया। मृतक के परिजनों को आश्वासन देकर अंतिम संस्कार कराये जाने का प्रयास किया जा रहा है। 30 लोग हिरासत में लिये गये हैं।

## एक नजर

### उद्धव ठाकरे की हुई एंजियोप्लास्टी, हार्ट में थे ब्लॉकेज



**मुंबई।** शिवसेना यूबीटी के अध्यक्ष और पूर्व मुख्यमंत्री को सोमवार सुबह गिरगांव में स्थित रिलायंस हरकिशन दास अस्पताल में भर्ती करवाया गया है। अस्पताल में आज ही उद्धव ठाकरे की एंजियोप्लास्टी सर्जरी की गई है। डॉक्टरों ने उन्हें आराम करने की सलाह दी है। डॉक्टरों के अनुसार उद्धव ठाकरे को पिछले दो दिनों से तकलीफ हो रही थी। इसी वजह से आज सुबह वे रिलायंस अस्पताल में नियमित जांच के लिए गए। अस्पताल में उनकी एंजियोग्राफी की गई। इसके बाद एंजियोग्राफी की रिपोर्ट ब्लाकेज होने की पुष्टि हुई। इसके बाद उद्धव ठाकरे को अस्पताल में भर्ती कर लिया गया और उनकी एंजियोप्लास्टी की गई। अब उन्हें आराम करने की सलाह दी गई है। उद्धव ठाकरे की इससे पहले 2012 में लीलावती अस्पताल में एंजियोप्लास्टी हुई थी। करीब 12 साल बाद दोबारा उनकी एंजियोप्लास्टी की गई है।

### दिल्ली की मुख्यमंत्री ने प्रधानमंत्री से मुलाकात की



**नई दिल्ली।** दिल्ली की मुख्यमंत्री आतिशी ने आज प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से शिष्टाचार मुलाकात की। दिल्ली की मुख्यमंत्री का कार्यभार संभालने के बाद आतिशी की यह प्रधानमंत्री से पहली मुलाकात थी। प्रधानमंत्री कार्यालय के हैंडल से एक्स पर दोनों नेताओं की मुलाकात की तस्वीर साझा करते हुए लिखा, दिल्ली की मुख्यमंत्रीआतिशी ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से मुलाकात की। वहीं मुख्यमंत्री आतिशी ने प्रधानमंत्री कार्यालय के पोस्ट पर प्रतिक्रिया देते हुए लिखा, आज प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से मुलाकात की। मैं हमारी राजधानी के कल्याण और प्रगति के लिए केंद्र और दिल्ली सरकार के बीच पूर्ण सहयोग की आशा करती हूं।

### भाजपा नेता की सलमान खान से अपील 'बिश्नोई समाज से माफी मांग लें'

**नई दिल्ली।** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के पूर्व राज्यसभा सांसद हरनाथ सिंह यादव ने सोमवार को बॉलीवुड अभिनेता सलमान खान से बिश्नोई समाज से माफी मांगने की मांग की। उन्होंने कहा कि माफी मांगने से किसी व्यक्ति की कद, प्रतिष्ठा कम नहीं होती है, बल्कि गलती को स्वीकार करने से उसका कद बढ़ता है। हरनाथ यादव ने सलमान खान से अपील की इस विवाद को समाप्त करें। हरनाथ सिंह ने मीडिया से बात करते हुए कहा, ''करीब 23-24 साल पहले सलमान खान एक फिल्म की शूटिंग के लिए राजस्थान गए थे। वे शिकार करने गए और एक काले हिरण को मार दिया। काले हिरण की बिश्नोई समाज में घर-घर पूजा होती है। पूरे देश में जहां-जहां बिश्नोई समाज के लोग हैं, उनके अंदर इसको लेकर आक्रोश है। इसके बाद पुलिस ने केस दर्ज किया और मामला कोर्ट में पहुंचा। निचली अदालत से सलमान खान को पांच साल की सजा हुई।

### मांगों को लेकर किसानों का 'हल्ला बोल' अनिश्चितकालीन धरना शुरू

**ग्रेटर नोएडा।** ग्रेटर नोएडा के सूरजपुर कलेक्ट्रेट में सोमवार को किसानों ने अपनी मांगों को लेकर हल्ला बोल कर दिया। सैकड़ों की संख्या में किसान सूरजपुर स्थित कलेक्ट्रेट पहुंचे और उन्होंने डीएम कार्यालय के गेट के बाहर धरना प्रदर्शन शुरू कर दिया है। किसानों का यह धरना प्रदर्शन अनिश्चितकालीन है। इससे पहले फरवरी में भी किसानों ने दिल्ली कूच किया था। जिसके बाद उत्तर प्रदेश सरकार ने एक हाई पावर कमेटी का गठन कर उनकी मांगों को पूरा करने का आश्वासन दिया था। किसान अब इस बात से नाराज हैं कि हाई पावर कमेटी द्वारा उनकी समस्याओं के लिए जो निराकरण का रास्ता निकाला गया था, वह सार्वजनिक किया जाना चाहिए। जो अब तक नहीं किया गया है और न ही किसानों की कोई भी मांग अब तक पूरी हुई है।

### राहुल को विदेश में दिए बयान पर माफी मांगनी चाहिए : नीरज कुमार



**पटना।** जेडीयू नेता नीरज कुमार ने सोमवार को आईएएनएस से बात करते हुए नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी के महाराष्ट्र दौरे के साथ ही किसान नेता गुरनाम सिंह चढूनी के बयानों पर प्रतिक्रिया दी है। राहुल गांधी महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव को लेकर महाराष्ट्र के नेताओं के साथ बैठक करेंगे। इस पर जेडीयू नेता नीरज कुमार ने कहा, राजनीतिक दलों को निश्चित रूप से एक साथ आना चाहिए और राहुल गांधी से मिलना चाहिए। उन्होंने विदेश में देश के आंतरिक मामले, आतंकवाद के मुद्दे पर जो भी राय दी है। वह उन्होंने अपने पूर्वजों राजीव गांधी और इंदिरा गांधी की परंपरा के खिलाफ दी है। हम उम्मीद करते हैं कि जब कार्यकतार्ओं से मिलेंगे तो वह माफी मांगेंगे। किसान नेता गुरनाम सिंह चढूनी के बयान कि उन्होंने हरियाणा में कांग्रेस के लिए माहौल बनाया लेकिन पार्टी ने फायदा नहीं उठाया। इसपर नीरज कुमार ने कहा, किसान नेता का यह बयान किसान आंदोलन के लिए चिंता का विषय है। किसान आंदोलन के दौरान कई किसानों ने अपनी कुबार्नी दी। केंद्र सरकार ने पूरे मामले को देखते हुए तीन कृषि कानून वापस लिए। अब कोई यह दावा कर रहा हो कि वह किसान आंदोलन किसी दल के हित में कर रहे थे तो वह किसान आंदोलन के साथ राजनीतिक विश्वासघात था।

# बाबा सिद्दीकी हत्याकांड में तीसरा आरोपित गिरफ्तार, शेष की तलाश



फाइल फोटो

**एजेंसी। मुंबई**

राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (अजित पवार गुट) के नेता बाबा सिद्दीकी हत्याकांड में मुंबई पुलिस ने तीसरे आरोपित प्रवीण लोनकर को पुणे से गिरफ्तार कर लिया। उसका भाई शुभम लोनकर फरार हो गया। इन दोनों पर बाबा सिद्दीकी की हत्या की साजिश रचने का पुलिस को शक है। मुंबई पुलिस प्रवीण लोनकर से पूछताछ कर रही है। उसे आज कोर्ट में पेश किया जाएगा। पुलिस के अनुसार, रविवार को शुब्बू लोनकर नाम के शख्स के अकाउंट से की गई पोस्ट में लॉरेंस बिश्नोई गैंग ने बाबा सिद्दीकी की हत्या की जिम्मेदारी ली है। इस पोस्ट में सलमान खान और दाऊद गैंग का भी जिक्र किया गया था। इस मामले की छानबीन मुंबई पुलिस ने शुरू की तो पता चला कि यह अकाउंट शुभम लोनकर के नाम पर है और पोस्ट भी शुभम ने लिखी। शुभम लोनकर अकोला जिले के अकोट का मूल निवासी है। रविवार देररात पुलिस टीम शुभम को पकड़ने के लिए अकोट तहसील के निवारी बुद्रुक गांव में शुभम लोनकर के घर पहुंची। इसके बाद पुलिस ने उसके भाई प्रवीण लोनकर का पता लगाया और उसे पुणे से गिरफ्तार कर लिया। प्रवीण लोनकर से अब तक की पूछताछ में पता चला कि बाबा सिद्दीकी की हत्या के लिए शुभम लोनकर और प्रवीण लोनकर ने दो आरोपितों धर्मराज कश्यप और शिवानंद को चुना। लोनकर ने ही पुणे में आश्रय दिया।

### फास्ट ट्रैक चलाया जाएगा बाबा सिद्दीकी हत्याकांड का मामला : मुख्यमंत्री शिंदे

**मुंबई।** मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने सोमवार को कहा कि पूर्व मंत्री बाबा सिद्दीकी हत्याकांड मामला फास्ट ट्रैक कोर्ट में चलाया जाएगा। इस मामले में किसी भी हमलावर को बख्शा नहीं जाएगा। एकनाथ शिंदे ने कहा कि बाबा सिद्दीकी हमारे करीबी थे। इस मामले की छानबीन तेजी से चल रही है। तीन आरोपित पकड़े गए हैं और तीन फरार आरोपितों की सरगर्मी से तलाश की जा रही है। एकनाथ शिंदे ने ने कहा कि इस मामले में विपक्ष दोहरा मापदंड अपना रहा है। विपक्ष ने बदलापुर मामले के आरोपित को सरेआम फांसी देने की मांग की थी लेकिन जब आरोपित एनकाउंटर में मारा गया तो विपक्ष एनकाउंटर के विरुद्ध बोलने लगा था।

# बाबा सिद्दीकी सहित बेटे जीशान को भी मारने की थी सुपारी

**ब्यूरो**

**नई दिल्ली।** बिहार के पटना में घड़ीसाज पिता अब्दुल रहीम सिद्दीकी और राजिया सिद्दीकी के घर पैदा हुए , महाराष्ट्र में मुसलमानों व फिल्म वालों में बहुत लोकप्रिय रहे राजनेता बाबा जियाउद्दीन सिद्दीकी कांग्रेस छोड़कर केन्द्र शासित पार्टी भाजपा की केंद्र व महाराष्ट्र सरकार में सहयोगी पार्टी एनसीपी में गये, फिर भी उनकी हत्या हो गई। अब उनके बेटे , कांग्रेस विधायक जीशान सिद्दीकी को भी मारे जाने का डर सताने लगा है। क्योंकि उसको भी मारे जाने की धमकी वाला फोन आया था। यह बात कोई और नहीं बल्कि मुंबई पुलिस कह रही है। पुलिस का कहना है कि बाबा सिद्दीकी पर हमले से कुछ दिन पहले ही जीशान को धमकी भरे फोन आए थे। मुंबई पुलिस ने कहा कि शूटरों ने उनके सामने खुलासा किया कि उन्हें बाबा सिद्दीकी व उनके बेटे जीशान दोनों को मारने की सुपारी मिली थी। जो भी मिल जाए , सामने आ जाए, उस पर गोली चला देने लिए कहा गया था।यह भी कहा जा रहा है कि मारने की सुपारी लेने वाले गैंगस्टर लॉरेंस बिश्नोई के लिए काम करते हैं। हत्यारों ने बताया कि वे कई महीनों से बाबा सिद्दीकी पर नजर रख रहे थे और उनके आवास और कार्यालय की जानकारी ले रहे थे। उन्हें हत्या के लिए 50,000-50,000 रुपये दिया गया था और हत्या से कुछ दिन पहले ही उन्हें हथियार दिए गए थे। इसके पहले गुजरात की साबरमती जेल में बंद लॉरेंस बिश्नोई ने फिल्म अभिनेता सलमान खान के मुंबई आवास के बाहर गोलीबारी कराने की बात कहा था।अब सवाल यह भी उठने लगा है कि जब तीन बार के विधायक व मंत्री रहे बाबा सिद्दीकी को जान से मारने की धमकी थी, और वह भाजपा की सहयोगी पार्टी एनसीपी (अजीत पवार) में शामिल हो गये थे , राज्य में शिवसेना शिंदे गुट , भाजपा , एनसीपी अजीत पवार गुट की सरकार है , तो उनकी (बाबा सिद्दीकी) सुरक्षा व्यवस्था पुख्ता क्यों नहीं की गई? सुरक्षा व्यवस्था पुख्ता नहीं होने , खुफिया तंत्र फेल होने के कारण ही तो तीन बार विधायक रहे चुके बाबा सिद्दीकी की शनिवार शाम को मुंबई के बांद्रा ईस्ट में अपने बेटे विधायक जीशान सिद्दीकी के दफ्तर से निकलते समय हत्या कर दी गई। तीनों शूटरों में से हरियाणा के रहने वाले गुरमेल बलजीत सिंह , उत्तर प्रदेश के रहने वाले धर्मराज कश्यप को गिरफ्तार कर लिया गया है। तीसरा शूटर यूपी का रहने वाला शिवकुमार गौतम अभी भी फरार बताया जा रहा है।सरकार बता रही है कि बाबा सिद्दीकी को गैर-श्रेणीबद्ध सुरक्षा प्रदान की गई थी और उन्हें तीन पुलिस कांस्टेबल आवंटित किए गए थे, जो तीन शिफ्टों में काम करते थे। इस वारदात के समय बाबा सिद्दीकी के साथ पुलिसकर्मी था।

## आज का राशिफल

**मेष :** खान-पान में सावधानी रखें। कामकाज में आ रहा अवरोध दूर होकर प्रगति का रास्ता मिल जाएगा। मान-सम्मान में वृद्धि होगी। अच्छे कार्य के लिए रास्ते बना लेंगे। अपने हित के काम सुबह-सवेरे ही निपटा लें। आगे से रुपये पैसों की सुविधा नहीं मिल पाएगी। कामकाज सीमित तौर पर ही बनेंगे।

**वृष :** प्रतिष्ठा बढ़ाने वाले कुछ सामाजिक कार्य संपन्न होंगे। कई प्रकार के हर्ष उल्लास के बीच मांगलिक कार्य सम्पन्न होंगे। आमोद-प्रमोद का दिन होगा और व्यावसायिक प्रगति भी होगी। स्वास्थ्य और जीवन स्तर में सुधार की अपेक्षा रहेगी। ज्ञान-विज्ञान की वृद्धि होगी और सज्जनों का साथ रहेगा।

**मिथुन :** कुछ कार्य भी सिद्ध होंगे। व्यर्थ की भाग-दौड़ से यदि बचे तो अच्छा है। प्रियजनों से समागम का अवसर मिलेगा। अवरुद्ध कार्य संपन्न हो जाएंगे। दिमाग में निर्मूल तर्क-कुतर्क पैदा होंगे। महत्वपूर्ण कार्य को समय पर बना लें तो अच्छा ही होगा। संतान की उन्नति के योग हैं।

**कर्क :** आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी। आगे बढने के अवसर लाभकारी सिद्ध हो रहे है। कोई प्रिय वस्तु अथवा नवीन वस्त्राभूषण प्राप्त होंगे। सभा-गोष्ठियों में मान-सम्मान बढ़ेगा। धार्मिक आस्थाएं फलीभूत होंगी। कामकाज में आ रहा अवरोध दूर होकर प्रगति का रास्ता मिल जाएगा।

**सिंह :** शिक्षा में आशानुकूल कार्य होने में संदेह है। व्यापार व व्यवसाय में स्थिति उत्तम रहेगी। नौकरी में पदोन्नति की संभावना है। मित्रों से सावधानी रखें तो ज्यादा उत्तम है। शारीरिक सुख के लिए व्यसनों का त्याग करें। पठन-पाठन में स्थिति कमजोर रहेगी। दैनिक सुख-सुविधा में वृद्धि होगी।

**कन्या :** सुख-आनंद कारक समय है। लाभदायक कार्यों की चेष्टाएं प्रबल होंगी। सक्रियता से अल्प लाभ का हर्ष होगा। कुछ महत्वपूर्ण कार्य के लिए भाग-दौड़ रहेगी। सुखद समय की अनुभूतियां प्रबल होंगी। व्ययाधिक्य का अवसर आ सकता है। आपसी प्रेम-भाव में बढ़ोतरी होगी।

**तुला :** शुभ कार्यों का लाभदायक परिणाम होगा। कामकाज की अधिकता रहेगी। लाभ भी होगा और पुराने मित्रों से समागम होगा। व्यवसायिक अभ्युदय भी होगा और प्रसन्नताएं भी बढ़ेंगी। कामकाज की व्यस्तता से सुख-आराम प्रभावित होगा। धर्म-कर्म के प्रति रुचि जागृत होगी।

**वृश्चिक :** समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश सफल होगी। कामकाज में आ रहा अवरोध दूर होकर प्रगति का रास्ता मिल जाएगा। अपने काम में सुविधा मिल जाने से प्रगति होगी।

**धनु :** नवीन जिम्मेदारी बढ़ने के आसार रहेंगे। सुविधाओं में शनै:-शनै: बाधा आएगी। अपने काम को प्राथमिकता से करें। कारोबारी काम में बाधा उभरने से मानसिक अशांति बनी रहेगी। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। यात्रा का दूरगामी परिणाम मिल जाएगा। कामकाज में आ रही बाधा को दूर कर लेंगे।

**मकर :** सुविधा और समन्वय बना रहने से कामकाज में प्रगति बन जाएगी। आर्थिक हित के काम को साधने में मदद मिल जाएगी। यात्रा शुभ रहेगी। अपने काम पर पैनी नजर रखिए। विरोधी नुकसान पहुंचाने की कोशिश करेगा। स्वास्थ्य लाभ में समय और धन व्यय होगा। परिवार में अशांति रहेगी।

**कुंभ :** समय पक्ष का बना रहेगा। कारोबारी काम में प्रगति बनती रहेगी। लेन-देन में आ रही बाधा दूर करने के प्रयास सफल होंगे। परिश्रम प्रयास से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। पर प्रपंच में ना पड़कर अपने काम पर ध्यान दीजिए। कारोबारी काम में नवीन तालमेल और समन्वय बन जाएगा।

**मीन :** यार-दोस्तों के साथ साझे में किए जा रहे काम में लाभ मिल जाएगा। पूर्व नियोजित कार्यक्रम सरलता से संपन्न हो जाएंगे। जोखिम से दूर रहना ही बुद्धिमानी होगी। यश-प्रतिष्ठा में वृद्धि व शिक्षा में परेशानी आ सकती है। स्वास्थ्य का विशेष ध्यान रखें। व्यापार में वृद्धि होगी।

### दिल्ली में एक जनवरी तक पटाखों पर बैन हुआ प्रभावी

**नई दिल्ली।** दिल्ली सरकार ने सोमवार को आदेश जारी करते हुए 1 जनवरी तक पटाखे के उत्पादन, भंडारण और बिक्री पर रोक लगा दी है। दिल्ली सरकार के पर्यावरण मंत्री गोपाल राय द्वारा यह पत्र जारी किया गया है। सोशल मीडिया के माध्यम से भी गोपाल राय ने पत्र को पोस्ट करते हुए लिखा है कि सर्दियों में बढ़ते प्रदूषण को देखते हुए आज से 1 जनवरी तक पटाखों के उत्पादन ,भंडारण, बिक्री व उपयोग पर प्रतिबंध लागू। प्रतिबंध को लेकर दिल्ली सरकार ने जारी किया निर्देश। दिल्ली सरकार के पर्यावरण मंत्री गोपाल राय द्वारा जारी किए गए पत्र के मुताबिक वायु अधिनियम, 1981 की धारा 31 (ए) के तहत दिल्ली के एनसीटी में विनिर्माण, भंडारण, बिक्री और सभी प्रकार के "पटाखों" को फोड़ने पर प्रतिबंध लगाए जा रहा है।

## राहुल गांधी से की चुनाव के दौरान दी गई गारंटियां लागू करने की मांग

**हैदराबाद।** तेलंगाना के आदिलाबाद जिले के एक गांव के लोगों ने कांग्रेस नेता राहुल गांधी को पत्र लिखकर छह गारंटियों को तत्काल लागू करने की मांग की है। आदिलाबाद जिले के इकोडा मंडल के मुखरा के ग्रामीणों ने नेता प्रतिपक्ष को पोस्टकार्ड भेजकर उनसे पिछले वर्ष नवंबर में हुए विधानसभा चुनावों के दौरान दी गई गारंटियों का क्रियान्वयन तुरंत शुरू करने का आग्रह किया। ग्रामीणों ने मुख्यमंत्री ए. रेवंत रेड्डी को पोस्टकार्ड भेजकर छह गारंटियों के क्रियान्वयन में हो रही देरी पर असंतोष जताया है। ग्रामीणों ने लिखा कि कांग्रेस सामाजिक सुरक्षा पेंशन को 2,000 रुपये से बढ़ाकर 4,000 रुपये प्रति माह करने, प्रत्येक महिला को 2,500 रुपये मासिक पेंशन देने, कल्याण लक्ष्मी योजना के लाभार्थियों को एक तोला सोना देने, छात्राओं को स्कूटर देने, किसानों को प्रति एकड़ 15,000 रुपये का निवेश देने और 2 लाख रुपये तक के फसल ऋण माफ करने जैसे वादों को लागू करने में विफल रही है।

# 18 से महाकाल आधा घंटा देर से करेंगे भोजन, गर्म जल से करेंगे स्नान

### प्रतिदिन होने वाली पांच में तीन आरती का समय भी बदलेगा

**एजेंसी। उज्जैन**

विश्व प्रसिद्ध ज्योतिर्लिंग भगवान महाकालेश्वर के मंदिर में आगामी 18 अक्टूबर को कार्तिक कृष्ण पक्ष की प्रतिपदा तिथि से भगवान महाकाल की दिनचर्या बदलेगी। सर्दी के मौसम में अवंतिकानाथ सुबह आधा घंटा देरी से भोजन करेंगे। भस्म आरती में भगवान को गर्म जल से स्नान कराया जाएगा। प्रतिदिन होने वाली पांच में तीन आरती का समय भी बदलेगा। दिनचर्या में बदलाव का यह क्रम फाल्गुन पूर्णिमा तक चलेगा। पं. महेश पुजारी ने रविवार को बताया कि महाकाल मंदिर की पूजन परंपरा में गर्मी व सर्दी के क्रम में प्रत्येक छह माह में भगवान की दिनचर्या बदलती है।

वर्तमान में भगवान की दिनचर्या गर्मी के मौसम अनुसार चल रही है। भगवान ठंडे जल से स्नान कर रहे हैं, लेकिन कार्तिक मास के कृष्ण पक्ष की प्रतिपदा से मंदिर में सर्दी की शुरूआत मानी जाती है। इस दिन से भगवान महाकाल ठंडे के बजाय गर्म जल से स्नान करना प्रारंभ करते हैं। साथ ही आरती का समय भी बदलता है। उन्होंने बताया कि वर्तमान में प्रतिदिन सुबह सात बजे दद्योदक अर्थात बालभोग आरती हो रही है। इस आरती में भगवान को दही-चावल का भोग लगाया जाता है। आगामी 18 अक्टूबर से यह आरती सुबह 7.30 बजे से होगी।

इसी प्रकार वर्तमान में सुबह 10 बजे भोग आरती हो रही है। इसमें भगवान को दाल, चावल, रोटी, सब्जी, मिष्ठान का नैवेद्य लगाया जाता है। यानी भगवान सुबह 10 बजे भोजन कर रहे हैं। वहीं, 18 अक्टूबर से भोग आरती सुबह 10.30 बजे होगी। इसका आशय यह है, सर्दी में भगवान आधा घंटा देरी से भोजन करेंगे। वर्तमान में संध्या आरती शाम सात बजे की जा रही है, लेकिन 18 अक्टूबर से संध्या आरती प्रतिदिन शाम 6.30 बजे से होगी, क्योंकि सर्दियों में सूर्यास्त जल्दी होने लगता है। इसके अलावा, प्रतिदिन तड़के चार बजे होने वाली भस्म आरती तथा रात 10.30 बजे होने वाली शयन आरती अपने इसी निर्धारित समय पर होगी। शाम पांच बने होने वाली संध्या पूजन का समय भी वहीं रहेगा।



# दिल्ली व गुजरात पुलिस ने पांच हजार करोड़ की कोकीन पकड़ी

**एजेंसी। नई दिल्ली**

दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल और गुजरात पुलिस के जॉइंट ऑपरेशन में रविवार को गुजरात के अंकलेश्वर में अवकार ड्रग्स लिमिटेड कंपनी की तलाशी में 518 किलोग्राम कोकीन बरामद की गई। ड्रग्स की अंतरराष्ट्रीय बाजार में कीमत लगभग 5 हजार करोड़ रुपये बताई जा रही है। पिछली बरामदगी मिलाकर अब तक दिल्ली पुलिस ने छापेमारी के दौरान कुल 1,289 किलोग्राम कोकीन और थाईलैंड की 40 किलोग्राम हाइड्रोपोनिक मारिजुआना बरामद की है, जिसकी कुल कीमत लगभग 13 हजार करोड़ रुपये है। इससे पहले दिल्ली में 1 अक्टूबर को दिल्ली पुलिस के स्पेशल सेल ने महिपालपुर में तुषार गोयल नामक व्यक्ति के गोदाम पर छापेमारी करके 562 किलोग्राम कोकीन और 40 किलोग्राम हाइड्रोपोनिक मारिजुआना की खेप को जब्त किया था।

जांच के दौरान 10 अक्टूबर को दिल्ली के रमेश नगर की एक दुकान से लगभग 208 किलो अतिरिक्त कोकीन बरामद हुई। पूछताछ के दौरान पता चला कि बरामद ड्रग्स फार्मा सलूशन सर्विसेज नाम की कंपनी का था और यह मादक पदार्थ गुजरात के अंकलेश्वर की अवकार ड्रग्स लिमिटेड कंपनी से आया था। गुजरात में यह कार्रवाई संयुक्त रूप से दिल्ली की स्पेशल सेल की यूनिट और गुजरात पुलिस की तरफ से की गई।



### 3 निदेशक समेत 5 गिरफ्तार

पांच हजार करोड़ रुपये कीमत की कोकीन जब्ती मामले में पुलिस ने कार्रवाई शुरू कर दी है। पुलिस ने रविवार देर रात कंपनी के 3 निदेशकों समेत कुल 5 लोगों को पकड़ा है। इन सभी को सोमवार सुबह कोर्ट में पेशी के लिए ले जाया गया है। पकड़े गए कंपनी के निदेशकों में अश्विनी रामाणी, ब्रिजेश कोठिया, विजय भेसाणिया तथा दो केमिस्ट्स हैं। कोर्ट में पेशी के बाद आरोपितों को दिल्ली ले जाया जाएगा।

# मिथिलेश ठाकुर के आवास पर ईडी की छापेमारी की चर्चा दिन भर होते रही




**नवीन मेल संवाददाता**

**गढ़वा।** स्थानीय विधायक और प्रदेश के पेयजल एवं स्वच्छता मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर के आवास पर प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की छापेमारी की सूचना मिलने के बाद सोमवार को दिनभर लोगों की भीड़ वहां जमा रही। हालांकि, इस दौरान मंत्री आवास पर मिथिलेश कुमार ठाकुर मौजूद नहीं थे, उनके भाई विनय ठाकुर दिनभर कार्यकर्ताओं से मिलते रहे। आवास में सामान्य दिनों की तरह लोग आते-जाते रहे, लेकिन जब मीडिया कर्मी फोटो लेने के लिए पहुंचे, तो मंत्री आवास के निजी गार्ड संजय ने उन्हें रोक दिया। वहीं, गेट पर लोगों की आवागमन पर रोक-टोक की जा रही थी। मंत्री आवास के बाहर तीन और एक सड़क पर चार इनोवा वाहन खड़ी थी, जिससे लोगों में यह चर्चा थी कि ईडी की टीम पहुंचने वाली है। जब इस बारे में कार्यकर्ताओं से पूछा गया, तो उन्होंने बताया कि ये सभी वाहन मंत्री के परिवार की हैं और हाल ही में यहीं पर रह रही हैं। सूत्रों के अनुसार, ईडी की छापेमारी मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर के कई ठिकानों पर सुबह से जारी थी। गढ़वा प्रखंड के कल्याणपुर स्थित उनके आवास पर भी ईडी टीम के पहुंचने की सूचना थी, लेकिन शाम छह बजे तक वहां किसी प्रकार की हलचल नहीं देखी गई।

### ईडी छापेमारी राजनीति से प्रेरितः झामुमो प्रवक्ता

गढ़वा झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) के केंद्रीय प्रवक्ता धीरज कुमार दुबे ने पेयजल एवं स्वच्छता मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर के आवास पर प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की छापेमारी को राजनीति से प्रेरित बताया है। दुबे ने कहा कि भाजपा को पलामू प्रमंडल की पांच सीटों पर मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर के प्रभाव के कारण हार का अंदेशा है, साथ ही कोल्हान के चाईबासा क्षेत्र में भी उनकी मजबूत पकड़ बनी हुई है। गढ़वा में हुए विकास कार्यों की चर्चा पलामू प्रमंडल की सभी विधानसभा सीटों पर हो रही है, जिससे अन्य क्षेत्रों की जनता अपने विधायकों से सवाल पूछने लगी है। दुबे ने आरोप लगाया कि भाजपा मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर को विगत छह महीने से अपने दल में शामिल होने के लिए दबाव बना रही थी, और जब उन्होंने इंकार किया तो डराने के इरादे से ईडी के जरिए छापेमारी करवाई गई।

# विभागीय पदाधिकारियों की मिलीभगत से हो रही है खाद्यान्न की कटौतीः लाभुक

**नवीन मेल संवाददाता**

**डंडई।** खाद्यान्न कटौती के मामले की शिकायत किए लगभग तीन महीने का समय बीत चुका है, लेकिन अभी तक संबंधित डीलर के खिलाफ किसी भी प्रकार की कार्रवाई नहीं की गई है। इस मामले को लेकर लाभुक इस्लामुद्दीन अंसारी, हसीना बेबी, विजय साहू, मंजूर अंसारी, खुर्शीद आलम, मुख्तार अंसारी इत्यादि लोगों ने आक्रोश व्यक्त किया। लाभुकों ने कहा कि डीलर पारसनाथ प्रसाद द्वारा हम लोगों के खाद्यान्न में प्रत्येक माह 100 ग्राम की कटौती की जा रही है। इस संबंध में उन्होंने एमओ जसवंत नायक के पास लिखित शिकायत की थी। शिकायत के तीन महीने बीत जाने के बावजूद डीलर के खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं हुई है, जिससे लाभुकों में निराशा और आक्रोश है। लाभुकों ने यह भी कहा कि ऐसा लगता है कि विभागीय पदाधिकारियों की मिलीभगत के कारण डीलर द्वारा खाद्यान्न में कटौती की जा रही है। उन्होंने यह भी बताया कि प्रधानमंत्री की महत्वाकांक्षी योजना के तहत अनियमितता की शिकायतों पर भी पदाधिकारियों द्वारा कोई ठोस कदम नहीं उठाए जा रहे हैं। लाभुकों ने जानकारी देते हुए बताया कि शिकायत के बाद बिना देर किए एमओ द्वारा एक सप्ताह के अंदर मामले की जांच की गई थी। जांच करने पहुंचे सीआई राजेंद्र यादव को सभी लाभुकों ने अपनी समस्याओं से अवगत कराया था। उन्हें रारो पंचायत का उदाहरण देते हुए बताया कि वहां के लाभुकों के बीच बिना किसी कटौती के कई वर्षों से खाद्यान्न का वितरण हो रहा है। बावजूद इसके, इस डंडई पंचायत में शिकायत करने के बाद भी डीलर के खिलाफ कार्रवाई नहीं की जा रही है। आक्रोशित लाभुकों ने चेतावनी दी है कि यदि दो-चार दिन के अंदर डीलर के खिलाफ कार्रवाई नहीं की जाती है, तो वे सीधे जिले के उपायुक्त शेखर जमुवार के पास शिकायत करेंगे। गौरतलब है कि प्रति किलो 100 ग्राम खाद्यान्न की कटौती का आरोप लगाते हुए डंडई गांव के डीलर पारसनाथ के खिलाफ कार्रवाई की मांग के लिए लाभुकों ने एमओ जसवंत नायक के पास शिकायत दर्ज कराई थी। इस मामले पर पूछे जाने पर एमओ जसवंत नायक ने कहा कि लाभुकों की शिकायत के आधार पर जांच कराई गई थी, जिसमें स्थानीय जनप्रतिनिधियों ने लिखित रूप से जानकारी दी कि संबंधित डीलर खाद्यान्न की कटौती नहीं कर रहा है, जिसके चलते डीलर को कार्रवाई से बरी कर दिया गया।



# प्रखंड के 31वें बीडीओ बने करमाली

**नवीन मेल संवाददाता**

**डंडई।** प्रखंड के नए बीडीओ देवलाल करमाली ने सोमवार को बतौर 31वें बीडीओ के रूप में योगदान दिया। इससे पहले उन्होंने प्रखंड के प्रभारी बीडीओ जागो महतो से मेराल प्रखंड स्थित उनके कार्यालय कक्ष में पदभार ग्रहण किया। उसके बाद प्रखंड कार्यालय पहुंचे नवनियुक्त बीडीओ ने कर्मियों से परिचय प्राप्त कर प्रखंड कार्यालय का भ्रमण किया। प्रखंड कार्यालय के बाहर बड़ी संख्या में लगी साइकिलों की लाइन देखकर आश्चर्य व्यक्त किया। पूछने पर बीडीओ ने कहा कि सरकार की सभी तरह के जनकल्याणकारी योजनाओं को बिना बिचौलिए के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचना पहली प्राथमिकता होगी। मौके पर सीओ राजकुमार प्रजापति, झारखंड मुक्ति मोर्चा प्रखंड अध्यक्ष राजेश मेहता, 20 सूत्री अध्यक्ष क्यामुद्दीन अंसारी, प्रधान लिपिक वीरेंद्र माझी, बीपीओ रंजन कुमार, नाजीर उमेश कुमार रवि, इत्यादि लोग उपस्थित थे।

# शांतिपूर्ण तरीके से मां दुर्गा का विसर्जन

**धुरकी।** प्रखंड मुख्यालय सहित सभी ग्रामीण क्षेत्रों में नौ दिनों से चल रहे नवरात्र का पर्व और मूर्ति विसर्जन बड़े ही हर्षोल्लास और उत्साह के साथ शांतिपूर्ण तरिके से संपन्न हो गया है। पर्व के संपन्न होने के बाद मूर्ति विसर्जन जुलूस भी शांतिपूर्ण तरिके से निकाला गया और प्रखंड मुख्यालय स्थित राजा तालाब मे मूर्ति का विसर्जन किया गया। धुरकी प्रखंड में विजयादशमी के दिन भी मूर्तियों का विसर्जन किया गया था, वहीं दुसरे दिन शेष मूर्तियों को विभिन्न पूजा क्लब कमेटी के द्वारा कहीं नम आंखों से तो कहीं डीजे की धुन पर सौहार्द के साथ जुलूस निकाला गया। मूर्ति विसर्जन के दौरान निकाले गए जुलूस में अंचल अधिकारी जुल्फिकार अंसारी, थाना प्रभारी उपेंद्र कुमार, दलबल के साथ जुलूस की निगरानी के दौरान अपने ड्यूटी में दिखे। मूर्ति विसर्जन का जुलूस खाला गांव से निकाला गया। प्रखंड मुख्यालय में तीन स्थलों की मुर्तियों को भी निकाला गया और सभी मूर्तियों का जुटान गुलशन चौक पर हुआ। इसके बाद एकसाथ सभी मूर्तियों का जुलूस कर्पूरी चौक होते प्रखंड मुख्यालय के मुख्य द्वार तक पहुंचकर जुलुस का समापन किया। इसके बाद पुनः वापस शिव मंदिर के निकट राजा तालाब में पूजा कमेटी के लोगों ने सभी प्रतिमाओं को बारी-बारी से विसर्जन कर दिया गया। विसर्जन के साथ ही श्रद्धालुओं ने मां के जयकारे और उद्घोष से पूरा माहौल भक्तिमय हो गया। शांतिपूर्ण तरिके से जुलूस के साथ मूर्ति विसर्जन समाप्त होने के बाद थाना प्रभारी ने पूजा कमेटी स्थानीय ग्रामीण और सभी लोगों के प्रति आभार प्रकट किया।

# तालाब में डूबने से युवक की मौत

**विशुनपुरा।** गढ़वा प्रखंड मुख्यालय के श्री विष्णु मंदिर स्थित पोखरा चौक तालाब में नहाने गए एक युवक की डूबने से मौत हो गयी। युवक की पहचान विशुनपुरा निवासी सीताराम चंद्रवंशी के 19 वर्षीय पुत्र रंजन चंद्रवंशी के रूप में हुई है। घटना रविवार 4 बजे शाम की बताई जा रही है। जानकारी के अनुसार चार युवक नहाने के लिये तलब में गये थे। नहाते समय सभी पानी मे अनियंत्रित हो गये। उसके बाद तीन युवक किसी तरह तलाब से बाहर निकल आए। एक युवक पानी मे डूब गया था। इसके बाद युवकों ने इसकी जानकारी स्थानीय लोगों को दिया। घटना की खबर पूरे गांव में आग की तरह फैल गयी। जिसके बाद स्थल पर सैकड़ों लोगोंकी भीड़ लग गयी। युवक की स्थानीय तैराकों द्वारा तलाब में लगभग चार पांच घंटा खोजबीन किया गया, लेकिन सफलता नहीं मिल पायी। इसके बाद ग्रामीणों ने इसकी सूचना विशुनपुरा थाना को दिया। मौके पर पहुंचे थाना प्रभारी राहुल कुमार सिंह ने घटना की जानकारी लिया।

# सड़क दुर्घटना में मृतक के परिजनों से मिले झामुमो नेता

**नवीन मेल संवाददाता**

**छतरपुर।** प्रखंड के रुदवा गांव में सड़क दुर्घटना में मृतक एतवरिया कुंवर, गौतम कुमार के परिजनों से झारखंड मुक्ति मोर्चा के केंद्रीय समिति सदस्य चन्दन प्रकाश सिन्हा, प्रखंड अध्यक्ष रवींद्र राम ने मिलकर सांत्वना दिया। मौके पर चन्दन प्रकाश सिन्हा ने कहा कि परिवार के किसी भी सदस्यों का गुजर जाना बहुत ही दुःखद है। इस दुःख की घड़ी में पूरा झारखंड मुक्ति मोर्चा परिवार उनके साथ है। सरकारी प्रावधान के अनुसार हर संभव सहयोग किया जाएगा। उनके आवास के जर्जर स्थिति को देखते हुए आवास को-ऑर्डिनेटर संतन कुमार को तत्काल आवास स्वीकृत करते हुए कार्य प्रारंभ करने का आदेश दिया। साथ ही उनका नाम अबुआ आवास की सूची में नहीं है तो फिर किन लोगों का नाम सूची में शामिल किया जा रहा है यह भी है जांच का विषय है। सरकार की योजनाओं में किसी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। मौके पर लोगों ने स्वास्थ्य विभाग के प्रति शिकायत करते हुए कहा कि घायलों को ऑक्सीजन आदि संबंधित सुविधा प्रदान नही की जा रही है। जिस पर चन्दन प्रकाश सिन्हा ने प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी राजेश अग्रवाल को फोन आदेश निर्गत करने का निर्देश दिया कि किसी भी हालत में स्वास्थ्य संबंधित शिकायत बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। आवश्यकता अनुसार सभी घायलों को निश्चित रूप से ऑक्सीजन व अन्य सुविधाएं दी जाए। रविंद्र राम ने कहा की मृतक के परिजनों का आर्थिक स्थिति बहुत ही खराब है। प्रशासन को तत्काल सुविधा प्रदान करनी चाहिए, ताकि जीवन यापन में कठिनाई नहीं हो। मौके पर शनि कुमार, उदय कुमार, रंजीत कुमार, नंदू कुमार, उमेश कुमार, शिवनाथ सुरीला, नागेश राम, अरुण कुमार सहित ग्रामीण उपस्थित थे।



### चंदवा से यूपी होते दिल्ली तक बस सेवा शुरू

**चंदवा।** स्थानीय जिला परिषद बस पड़ाव में सोमवार को वातानुकूलित बस सेवा का उदघाटन किया गया। चतरा संसदीय क्षेत्र वासियों को अब उत्तर प्रदेश के कई शहरों समेत दिल्ली तक की सफर वातानुकूलित 2/2 बस के माध्यम से करने को मिलेगी। जिसकी शुरूआत सोमवार दोपहर 11 बजे चंदवा शहर स्थित जिला परिषद बस पड़ाव से की गई। युवा समाजसेवी रवि राज ने फीता काटकर बस सेवा की शुरूआत की।

# कलाकारों को किया गया सम्मानित

**नवीन मेल संवाददाता**

**गिद्धौर (चतरा)।** प्रखंड मुख्यालय के सार्वजनिक नव युवक विकास संघ के कलाकारों को रविवार की देर शाम एक समारोह आयोजित कर सम्मानित किया गया। बताया गया की दुर्गा पूजा महोत्सव में संघ के कलाकारों द्वारा बेहतर नौटंकी का प्रदर्शन किया गया था। जिस पर संघ के सदस्यों ने कलाकारों को सम्मानित करने का निर्णय लिया। और रविवार को गिद्धौ में विजय दांगी की अध्यक्षता में सम्मान समारोह आयोजित की गई। इसके पश्चात कलाकारों को मेडल पहना कर व भगवा गमछा देकर सम्मानित किया गया। समान समारोह के बाद कलाकारों ने वन भोज का भी आनंद उठाया। मौके पर डायरेक्टर जितेंद्र कुमार जीतू, संघ के अध्यक्ष कपिल कुमार,सचिव मनोज कुमार कुशवाहा, मीडिया प्रभारी लक्ष्मण दागी पूर्व मुखिया राजेश कुमार दांगी,शिक्षक पोखन राम, बबलू कुमार साव यदुनंदन पांडेय,सुनील राम,परमेश्वर दांगी,प्रयाग दांगी, कमलेश दांगी,संतोष दास,शंकर साव कार्तिक राणा आकाश कुमार राजेश कुमार विकास कुमार आमिर दागी विनय कुमार नीतीश कुमार मंटू कुमार संदीप कुमार दीपक कुमार गेंदालाल कुमार सहित थे।



### शतचंडी महायज्ञ की शुरूआत होगी

**केतार।** झारखंड के प्रसिद्ध शक्तिपीठ मां चतुभुर्जी भगवती मंदिर परिसर में श्री श्री 108 श्री महंत रामेश्वर दास जी महाराज के तत्वावधान में 13 फरवरी से शतचंडी महायज्ञ की शुरूआत होगी। वहीं 20 फरवरी को 11 अनाथ बेटियों की शादी होगी। 21 फरवरी को यज्ञ की पूणार्हुति होगी। यज्ञ के आयोजन के लिए विजयादशमी के दिन शनिवार को शुभ मुहूर्त में स्थानीय श्रद्धालुओं ने जय माता दी के गगनभेदी उदघोष के साथ महंत श्री रामेश्वर दास जी महाराज के निदेर्शानुसार झंडा गाड़ कर उसका विधिवत पूजन किया। मंदिर परिसर में होने वाले यज्ञ और सामूहिक शादी के सफल आयोजन के लिए राजीव रंजन तिवारी को अध्यक्ष, पंकज कुमार सिंह को सचिव, विक्रांत कुमार सिंह उर्फ सोनू को उपाध्यक्ष, विनोद भगत को कोषाध्यक्ष और राज कुमार पाठक को उप कोषाध्यक्ष बनाया गया है। साथ ही सांसद, विधायक और मंदिर विकास समिति के पदाधिकारी को संरक्षक बनाया गया। जानकारी देते हुए सचिव हेमंत पाठक ने बताया कि महायज्ञ में कथावाचक देवी प्रतिभा की अमृत वाणी प्रत्येक दिन दोपहर तीन बजे से शाम छह बजे तक होगी।

### सम्मानित किए गए पंचायत के गणमाण्य लोग

**कांडी।** पंचायत मुखिया विजय राम के सौजन्य से शनिवार को देवी मंदिर के प्रांगण में नागरिक सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। समारोह के विशिष्ट अतिथि के रूप में पेयजल व स्वच्छता विभाग हुसैनाबाद के एसडीओ राजेश कुमार सिंह उपस्थित थे। सम्मान समारोह में कांडी पंचायत के विभिन्न गांवों से आये गणमान्य लोगों को माला पहनाकर व शॉल देकर मुखिया ने सम्मानित किया। वहीं बीडीसी ममता देवी ने तीन महिलाओं को साड़ी व श्रृंगार का सामान देकर सम्मानित की। उसके साथ ही देवी धाम दुगार्पूजा कमिटि के सभी पदाधिकारियों व सदस्यों को भी माला पहनाकर व अंगवस्त्र देकर मुखिया ने सम्मानित किया।

### उपायुक्त की अध्यक्षता में शिक्षा विभाग की समीक्षात्मक बैठक

# पोशाक, छात्रवृति, मध्याह्न भोजन व अन्य योजनाओं का लाभ देने का निर्देश

**नवीन मेल संवाददाता**

**लातेहार।** उपायुक्त उत्कर्ष गुप्ता की अध्यक्षता में सोमवार को शिक्षा विभाग की समीक्षात्मक बैठक में ई विद्या वाहिनी में उपस्थिति बनाने का शिक्षकों को निर्देश दिया गया। बैठक में समग्र शिक्षा, कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय, पोशाक , छात्रवृत्ति, मध्याह्न भोजन संबंधित समीक्षा कर जिला स्तर पर शिक्षा विभाग द्वारा संचालित विभिन्न कार्यक्रमों की जानकारी ली गई। उपायुक्त ने विद्यालयों में शिक्षकों एवं छात्रों की उपस्थिति के बारे जानकारी लिया। विद्यालय में अध्यनरत छात्रों का भी ई विद्यावाहिनी एप के माध्यम से उपस्थिति दर्ज करने को कहा। पोशाक एवं छात्रवृति योजना से छात्रों को ससमय लाभान्वित करना सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारियों को अपने-अपने क्षेत्र अंतर्गत स्कूलों का निरंतर निरीक्षण कर विद्यालय में विद्यार्थियों की उपस्थिति, शौचालय व पीने का पानी समेत विभिन्न बिंदुओं का निरीक्षण कर सभी आवश्यक सुविधाएं सुनिश्चित करने, 30 अक्टूबर तक एकाउंट आधार ओपनिंग का कार्य पूर्ण करने का निर्देश दिया। शिक्षा व्यवस्था को और अधिक बेहतर करने के लिए पदाधिकारियों को स्कूलों में जाकर नियमित मॉनिटरिंग करने, शिक्षा की गुणवत्ता को अधिक बेहतर करने, शत प्रतिशत बच्चों को ससमय राशन व योग्य बच्चों को ससमय छात्रवृत्ति की राशि डीबीटी के माध्यम से खाता में भेजने का निर्देश दिया। साथ ही स्कूलों में बच्चों का ड्रेस, पानी, शौचालय के साफ-सफाई पर विशेष ध्यान देने का निर्देश दिया। बैठक में शिक्षकों के पदास्थापना, आय-व्यय प्रतिवेदन, आवंटन ,कस्तूरबा विद्यालय में नामांकन ,संबंधित अन्य विषयों पर जानकारी प्राप्त की गई। उपायुक्त ने पोशाक वितरण, मध्यान भोजन, ऑनलाइन बुक डिस्ट्रीब्यूशन से संबंधित महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तारपूर्वक चर्चा की।



# प्रतिमा विसर्जन के साथ दुर्गा पूजा महोत्सव संपन्न

**नवीन मेल संवाददाता**

**विश्रामपुर।** नगर परिषद व आंचलिक क्षेत्र में प्रतिमा विसर्जन के साथ दुर्गा पूजा महोत्सव शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न हो गया। डंडिला खुर्द सहित रेहला क्षेत्र के ज्यादातर पंडालों का प्रतिमा 12 अक्तूबर दसवीं को ही रेहला कोयल नदी में विसर्जित किया गया। वहीं विश्रामपुर नप मुख्यालय में वर्षो से चली आ रही राज परंपरा के अनुसार 13 अक्तूबर एकादसा को प्रतिमा विसर्जित किया गया। दशहरा के दिन कई पूजा कमेटियों ने गणमान्य लोगों को सम्मानित किया। विश्रामपुर गढ़ मोहल्ला सार्वजनिक दुर्गा पूजा कमेटी द्वारा सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। समारोह की अध्यक्षता दुर्गा पूजा महासमिति के अध्यक्ष सह विधायक प्रतिनिधि राजन पांडेय व संचालन युवा समाजसेवी विजय कुमार रवि ने किया। समारोह में भाजपा प्रदेश कार्य समिति सदस्य डॉ. ईश्वर सागर चंद्रवंशी उर्फ मुन्ना चंद्रवंशी, सामाजिक सेवा समिति के अध्यक्ष संजय पांडेय, युवा समाजसेवी प्रेम शंकर दुबे, स्थानीय पत्रकारों व प्रशासनिक पदाधिकारियों को अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया गया।

## पेज एक के शेष

### अब बहनों को प्रतिमाह 2500

नेतरहाट पर्यटन विकास के लिए विशेष पहल : कैबिनेट की बैठक के बाद कैबिनेट सचिव वंदना ददेल ने बताया कि नेतरहाट पर्यटन क्षेत्र के विकास और भूमि अधिग्रहण के लिए 43 करोड़ आठ लाख रुपये की राशि मंजूर की गई। नेतरहाट विद्यालय की तर्ज पर चाईबासा, दुमका के साथ-साथ बोकारो में भी आवासीय स्कूल खोले जायेंगे। गढ़वा में बिलासपुर पश्चिम बीरबल चौक तक 109 करोड़ की पथ परियोजना की स्वीकृति। मनरेगा के साथ अभिसरण से बन रहे आंगनबाड़ी केंद्रों की कुल राशि 11.66 लाख खर्च होगी। कृष्णा राय जल प्रमंडल दुमका की सेवा अविधि का दैनिक वेतन अवधि में जोड़ करके पूरी राशि देने का फैसला। ज्ञानोदय योजना के तहत 50 प्रारंभिक स्कूल में विज्ञान व गणित की प्रयोगशाला स्थापित करने की स्वीकृति। बिहार राज्य निर्माण निगम लिमिटेड के बकाया स्वीकृत करने के लिए 38 करोड़ मंजूर किया गया। अनाथ और दिव्यांग बच्चों को निशुल्क ट्यूशन फीस मिलेगी।

### सीएम हेमंत, मिथिलेश...

लेकिन, इससे भाजपा को कोई नफा नहीं होगा। इधर असम के मुख्यमंत्री व भाजपा के सह चुनाव प्रभारी हिमंता बिस्वा सरमा में मिथिलेश ठाकुर के भाजपा में शामिल होने का दबाव बनाने वाले ब्यान पर कहा कि उनके और भाजपा के बीच जल जीवन मिशन में करोड़ों का घोटाला है। जब तक वह इसमें राफ-साफ नहीं निकलते उनके लिए भाजपा के दरवाजे बंद हैं। वहीं चुनाव के पहले ईडी के राजनीतिक इस्तेमाल के आरोप पर कहा कि उनके खिलाफ पहले से ही घोटाले का मामला चल रहा है। तो क्या चुनाव के कारण इस जांच को बंद कर दिया जाए।

### तीन अमेरिकी शोधकताओं...

साइमन जॉनसन का जन्म 1963 में ब्रिटेने के शेफील्ड में हुआ। उन्होंने मैसाचुसेट्स इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी से पीएचडी की और वहीं प्रोफेसर हैं। जेम्स ए. रॉबिन्सन का जन्म 1960 में हुआ। उन्होंने पीएचडी येल यूनिवर्सिटी, न्यू हेवन, सीटी, यूएसए से की। शिकागो विश्वविद्यालय, आईएल, यूएसए में वे प्रोफेसर हैं। पुरस्कार के तौर पर इन्हें 11 मिलियन स्वीडिश क्रोनर ( करीब 9 करोड़ रुपये) मिलेंगे, जिन्हें पुरस्कार विजेताओं के बीच समान रूप से साझा किया जाएगा। इन वैज्ञानिकों ने बताया कि समावेशी संस्थानों से सभी का दीर्घकालिक लाभ होता है। वहीं इससे उलट निष्कर्षकारी संस्थान सत्ता में बैठे लोगों को केवल अल्पकालिक लाभ देते हैं। इससे होता यह है कि राजनीतिक व्यवस्था जब तक चलती है तब तक चीजें नियंत्रण में रहती है। वहीं लोगों में भविष्य के आर्थिक सुधारों के उनके वादों पर भरोसा नहीं रहेता। जिससे स्थिति में कोई सुधार नहीं होता है। इन्होंने यह भी बताया कि शक्तिशाली लोग सत्ता में बने रहना पसंद करते हैं और इस कारण वे आर्थिक सुधारों का वादा करके जनता को खुश करने की कोशिश करते हैं। लेकिन आबादी को यह विश्वास करने की संभावना नहीं है कि स्थिति सामान्य होते ही वे पुरानी व्यवस्था में वापस नहीं लौटेंगे। अंततः सत्ता हस्तांतरण और लोकतंत्र की स्थापना ही एकमात्र विकल्प बनता है।

# काली मंदिर के सौंदर्यीकरण से श्रद्धालुओं में खुशी, कार्य प्रगति पर



**नवीन मेल संवाददाता**

**मोहम्मदगंज।** स्थानीय रेलवे परिसर के प्राचीन काली मंदिर के सौंदर्यीकरण का कार्य प्रगति पर है। 4 वर्षों के लंबे इंतजार के बाद इस कार्य को कराए जाने से श्रद्धालुओं में काफी खुशी देखने को मिल रही है। श्रद्धालु जगत लाल, रामप्रकाश और रामजन्म राम ने सौंदर्यीकरण कार्य का मुआयना करने के बाद खुशी का इजहार करते हुए इसके लिए डीआरएम और आरवीएनएल के अधिकारियों के प्रति आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि अमृत भारत योजना के तहत इस स्टेशन के नए प्लेटफॉर्म व आधुनिक तकनीक से लैस भवन निर्माण की वजह से मंदिर और शिव चबूतरा प्रभावित हो गया था। मिट्टी की भराई से लोगों को खासकर, बरसात में फिसलन भरे जगह से होकर पूजा-अर्चना करने में काफी परेशानी होती थी। इसे देखते हुए डीआरएम से इन धार्मिक स्थलों के सौंदर्यीकरण की गुहार लगाई गई थी। जिनके निर्देश पर 4 साल बाद इसके कार्य को पूरा किया जा रहा है। इससे इन धार्मिक स्थलों को संरक्षित करने के साथ ही आकर्षक स्वरूप मिल जाएगा। उन्होंने संबंधित अधिकारियों से मंदिर के फर्श पर टाइल्स और इसकी रंगाई के साथ ही रोशनी और पानी का भी समुचित व्यवस्था करने का आग्रह किया है।

### शहीद कुंदन सिंह फुटबॉल टूर्नामेंट का फाइनल मैच संपन्न

# पतराखुर्द ने पथरा को पेनाल्टी शूट में 4-1 से हराया

**नवीन मेल संवाददाता**

**हुसैनाबाद।** कुर्मीपुर पंचायत के चौउआ चट्टान मैदान में आयोजित शहीद कुंदन कुमार सिंह फुटबॉल टूर्नामेंट का फाइनल मैच पथरा और पतराखुर्द फुटबॉल क्लब के बीच खेला गया। रोमांचक मुकाबले में दोनों टीमें निर्धारित समय तक बराबरी पर रहीं, जिसके बाद पेनाल्टी शूट का सहारा लिया गया। पतराखुर्द की टीम ने पथरा को 4-1 से हराकर खिताब अपने नाम किया।

टूर्नामेंट का शुभारंभ हुसैनाबाद के विधायक कमलेश कुमार सिंह ने किया। इस अवसर पर शहीद कुंदन कुमार सिंह के पिता सुरेश सिंह भी मौजूद थे। विधायक कमलेश कुमार सिंह ने कहा कि यह टूर्नामेंट अब तक का सबसे ऐतिहासिक फुटबॉल टूर्नामेंट है और फुटबॉल के खेल को बढ़ावा देने के लिए ऐसे आयोजन होते रहना चाहिए। उन्होंने बताया कि खेल को प्रोत्साहन देने के लिए क्षेत्र में स्टेडियम निर्माण की निविदा प्रक्रिया शुरू हो चुकी है, और अगले साल तक सभी प्रखंड मुख्यालयों में स्टेडियम बनाने का काम पूरा कर लिया जाएगा। भाजपा नेता विनय कुमार सिंह ने विधायक की तारीफ करते हुए कहा कि वे क्षेत्र के युवाओं, किसानों और दलितों के लिए निरंतर काम कर रहे हैं और खेल के क्षेत्र में भी उनका योगदान उल्लेखनीय है। कार्यक्रम के अंत में विधायक ने विजेता और उपविजेता टीमों को ट्रॉफी प्रदान की। इस मौके पर बड़ी संख्या में दर्शकों ने मैच का आनंद लिया।



KASHYAP'S DENTAL CLINIC
Dr. Vaibhav Kashyap
Oral & Dental Surgeon, C.c. Endodontist &
Implantologist Certified Orthodontist, MIDA
" Smiles & More"
छात्र-छात्राओं के लिए 50% की छूट
Facilities
❖ आरसीटी
❖ पायरिया का ईलाज
❖ टेढ़े-मेढ़े दाँतों का ईलाज
❖ स्माईल डिजाइन
❖ इनविजिवल क्लिप
❖ दंत रोपण
❖ फिक्स दाँत लगाना
❖ अत्याधुनिक मशीन और तकनीक के द्वारा ईलाज

CHAMBER
SKYLINE - 4006, 4th Floor, Kadru, Opp. Dr. Lal's Hospital, Ranchi
Contact No. : 9199533383, 7903835453
Time : 9 am to 2 pm & 4 pm to 8 pm
Sunday : 9 am to 2 pm
E-mail : vaibhav.kashyap2011@gmail.com

## आर्थिक विकास में चीन और अमेरिका से आगे निकल जाएगा भारत: यूएसआईएसपीएफ अध्यक्ष

**नई दिल्ली।** अमेरिका-भारत रणनीतिक साझेदारी मंच (यूएसआईएसपीएफ) के अध्यक्ष जॉन चैंबर्स ने सोमवार को दावा किया कि भारत प्रमुख आर्थिक मापदंडों में चीन और संयुक्त राज्य अमेरिका से आगे निकल जाएगा। नई दिल्ली में यूएसआईएसपीएफ द्वारा आयोजित वार्षिक 'भारत नेतृत्व शिखर सम्मेलन 2024' में बोलते हुए, चैंबर्स ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत की आर्थिक प्रगति की तेज गति की तारीफ की। चैंबर्स ने कहा, महत्वपूर्ण क्षण वह था जब राष्ट्रपति बाइडेन और प्रधानमंत्री मोदी ने वाशिंगटन में मुलाकात की और घोषणा की कि यह अब तक की सबसे रणनीतिक साझेदारी है। यूएसआईएसपीएफ अध्यक्ष ने कहा, जीडीपी प्रति व्यक्ति आय वृद्धि के मामले में भारत चीन से लगभग 100 प्रतिशत और अमेरिका से 33 प्रतिशत बड़ा होगा। यहां जीवन स्तर और समग्र विकास दुनिया के किसी भी अन्य देश से आगे निकल जाएगा। चैंबर्स ने जोर देते हुए कहा, 'यह भारत की सदी है।' उन्होंने आगे कहा कि अमेरिका के साथ मिलकर व्यापार, सरकार, शिक्षा जगत के लीडर्स के साथ काम करके भारत वैश्विक विकास के लिए एक मॉडल बन सकता है।



## न्यूयॉर्क जा रहे एयर इंडिया के विमान को बम से उड़ाने की धमकी




**नई दिल्ली।** मुंबई से न्यूयॉर्क जा रहे एयर इंडिया के यात्री विमान को आज बम से उड़ाने की धमकी के बाद हड़कंप मच गया। इस विमान को दिल्ली भेजा गया। विमान को दिल्ली के इंदिरा गांधी अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे (आईजीआई एयरपोर्ट) पर लैंड कराया गया है। अधिकारियों ने बताया कि सभी यात्री सुरक्षित हैं और जांच जारी है। यात्रियों और चालक दल की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए सभी मानक सुरक्षा प्रोटोकॉल का पालन किया जा रहा है। अधिकारियों ने सहयोग का आग्रह करते हुए कहा कि असत्यापित जानकारी फैलाने से बचें।

# कांग्रेस भू-दान से भू-हड़प तक पहुंची

## पूरा नेतृत्व भ्रष्टाचार में लिप्त, गरीब की जमीन हड़पना शगल

## सीएम का नाम आया तो उसने जमीन लौटा दी अब खरगे के बेटे यही कर रहे

एजेंसी

**नई दिल्ली।** भारतीय जनता पार्टी ने कांग्रेस पर जमीन आवंटन से जुड़े मामलों को लेकर निशाना साधा है। हाल ही में कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे के बेटे प्रियांक खरगे के ऐसे ही एक मामले में जमीन वापस किए जाने को लेकर भाजपा ने आज मुद्दा बनाया है। पार्टी का कहना है कि नैतिकता के आधार पर खरगे को इस्तीफा दे देना चाहिए। भाजपा मुख्यालय में आयोजित पत्रकार वार्ता में सांसद एवं पार्टी प्रवक्ता सुधांशु त्रिवेदी ने कहा कि अलग-अलग मामलों में कांग्रेस के मुख्यमंत्रियों, उपमुख्यमंत्रियों, अध्यक्ष और यहां तक कि सोनिया गांधी और राहुल गांधी तक का नाम आ रहा है। इन सभी मामलों में एक चीज समान है और वह है गरीब की जमीन हड़पना। यह वही कांग्रेस है, जो अपने आपको महात्मा गांधी से जोड़ती है, जिनके नेता विनोबा भावे ने भूदान आंदोलन चलाया था। अब कांग्रेस भू-दान से भू-हड़प तक पहुंच गई है। सुधांशु त्रिवेदी ने राहुल गांधी पर निशाना साधते हुए कहा कि मोहब्बत की दुकान चलाते हुए वे गैर-कानूनी संपत्ति की दुकान चला रहे हैं। कहीं भी कांग्रेस की सरकार हो, उसके नेताओं का नाम जमीन से जुड़े भ्रष्टाचार से जुड़ ही जाता है।



कनार्टक में मुख्यमंत्री का नाम आया तो उन्होंने जमीन लौटा दी और अब कांग्रेस अध्यक्ष के बेटे का नाम सामने आया तो उन्होंने जमीन लौटा दी। हालांकि अब जमीन लौटाने भर से काम नहीं चलेगा, इस्तीफा भी देना होगा। सुधांशु त्रिवेदी ने कहा कि कोई चोर पकड़ा जाए और वह चोरी का सामान लौटा दे तो क्या उस पर से चोरी का आरोप हट जाएगा, उसे कोई सजा नहीं होगी। उल्लेखनीय है कि मल्लिकार्जुन खड़गे के बेटे प्रियांक खरगे ने कर्नाटक औद्योगिक क्षेत्र विकास बोर्ड की 5 एकड़ जमीन लौटा दी है। इससे पहले एक अन्य मामले में भी कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्धारमैया की पत्नी ने जमीन लौटाई थी।

## कनाडा में भारतीय उच्चायुक्त व राजनयिकों को जांच के दायरे में लाने पर भारत हुआ सख्त

एजेंसी

**नई दिल्ली।** भारत ने कनाडा में भारतीय उच्चायुक्त संजय वर्मा और अन्य राजनयिकों को एक मामले में जांच से जोड़े जाने पर बेहद कड़ा रूख अपनाया है।



इसके लिए सीधे तौर पर कनाडा के प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो पर जिम्मेदार ठहराते हुए भारत ने चेतावनी दी है कि उसके पास इस मामले में आगे कदम उठाने के पूरे अधिकार हैं। कनाडा ने राजनयिक माध्यम से भारत को कल जानकारी दी थी कि भारतीय उच्चायुक्त और अन्य राजनयिक उनके देश में एक जांच से संबंधित मामले में रुचि के व्यक्ति हैं। इस पर सोमवार को करारा जवाब देते हुए विदेश मंत्रालय ने विज्ञप्ति जारी की है। उल्लेखनीय है कि कनाडा के प्रधानमंत्री लगातार भारत पर उसके नागरिक खालिस्तानी आतंकी हरदीप सिंह निज्जर की हत्या के मामले पर आरोप लगा रहे हैं। विदेश मंत्रालय का कहना है कि भारत की ओर से कई अनुरोधों के बावजूद, कनाडाई सरकार ने भारत सरकार के साथ एक भी सबूत साझा नहीं किया है। मंत्रालय का कहना है कि प्रधानमंत्री ट्रूडो की भारत के प्रति शत्रुता लंबे समय से साक्ष्य में है। उनकी हरकतों से पता चलता है कि यह उनकी जांच के बहाने राजनीतिक लाभ के लिए भारत पर कीचड़ उछालने की एक सोची-समझी रणनीति है।

## भारत ने पाकिस्तान को चीन से हथियार सहायता मिलने पर जताई गहरी चिंता

एजेंसी

**नई दिल्ली।** नौसेना प्रमुख एडमिरल दिनेश के. त्रिपाठी ने पाकिस्तान को चीन से उपकरण और हथियार सहायता मिलने पर चिंता जताई है। उन्होंने कहा कि क्षेत्र में समुद्री सुरक्षा और हमारे राष्ट्रीय समुद्री हितों से समझौता न होने पाए, इसके लिए हमने एक रणनीति बनाई है। पड़ोसी चीन की बढ़ती नौसेना के बारे में उन्होंने कहा कि यह संख्या बल के मामले में सबसे बड़ी नौसेना बन गई है। हिन्द महासागर में बढ़ती गतिविधियों के मद्देनजर हम चीनी नौसेना पर भी नजर रख रहे हैं। नौसेना प्रमुख एडमिरल त्रिपाठी ने सोमवार को चेन्नई से करीब 40 किलोमीटर दूर लार्सन एंड टुब्रो (एलएंडटी) के कट्टुपल्ली शिपयार्ड में बहुउद्देशीय सपोर्ट शिप 'समर्थक' को लॉन्च किया। यह पहला ऐसा जहाज है, जिसे रक्षा और सुरक्षा की जरूरतों को पूरा करने के लिए डिजाइन किया गया है। यह युद्ध और निगरानी में ड्रोन तकनीक के बढ़ते इस्तेमाल के लिए एक समाधान है। उन्होंने कहा कि आज हमारे लिए एक महत्वपूर्ण दिन है, क्योंकि इन बहुउद्देशीय जहाजों से नौसेना के शस्त्रागार की क्षमता बढ़ेगी। ये जहाज लगभग 3,600 टन के हैं और इनका इस्तेमाल कई गतिविधियों के लिए किया जाएगा, जिसमें स्वदेशी हथियारों, सेंसर और उपकरणों का परीक्षण शामिल होगा।



# बांग्लादेश में देवी काली के मुकुट की चोरी में मंदिर के मुख्य पुजारी और कर्मचारी पर शक

एजेंसी

**ढाका।** बांग्लादेश में देवी काली के सोने का मुकुट चोरी होने के मामले में मुख्य पुजारी और मंदिर के कर्मचारी शक के घेरे में हैं। बांग्लादेश की अंतरिम सरकार ने दावा किया कि मामले की जांच जारी है और अब तक 4 लोगों को गिरफ्तार किया गया है। बांग्लादेश के विदेश मंत्रालय ने सोमवार दोपहर एक बयान में कहा, 10 अक्टूबर 2024 को दक्षिणी बांग्लादेश के सतखीरा जिले में जेशोरेश्वरी काली मंदिर में एक स्वर्ण मुकुट की चोरी के मामले में यह सामने आया कि मुख्य पुजारी ने दोपहर 2.30 बजे तक अपने नियमित पूजा अनुष्ठान किए थे, उस वक्त तक मुकुट मंदिर के अंदर बरकरार था। यह पता लगाने के लिए जांच चल रही है कि पुजारी और मंदिर के कर्मचारियों ने इतनी कीमती संपत्ति को बिना सुरक्षा के क्यों छोड़ दिया।

चोरी के मामले में चार व्यक्तियों को पहले ही गिरफ्तार किया जा चुका है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 27 फरवरी, 2021 को मंदिर की अपनी यात्रा के दौरान मुकुट उपहार के रूप में दिया था। शनिवार को भारत ने मुकुट की चोरी पर गंभीर चिंता व्यक्त की। नई दिल्ली ने ढाका में अंतरिम सरकार से हिंदुओं और सभी अल्पसंख्यकों और उनके पूजा स्थलों की सुरक्षा सुनिश्चित करने की अपील की।


प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 27 फरवरी, 2021 को मंदिर की अपनी यात्रा के दौरान मुकुट उपहार के रूप में दिया था।

# एजुकेशन/करियर

बीए सांख्यिकी एक तीन साल का ग्रेजुएशन प्रोग्राम है जो कैटेगरीकल और न्यूमेरिकल डाटा एकत्र करने, ऑर्गेनाइजेशन, एनालिसिस, इंटरप्रिटेशन और प्रेजेंटेशन के अध्ययन पर केंद्रित है। दूसरे शब्दों में, बीए सांख्यिकी अप्लाइड मैथमेटिक्स का एक डिसिप्लिन है जिसका उपयोग रिसर्च, सर्वे डाटा और बिजनेस डाटा से उपयोगी जानकारी निकालने के लिए किया जाता है।

# बीए सांख्यिकी कर बना सकते हैं करियर

## बीए सांख्यिकी के लिए स्किल्स

- मैथमेटिकल स्टैटिसटिक्स की अच्छी समझ
- डिडक्टिव रीजनिंग
- सांख्यिकीय मॉडल की अच्छी समझ होनी चाहिए।
- जल्दी सोचने में सक्षम होना चाहिए।
- एक साधारण चर्चा करने में सक्षम हों।


**करियर स्कोप :** बीए सांख्यिकी कोर्स पूरा करने के बाद, आवेदक उच्च शिक्षा प्राप्त कर सकते हैं या बीए सांख्यिकी ग्रेजुएट्स के लिए उपलब्ध नौकरी के अवसरों के लिए आवेदन कर सकते हैं। फाइनेंस, डाटा सर्व एजेंसी, कॉमर्स सेंटर, इकोनॉमिक्स, इंश्योरेंस कंपनी, कंसलटिंग फरम, इंडियन सिविल सर्विसेज, बैंक, कॉमर्स सेंटर और प्लानिंग कमिशन कुछ ऐसे क्षेत्र हैं जहां छात्र अपने भविष्य की कल्पना कर सकते हैं।

## बीए सांख्यिकी का सिलेबस

- स्टैटिसटिकल मैथर्ड
- डिजाइन ऑफ एक्सपेरिमेंट
- इंट्रोडक्शन टू लिनियर अलजेब्रा
- ऑपरेशन रिसर्च
- प्रोबेबिलिटी थ्योरी
- पैरामेट्रिक एंड नॉन्पैरामेट्रिक टेस्ट
- डिफरेंशियल इक्वेशन
- स्टैटिसटिकल कंट्रोल
- कैलकुलेशन
- अप्लाइड स्टैटिसटिक्स
- कंप्यूटर प्रैक्टिकल
- डाटा एनालिसिस
- प्राइमरी इंटरफ़ेस
- लिनियर मॉडल
- सैंपल सर्वे

## बीए सांख्यिकी को क्यों चुनें

बीए सांख्यिकी डिग्री वाले लोगों के पास काम के बहुत सारे विकल्प होते हैं क्योंकि हर जगह डेटा होने पर स्टैटिसटिशियन की आवश्यकता होती है, और प्रैक्टिकल रूप से हर कंपनी को अच्छी तरह से तैयार और ऑर्डर किए गए डेटा की आवश्यकता होती है। सांख्यिकी गणित की एक शाखा है जो श्रेणीबद्ध और संख्यात्मक डेटा वाले विषयों का अध्ययन करती है। यदि आप संख्याओं का आनंद लेते हैं और रिसर्च करते हैं, तो यह कोर्स आपके लिए है। सांख्यिकी का पेशा आज के परिवेश में आकर्षक और विकास की संभावनाओं से भरा हो सकता है। अपने उद्देश्यों को स्थापित करने, एक योजना बनाने, या एक सर्विस डिजाइन करने के लिए, अधिकांश बिजनेस और सरकारें डेटा या आंकड़ों पर भरोसा करती हैं। सांख्यिकी का उपयोग विभिन्न क्षेत्रों में किया जाता है, जिसमें मेडिकल, मार्केटिंग, स्वास्थ्य, जीव विज्ञान, खेल, बैंकिंग आदि शामिल हैं।



## भारत में टॉप कॉलेज

- इंडियन स्टैटिसटिकल इंस्टिट्यूट, न्यू दिल्ली
- इंडियन स्टैटिसटिकल इंस्टिट्यूट, बेंगलुरु
- इंडियन स्टैटिसटिकल इंस्टिट्यूट, कोलकाता
- जेवियर्स कॉलेज, अहमदाबाद
- दिल्ली यूनिवर्सिटी, न्यू दिल्ली
- **देवी अहिल्या विश्वविद्यालय:** स्कूल ऑफ स्टेटिस्टिक्स, इंदौर
- **अलीगढ़ मुस्लिम यूनिवर्सिटी:** डिपार्टमेंट ऑफ स्टेटिस्टिक्स एंड ऑपरेशन रिसर्च, अलीगढ़
- हिंदू कॉलेज
- सेंट स्टीफंस कॉलेज
- मिरांडा हाउस
- लेडी श्रीराम कॉलेज फॉर विमेन
- मद्रास क्रिश्चियन कॉलेज
- हंसराज कॉलेज
- लोयोला कॉलेज
- क्राइस्ट यूनिवर्सिटी
- गार्गी कॉलेज
- रामजस कॉलेज
- बीएलडीईए आर्ट्स एंड कॉमर्स कॉलेज फॉर विमेन, बीजापुर
- सीयू शाह आर्ट्स कॉलेज, अहमदाबाद
- आईआईएस यूनिवर्सिटी - इंटरनेशनल कॉलेज फॉर गर्ल्स - आईसीजी, जयपुर
- पंजाबी यूनिवर्सिटी पटियाला



## विदेश में आवेदन प्रक्रिया

- आपकी आवेदन प्रक्रिया का फर्स्ट स्टेप सही कोर्स और यूनिवर्सिटी का चुनाव है।
- कोर्स और यूनिवर्सिटी के चुनाव के बाद उस कोर्स के लिए उस यूनिवर्सिटी की पात्रता मानदंड के बारे में रिसर्च करें।
- आवश्यक टेस्ट स्कोर और दस्तावेज एकत्र करें।
- यूनिवर्सिटी की साइट पर जाकर एप्लीकेशन फॉर्म भरें या फिर आप लेवरेज ईडीयू एक्सपर्ट्स की भी सहायता ले सकते हैं।
- ऑफर की प्रतीक्षा करें और सिलेक्ट होने पर इंटरव्यू की तैयारी करें।
- इंटरव्यू राउंड क्लियर होने के बाद आवश्यक ट्यूशन शुल्क का भुगतान करें और स्कॉलरशिप, छात्रवीजा, एजुकेशन लोन और छात्रावास के लिए आवेदन करें।

## भारतीय विश्वविद्यालयों में आवेदन प्रक्रिया

- सबसे पहले अपनी चुनी हुई यूनिवर्सिटी की ऑफिशियल वेबसाइट में जाकर रजिस्ट्रेशन करें।
- यूनिवर्सिटी की वेबसाइट में रजिस्ट्रेशन के बाद आपको एक यूजर नेम और पासवर्ड प्राप्त होगा।
- फिर वेबसाइट में साइन इन के बाद अपने चुने हुए कोर्स का चयन करें जिसे आप करना चाहते हैं।
- अब शैक्षिक योग्यता, वर्ग आदि के साथ आवेदन फॉर्म भरें।
- इसके बाद आवेदन फॉर्म जमा करें और आवश्यक आवेदन शुल्क का भुगतान करें।
- यदि एडमिशन, प्रवेश परीक्षा पर आधारित है तो पहले प्रवेश परीक्षा के लिए रजिस्ट्रेशन करें और फिर रिजल्ट के बाद काउंसलिंग की प्रतीक्षा करें। प्रवेश परीक्षा के अंको के आधार पर आपका चयन किया जाएगा और लिस्ट जारी की जाएगी